YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-207 | रविवार, 31 अगस्त 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



11 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण छह गुना बढ़कर करीब 11.5 लाख करोड़ रुपये का उद्योग बन चुका है। करीब 3.5 लाख करोड़ रुपये का निर्यात भारत से होने लगा है। यह अपने-आप में बुहत बड़ी उपलब्धि है, 'मेक इन इंडिया' के प्रधानमंत्री के संकल्प का बुहत ही अच्छा उदाहरण है। अश्विनी वैष्णव

समितियाँ सरकार के साथ मिलकर कार्य करें तो शासन में पारदर्शिता बढ़ेगी : बिरला 11

उत्तरकाशी में भारी बारिश से यमुनोत्री हाईवे बंद 12

## संक्षेप

### संसद में लगेंगे पुरी रथ यात्रा के तीन पहिए

**भुवनेश्वर।** अब संसद भवन भी जगन्नाथ महाप्रभु की महिमा से जुड़ने जा रहा है। महाप्रभु के तीन रथों में से एक रथ के पवित्र लकड़ी का चक्र संसद भवन में स्थापित किया जाएगा। श्रीमंदिर प्रशासन के इस प्रस्ताव को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने मंजूरी दे दी है। श्रीमंदिर के मुख्य प्रशासक डॉ. अरविंद पाढ़ी ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए गहरी कृतज्ञता प्रकट की है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया मंच एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि यह कदम देश की आस्था और संस्कृति को संसद से जोड़ने वाला है। यहां उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला स्वयं पुरी पहुंचे और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच श्रीजगन्नाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किए। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद थे। मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। श्रीजगन्नाथ मंदिर में प्रवेश से पूर्व ओम बिड़ला ने अरुण स्तंभ और पतित पावन का दर्शन किया। इसके बाद सात पहाच (सात सीढ़ी) पार कर रत्नसिंहासन पर विराजमान चतुर्धा विग्रहों—श्रीजगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा और सुदर्शन का दर्शन किए। उन्होंने मंदिर परिसर की परिक्रमा कर मां मंगला, मां विमला और मां महालक्ष्मी का भी आशीर्वाद लिया। दर्शन के उपरांत उन्होंने महाप्रसाद ग्रहण किया और कहा कि श्रीजगन्नाथजी के चरणों में उन्होंने पूरे देश और विश्व की सुख-शांति और समृद्धि की प्रार्थना की है। इस अवसर पर पुरी सांसद संबित पात्रा, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिग, पंचायती राज मंत्री रवि नारायण नायक और राज्यसभा सांसद शुभाशीष खुन्टिया भी उनके साथ मौजूद थे। संसद भवन में जगन्नाथ रथ का चक्र स्थापित होना न केवल ओडिशा, बल्कि पूरे देश के लिए गौरव की बात मानी जा रही है।

### डीजीपी ने दिए निर्देश, साइबर विशेषज्ञ देंगे ट्रेनिंग

**लखनऊ।** साइबर क्राइम से पीड़ित नागरिकों को त्वरित मदद दिलाने के लिए हर थाने में बनी साइबर क्राइम डेस्क में प्रशिक्षित पुलिसकर्मी ही तैनात किए जाएंगे। इन पुलिसकर्मियों को साइबर विशेषज्ञों से ट्रेनिंग दिलाई जा रही है। डीजीपी ने इस सम्बन्ध में सभी कप्तानों व आईजी रेंज को निर्देश दिए है कि थानों पर तैनात साइबर क्राइम हेल्प डेस्क पर प्रशिक्षित पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाए। डीजीपी ने कुछ समय पहले साइबर क्राइम की रोकथाम और पीड़ितों की मदद के लिए लखनऊ में हेल्पलाइन नम्बर-1930 का नया कार्यालय भी खोला था। इसमें 50 लाइनें बढ़ाई गई। हर जिले में साइबर थाना भी खोले गए है।
इसके अलावा हर थाने में साइबर क्राइम हेल्प डेस्क भी खोली गई है। इस डेस्क पर अभी थाना प्रभारी अपने स्तर से ही दो पुलिसकर्मियों की तैनात कर देते थे। कई बार शिकायत मिली कि इन डेस्क पर तैनात पुलिसकर्मियों को साइबर क्राइम के बारे में ज्यादा जानकारी ही नहीं है।

# नोबेल के लिए नॉमिनेट नहीं किया इसलिए भारत पर टैरिफ

## न्यूयॉर्क टाइम्स का दावा, ट्रम्प बोले- पाकिस्तान ने किया, भारत भी करे, इससे मोदी नाराज

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिका और भारत के बीच संबंधों में खटास आ गई है। टैरिफ तो एक वजह है ही साथ ही, दूसरी वजह ट्रंप का बार-बार भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर करवाने का दावा करना भी माना जा रहा। 17 जून को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच फोन कॉल हुई थी, जिसमें ट्रंप चाहते थे कि मोदी उन्हें नोबेल पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करें। इस पर पीएम मोदी भड़क गए थे। दोनों नेताओं के बीच 35 मिनट तक फोन पर बात हुई थी।





अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने खुलासा किया है कि 17 जून को ट्रंप ने मोदी से फोन कॉल पर फिर भारत-पाकिस्तान सीजफायर का मुद्दा उठाया और कहा कि उन्हें सैन्य तनाव खत्म करवाने पर कितना गर्व है। उन्होंने पीएम मोदी से कहा कि पाकिस्तान उन्हें (ट्रंप) नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट करने वाला है। इसका मतलब यह था कि पीएम मोदी भी ट्रंप को नॉमिनेट करें। भारतीय नेता (पीएम मोदी) भड़क गए और दो टूक कहा कि भारत-पाक सीजफायर में ट्रंप का कोई लेना-देना नहीं है। यह भारत-पाक के बीच ही तय हुआ था। पीएम मोदी की टिप्पणियों को ट्रंप ने नजरअंदाज कर दिया, लेकिन सीजफायर पर असहमति और मोदी द्वारा नोबेल पुरस्कार पर बात करने से इनकार करने की वजह से दोनों नेताओं के बीच संबंध में खटास आ गई। जून में हुई इस फोन कॉल के कुछ समय बाद ट्रंप ने भारत पर 25 फीसदी एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का फैसला किया। उन्होंने हवाला दिया कि भारत रूस से लगातार तेल आयात कर रहा है, जिसकी वजह से अतिरिक्त शुल्क लगाया जा रहा। भारत पर अमेरिका द्वारा कुल 50 फीसदी टैरिफ वसूला जा रहा है।

राष्ट्रपति ट्रंप से परिचित लोगों के अनुसार, अब ट्रंप के शरद ऋतु में भारत आने की कोई योजना नहीं है, जबकि पहले उन्होंने पीएम मोदी को बताया था कि वे इस साल के आखिरी में क्वाड शिखर सम्मेलन में भारत आएंगे। 17 जून को हुई बातचीत के बाद से अब तक दोनों नेताओं में कोई भी वार्ता नहीं हुई है, जिससे दोनों के बीच खराब होते संबंधों का पता चलता है।

एनवाईटी ने अमेरिका और भारत में एक दर्जन से भी अधिक लोगों के साथ बातचीत के आधार पर रिपोर्ट तैयार की है। ज्यादातर ने नाम न प्रकाशित करने की शर्त रखी थी। उल्लेखनीय है कि ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान पीएम मोदी और उनके बीच काफी अच्छे रिश्ते थे। पीएम मोदी के अमेरिका में भव्य कार्यक्रम हुए थे, जबकि ट्रंप जब 2020 में भारत आए तब गुजरात में नमस्ते ट्रंप आयोजित किया गया था, लेकिन दूसरे कार्यकाल में अब दोनों नेताओं के बीच रिश्ते खराब हो गए हैं। अखबार लिखता है कि भारत में बहुत कम लोगों को उम्मीद थी कि मोदी ऐसी स्थिति में आ जाएंगे। उन्होंने लगातार तीसरी बार चुनाव जीतते समय यह वादा किया था कि ● शेष पेज 11 पर

### अदालत ने कहा राष्ट्रपति ने किया अधिकारों का उल्लंघन

वाशिंगटन। अमेरिका के आर्थिक आपातकाल संबंधी कूननी प्रावधानों का इस्तेमाल कर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शासकीय आदेशों से तमाम देशों के माल पर लगाये गये तरह-तरह के आयात शुल्क को अमेरिका की एक संघीय अपीलीय अदालत ने अधिकारों का उल्लंघन करार देते हुए शुक्रवार को उन्हें गैरकानूनी करार दिया। श्री ट्रम्प ने अधिकतर शुल्क अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक अधिकार अधिनिमय के अंतर्गत लगाये थे। विभाजित निर्णय में न्यायालय के सात न्यायाधीशों ने राष्ट्रपति आदेशों के विरुद्ध और चार ने पक्ष में निर्णय दिया। न्यायालय ने इस्पात और एल्युमीनियम पर लगे शुल्कों को छोड़ कर श्री ट्रम्प द्वारा लगाये गये अन्य शुल्कों के बारे में कहा कि देश में कोई ऐसी आपदा नहीं है कि इन शुल्कों को उचित करार दिया जाये, जिनसे अरबों डॉलर का आयात प्रभावित हो रहा है। अदालत ने आयात शुल्क को 'कानून के विपरीत होने के कारण अमान्य' घोषित किया है। अदालत ने हालांकि आयात शुल्क को अस्थायी रूप से लागू रहने दिया, जिससे प्रशासन को इस फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने का समय मिल गया है। कैलीफोर्निया ● शेष पेज 11 पर

# सात साल बाद चीन पहुंचे पीएम मोदी



एजेंसी

नयी दिल्ली/बीजिंग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सात साल से ज्यादा के अंतराल के बाद शनिवार को चीन पहुंचे। इस यात्रा पर पूरी दुनिया की नजर है। दुनिया बेहद उत्सुकता से पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात का इंतजार कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों की वजह से भारत-अमेरिका संबंधों में अचानक आई गिरावट को देखते हुए यह यात्रा और भी महत्वपूर्ण हो गई है। आयात शुल्क को लेकर अमेरिका के साथ चल रही तनातनी के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जापान के बाद चीन यात्रा और वहां राष्ट्रपति शी जिनपिंग तथा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है और इन तीन बड़े देशों के शीर्ष नेताओं की इस मुलाकात पर दुनिया भर की नजरें टिकी हुई हैं। श्री मोदी की चीन के शहर तियांजिन में शी जिनपिंग के साथ रविवार को और श्री पुतिन के साथ सोमवार को मुलाकात होगी। प्रधानमंत्री इसके अलावा कई अन्य वैश्विक नेताओं के साथ भी बैठक करेंगे। श्री मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की 25 वीं बैठक में हिस्सा लेने के लिए आज शाम तियांजिन पहुंच गये।

❒ मोदी की जिनपिंग और पुतिन से मुलाकात पर दुनिया की नजर

पिछले सात साल से भी अधिक समय के बाद चीन यात्रा पर जा रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रपति शी जिनपिंग से पिछले एक वर्ष के अंदर यह दूसरी मुलाकात होगी और दोनों देशों को उम्मीद है कि वे पांच साल पहले गलवान घाटी में उनके सैनिकों के बीच हिंसक झड़प से पैदा हुई कड़वाहट को दूर करने और व्यापार सहित सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की दिशा में भी आगे बढ़ेंगे। अमेरिका द्वारा भारत समेत विभिन्न देशों पर लगाये जा रहे भारी भरकम आयात शुल्क के कारण दुनिया भर में व्यापारिक मोर्चे पर मची उथल-पुथल के बीच प्रधानमंत्री की इन बैठकों को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। श्री मोदी और श्री जिनपिंग की बातचीत से सीमा पर शांति तथा सौहार्द बनाये रखने के लिए महत्वपूर्ण लंबित मुद्दों के समाधान की दिशा में भी प्रगति होने की उम्मीद है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय साझेदारी को समय-समय पर प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और निरंतर बदल रही भू राजनीतिक तथा सामाजिक परिस्थितियों में ● शेष पेज 11 पर

## अमेरिका की ओर से भारी आयात शुल्क के बावजूद तेज विकास जारी रखेगा भारत: सान्याल

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने शनिवार को कहा कि अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क और अन्य वैश्विक कारकों से देश की अर्थव्यवस्था के लिए कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन कारोबार की आसानी को बढ़ावा देने वाले आर्थिक सुधारों से भविष्य में भी भारत तेजी से विकास करता रहेगा।

श्री सान्याल ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर उम्मीद से बेहतर रहने पर यूनीवार्ता से बात करते हुये कहा, ''2025-26 की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत जीडीपी विकास अनुमान से पता चलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में मजबूत गति बनाये रखेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी आयात शुल्क और वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल से निश्चित



रूप से भविष्य में भारत कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, कम मुद्रास्फीति, व्यापार संतुलन में मजबूत स्थिति और वित्तीय प्रणाली में पर्याप्त पूंजी के साथ नीति-निर्माताओं के पास नीतियों में उचित मिश्रण का समावेश कर किसी भी बाहरी झटके से निपटने के लिए पर्याप्त गुंजाइश है। उन्होंने कहा, ''हमें भविष्य में विकास बनाये रखने के लिए कारोबार को आसान बनाने वाले आर्थिक सुधारों पर जोर देना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि हम विचलित न हों।' राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वार 29 अगस्त को जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में देश की जीडीपी विकास दर बढ़कर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गयी। वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में यह 6.5 प्रतिशत रही थी। इसमें कृषि और सेवा क्षेत्र का योगदान महत्वपूर्ण रहा। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में जिन क्षेत्रों में बड़ी वृद्धि दर्ज की गयी उनमें कृषि, पशुपालन, वानिकी एवं मत्स्य पालन की विकास दर 3.7 प्रतिशत रही जबकि एक साल पहले यह 1.5 प्रतिशत रही थी। वित्त, रियल एस्टेट एवं पेशेवर सेवाओं की विकास दर 6.6 प्रतिशत से बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गयी। व्यापार, होटल, परिवहन, संचार एवं प्रसारण से संबंधित सेवाओं की वृद्धि दर एक साल पहले की 5.4 प्रतिशत मुकाबले 8.6 प्रतिशत रही। इसके अलावा, पहली तिमाही में विनिर्माण ● शेष पेज 11 पर

## लखनऊ में ऑक्सीटोसिन इंजेक्शन का जखीरा बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ ऑक्सीटोसीन इंजेक्शन सहित भारी मात्रा में रॉ मैटेरियल बरामद

❒ एसटीएफ ने चार अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया

लखनऊ। लखनऊ में स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और खाद्य एवं औषधि प्रसाधन विभाग ने अवैध दवा तस्करी के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। संयुक्त कार्रवाई में बिहार से लाए जा रहे दो करोड़ रुपये कीमत के ऑक्सीटोसीन इंजेक्शन सहित भारी मात्रा में रॉ मैटेरियल बरामद किया है। इस मामले में चार अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

यूपी एसटीएफ को विगत कुछ दिनों से विगत कुछ दिनों से बिहार राज्य से अवैध रूप में आक्सीटोसीन इन्जेक्शन की तस्करी करने वाले शातिर तस्करों के सक्रिय होने की सूचनाएँ प्राप्त हो रही थी। जिसके बाद एसटीएफ ने तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर जाल बिछाना शुरू कर दिया। साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक लाल प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी। इस दौरान एक दिन पूर्व एसटीएफ को सूचना मिली कि कुछ लोग गिरोह बनाकर भारी मात्रा में अवैध आक्सीटोसीन इन्जेक्शनों को तस्करी के माध्यम से मंगाकर उसमें मिलावट करके लखनऊ एवं आस-पास के जनपदों में इसकी अवैध रूप से सप्लाई करते है। जो जानवरों सहित जन मानस के लिए भी बहुत ही घातक है। वही गिरोह द्वारा बुद्धेश्वर चौराहे से मोहान रोड होते हुये सदरौना रोड की तरफ जाने पर सरकारी विद्यालय के बगल से जाने वाले रोड पर एक मकान में भारी मात्रा में अवैध आक्सीटोसीन बनाई जा रही है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा स्थानीय पुलिस व औषधि विभाग से सम्पर्क कर वहां से चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में इरफान पुत्र रज्जा, निवासी सी-312 ● शेष पेज 11 पर

## बेल्जियम की अदालत ने चोकसी की जमानत अर्जी खारिज की

नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में 6300 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी मामले में भारत में वांछित भगोड़े हीरा व्यापारी मेहुल चोकसी की जमानत याचिका बेल्जियम की एक अपीलीय अदालत ने फिर खारिज कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि यह याचिका अदालत में उसके प्रत्यर्पण पर सुनवाई से ठीक पहले खारिज की गई है। अधिकारियों के अनुसार, अदालत ने सीबीआई की ओर से बेल्जियम में अभियोजन पक्ष को दिए गए ठोस कारणों के आधार पर अपील को खारिज कर दिया। चोकसी कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए पहले भी कई न्यायालयों में अपील दायर कर चुका है। सीबीआई की ओर से अदालत को बताया गया कि यदि उसे जमानत पर रिहा किया गया तो वह किसी अन्य देश भाग सकता है। सीबीआई ने बताया कि उनकी ओर से भेजे गए प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर चोकसी को अप्रैल में बेल्जियम में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि बेल्जियम की कोर्ट ऑफ कैसेशन द्वारा उनकी पूर्व जमानत ● शेष पेज 11 पर

## रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता अस्तित्व और प्रगति के लिए जरूरी: राजनाथ

एजेंसी



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आतंकवाद, महामारी और क्षेत्रीय संघर्षों के इस दौर में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता केवल एक विकल्प नहीं बल्कि अस्तित्व, सुरक्षा, संप्रभुता और प्रगति का रोडमैप है।

उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत न केवल अपनी ज़रूरतें पूरी करेगा बल्कि दुनिया का एक विश्वसनीय साझेदार भी बनेगा। यह विज़न भारत को 21वीं सदी में एक निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित करेगा। श्री सिंह ने शुक्रवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि आत्मनिर्भरता संरक्षणवाद का नहीं बल्कि संप्रभुता और राष्ट्रीय स्वायत्तता से जुड़ा मामला है। उन्होंने कहा कि संघर्ष, व्यापार युद्ध और अस्थिरता के कारण दुनिया भर में स्थिति निरंतर बदल रही हैं और भू-राजनीतिक बदलावों ने साबित कर दिया है कि रक्षा के लिए दूसरों पर निर्भरता अब कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का हमेशा से मानना रहा है कि आत्मनिर्भर भारत ही अपनी सामरिक स्वायत्तता की रक्षा कर सकता है।

रक्षा मंत्री ने अमेरिका का नाम लिए बिना कहा कि कई विकसित देश संरक्षणवादी उपायों का सहारा ले रहे हैं जिससे 'व्यापार युद्ध' और 'टैरिफ युद्ध' की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही हैं। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को अलग तरीके से नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि यह संरक्षणवाद नहीं है। यह संप्रभुता का मामला है। उन्होंने कहा, जब युवा, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी और संभावनाओं से भरपूर एक राष्ट्र आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता है तो विश्व रुककर उस पर ध्यान देता है। यही वह ताकत है जो भारत को वैश्विक दबावों का सामना करने तथा और भी अधिक मज़बूती से उभरने में सक्षम बनाती है। श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर का ● शेष पेज 11 पर

## नोएडा में एयरोस्पेस टेस्टिंग का नया हब, राजनाथ सिंह और योगी ने एयरक्राफ्ट इंजन फैसिलिटी का उद्घाटन किया

# शस्त्र और शास्त्र के समन्वय से ही राष्ट्र होता है मजबूत : योगी

एजेंसी

नोएडा। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को गौतमबुद्ध नगर में रक्षा उपकरण एवं ड्रोन निर्माण इकाई, एयरक्राफ्ट इंजन और डिफेंस एयरोस्पेस टेस्ट फ़ेसिलिटी का लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि शस्त्र और शास्त्र के समन्वय से ही राष्ट्र मजबूत होता है और यूपी रक्षा उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि यह नोएडा को डिफेंस हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा, जो राष्ट्रीय सुरक्षा को नई ऊंचाई देगा।




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज की बढ़ती हुई चुनौतियों को देखते हुए रक्षा क्षेत्र में इलेक्ट्रॉनिक वारफ़ेयर का सामना करने के लिए अत्याधुनिक ड्रोन निर्माण के साथ एयरक्राफ्ट इंजन एंड डिफेंस एयरोस्पेस टेस्ट फ़ेसिलिटी विकसित की गई है। पहले हमें दुनिया पर निर्भर रहना पड़ता था, डाटा कैप्चर कर दुश्मन हमें पंगु बनाने की कोशिश करता था। अब ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि 1947 से भारत विभिन्न युद्धों का सामना करता रहा है। प्रत्येक युद्ध का पैटर्न बदलता रहा है। ऑपरेशन सिंदूर ने युद्ध के एक नए दौर में प्रवेश किया, जिसने भारत के सामर्थ्य का एहसास दुनिया को कराया। लेकिन इसने हमें भविष्य की चुनौतियों से जूझने की प्रेरणा भी दी। हम सभी जानते हैं कि ताकत हो तो दुनिया नतमस्तक होती है। सीएम योगी ने गुरु द्रोणाचार्य का जिक्र करते हुए कहा कि जब उनसे पूछा गया कि आप शस्त्र क्यों धारण कर रहे हैं, तो उन्होंने कहा- 'अग्रतः चतुरो वेदाः पृष्?ठतः सशरं धनुः'। शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्र चिंता प्रवर्तते। शस्त्र और शास्त्र के बेहतर समन्वय से राष्ट्र शक्तिशाली होता है। शांति मांगने से नहीं, ऐसी स्थिति में अगला व्यक्ति शांति की अपील करता है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने भी कहा था- वीर भोग्या वसुंधरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पहले से समृद्ध रहा है। यहां 9 ऑर्डिनेंस फैक्ट्री पहले से कार्यरत हैं, जो रक्षा उत्पादन में योगदान दे रही हैं। डिफेंस पीएसयूज़ उत्तर प्रदेश में पहले से मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की चुनौतियों को देखते हुए दो नए डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग केंद्र दिए, जिसमें एक यूपी को मिला। हम 6 नोड्स- अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट में विकास कर रहे हैं। अब तक 12l5 हजार एकड़ लैंड उपलब्ध कराई गई है। जितनी भी सुविधा चाहिए, यूपी सरकार उपलब्ध कराएगी, सीएम योगी ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रह्मोस मिसाइल का केंद्र लखनऊ में बनाया है। अब लखनऊ ब्रह्मोस मिसाइल के रूप में भी जाना जाता है। लखनऊ की मुस्कुराहट तब तक अधूरी थी, जब तक मिसाइल की गूंज दुश्मन के कानों तक न पहुंचे। ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस ने अपनी क्षमता दिखाई। इसी तरह क्क्ख्र का केंद्र झांसी में, इख 203 अमेठी में और एस्कॉर्ट हरदोई में कार्यरत हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षा उपकरण एवं ड्रोन निर्माण इकाई का उद्घाटन किया, जहां अत्याधुनिक ड्रोन और इलेक्ट्रॉनिक वारफ़ेयर सिस्टम का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद एयरक्राफ्ट इंजन और डिफेंस एयरोस्पेस टेस्ट फ़ेसिलिटी का लोकार्पण हुआ, जो रक्षा क्षेत्र ● शेष पेज 11 पर

# नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ने किया विभिन्न पेयजल परियोजनाओं का शिलान्यास

**शिलान्यास कार्यक्रम में जलकल विभाग और नगर निगम लखनऊ की लगभग 9 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न पेयजल परियोजनाएं शामिल है**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा के कर-कमलों से जलकल विभाग, नगर निगम लखनऊ की लगभग 9 करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न पेयजल परियोजनाओं का शिलान्यास संपन्न हुआ। इस अवसर पर लखनऊ की मेयर श्रीमती सुषमा खर्कवाल, विधायक श्री नीरज बोरा एवं श्री योगेश शुक्ला भी उपस्थित रहे।

जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर-जे में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री शर्मा ने स्थानीय नागरिकों को बधाई देते हुए कहा कि पेयजल की समस्याओं का समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में 29 करोड़ की लागत वाली अन्य परियोजनाओं का भी लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। इन सभी प्रयासों से न केवल पेयजल की दिक्कतें दूर होंगी, बल्कि जलनिकासी संबंधी समस्याओं का भी स्थायी समाधान होगा।श्री शर्मा ने कहा कि बीते वर्षों में विधानसभा परिसर एवं फैजुल्लागंज जैसे क्षेत्र, जो हर वर्षाकाल में जलभराव से प्रभावित रहते थे, इस बार जलभराव जैसी समस्या का सामना नहीं करना पड़ा। यह दर्शाता है कि विकास कार्यों के सकारात्मक परिणाम अब दिखाई देने लगे हैं। उन्होंने कहा कि हम लखनऊ को न केवल भारत का, बल्कि विश्व का सबसे स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रहे हैं और इसमें जनता का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।मेयर श्रीमती सुषमा खर्कवाल तथा विधायकगण श्री नीरज बोरा एवं श्री योगेश शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि नगर विकास मंत्री श्री ए. के. शर्मा के मार्गदर्शन में लखनऊ में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं। जहां पहले कभी कूड़े के पहाड़ नजर आते थे, आज वही लखनऊ एक स्वच्छ और क्लीन सिटी के रूप में पहचान बना चुका है।उन्होंने रिंग रोड, इलेक्ट्रिक व्हीकल प्रोजेक्ट, मेट्रो विस्तार जैसे कार्यों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं रक्षा मंत्री एवं सांसद श्री राजनाथ सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। मेयर श्रीमती सुषमा खर्कवाल ने शहरवासियों से गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग निकालने की अपील करते हुए इंदौर की तर्ज पर लखनऊ को स्वच्छता में नंबर-1 बनाने का आह्वान किया।इसके पश्चात मंत्री श्री शर्मा ने मेयर एवं दोनों विधायकों के साथ जानकीपुरम सेक्टर में डायरिया प्रभावित मोहल्ले का निरीक्षण किया। यहां मंत्री श्री शर्मा ने स्थानीय निवासियों एवं चिकित्सकों से बातचीत की। डॉक्टरों ने बताया कि पिछले चार दिनों में डायरिया का कोई नया मामला सामने नहीं आया है। पानी के सैंपल जो लिए गए थे उसकी रिपोर्ट भी सामान्य आई है। क्षेत्र में साफ-सफाई का कार्य निरंतर जारी है तथा आवश्यक दवाओं तथा ओ आर एस का वितरण भी किया जा रहा है। स्थानी निवासियों ने सरकार एवं प्रशासन के प्रयासों के लिए आभार जताया।इस अवसर पर नगर आयुक्त गौरव कुमार, महाप्रबंधक जलकल कुलदीप सिंह, पार्षद राघव राम त्रिपाठी, सौरभ तिवारी, मानसिंह, दीपक लोधी एवं अन्य स्थानीय जन उपस्थित रहे।

# महाधिवक्ता कार्यालय में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए गरिमामय विदाई



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। इलाहाबाद में महाधिवक्ता कार्यालय, उत्तर प्रदेश द्वारा आज दिनांक 30 अगस्त 2025 को दोपहर 03:00 बजे एक गरिमामय विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर अरविंद कुमार पांडेय, श्री दीपक प्रियदर्शी और राजनाथ जी को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।समारोह में मुख्य स्थायी अधिवक्ता, अपर विधि परामर्शी, शासकीय अधिवक्ता एवं कार्यालय के समस्त अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। विदाई समारोह का आयोजन समिति में श्री अशोक कुमार सिंह (निजी सचिव), आशुतोष श्रीवास्तव (समीक्षा अधिकारी), सफीना मसर्रत चंदेल (समीक्षा अधिकारी) और मनीष जायसवाल (समीक्षा अधिकारी) ने किया। कार्यक्रम का संचालन आशुतोष श्रीवास्तव ने किया।इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उपहार, पुष्पगुच्छ और शॉल प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम अत्यंत सौहार्दपूर्ण और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। विदाई समारोह में सहयोग समिति के सभी सदस्यों ने विशेष योगदान दिया, जिससे यह आयोजन स्मरणीय बन गया।इस कार्यक्रम ने महाधिवक्ता कार्यालय की टीम की आपसी सहयोग भावना और समर्पण की मिसाल पेश की, साथ ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों के प्रति सम्मान और आदर का संदेश भी दिया।

## राही मासूम रजा की याद में कार्यक्रम आज

लखनऊ । मशहूर साहित्यकार डॉ राही मासूम रज़ा का आज जन्मदिवस है। उनकी याद में आज कैसरबाग स्थित गांधी भवन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें, डॉ राही मासूम रज़ा साहित्य एकेडमी लखनऊ की ओर से, इस बार का 16वां डॉ राही मासूम रज़ा सम्मान मशहूर अभिनेता, लेखक व विचारक अतुल तिवारी को दिया जाएगा। इस दौरान, अतुल तिवारी राही के जन्मदिवस के अवसर पर मशहूर शायर नज़ीर अकबराबादी पर अपना वक्तव्य भी देंगे।

## प्रयागराज में बाढ़ की स्थिति नियंत्रण में, गंगा-यमुना का जलस्तर घटा

प्रयागराज । जिले में बाढ़ की स्थिति को लेकर जिला प्रशासन ने ताजा अपडेट जारी किया है। गंगा नदी का जलस्तर फाफामऊ पर 83.44 मीटर और छतनाग पर 82.45 मीटर दर्ज किया गया है, जो पिछले 4 घंटों में क्रमशः 19 सेंटीमीटर और 18 सेंटीमीटर घटा है। यमुना नदी का जलस्तर नैनी पर 82.99 मीटर है, जिसमें 13 सेंटीमीटर की गिरावट दर्ज की गई है। प्रशासन ने बताया कि फिलहाल गंगा और यमुना का जलस्तर खतरे के बिंदु से नीचे है।20 वार्ड प्रभावित, 97 राहत शिविर चिन्हित, 5 शिविर सक्रियकुल 20 वार्डों/मोहल्लों में बाढ़ का असर है, जिनमें सदर, फुलपुर, करछना और सोरांव क्षेत्र के इलाकों में अधिक प्रभाव देखा गया है। प्रभावित परिवारों के लिए कुल 97 राहत शिविर चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से 5 शिविर सक्रिय हैं, जहाँ 1,775 लोग (503 परिवार) ठहरे हुए हैं। आज 35 नावों और 2 मोटर बोट के माध्यम से राहत व बचाव कार्य जारी रखा गया। प्रशासन की ओर से 6,150 लंच पैकेट, 367 ओआरएस पैकेट और 1,446 क्लोरीन टैबलेट वितरित किए गए।अधिक जानकारी एवं आपातकालीन सहायता के लिए जिला कंट्रोल रूम से संपर्क करें:?? 0532-2641577, 0532-2641578, 0532-2641597, 0532-2641598, 1077

## स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु पंडित दीनदयाल उपाध्याय हेल्थ कार्ड — एक मजबूत हेल्थ कवच



प्रयागराज । पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत जनपद प्रयागराज के विकास भवन में दिनांक 28 एवं 29 अगस्त 2025 को प्रशिक्षण उपरांत विशेष कैंप का आयोजन किया गया।इस अवसर पर राज्य एसएचए स्तर से आई टीम ने विभिन्न विभागों के मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण में बताया गया कि सभी विभाग सप्ताह में कम से कम एक बार विभागीय कैंप का आयोजन करें और अपने अंतर्गत आने वाले सरकारी सेवकों, पेंशनरों एवं उनके आश्रितों के ल्लपीडीडीयू हेल्थ कार्डङ्क समयबद्ध रूप से बनाएँ।साप्ताहिक विभागीय कैंप से लक्ष्य की होगी पूर्तिजिन विभागों में सबसे अधिक सरकारी सेवक एवं पेंशनर कार्यरत हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर हर सप्ताह विभागीय कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए गए।साचीज़ लखनऊ आयुष्मान कार्यालय से आए डॉ. आदित्य पांडेय ने बताया कि मुख्य कार्यपालक अधिकारी अर्चना वर्मा (आईएएस) के निर्देशन में यह कार्यशाला आयोजित की गई। उनका कहना है कि ल्लमुख्य उद्देश्य यह है कि हर विभाग में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर हों, जो अपने विभाग के सरकारी सेवकों, पेंशनरों एवं उनके आश्रितों के पीडीडीयू हेल्थ कार्ड बनवाने की जिम्मेदारी निभाएं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर किसी को भी परेशान न होना पड़े।ङ्कनोडल अधिकारी ने जागरूकता पर दिया जोरनोडल आयुष्मान भारत, प्रयागराज डॉ. राजेश सिंह ने कहा कि मास्टर ट्रेनर नियमित रूप से अपने-अपने विभागों में कैंप लगाकर छूटे हुए कर्मचारियों व पेंशनरों के कार्ड बनाएँ, ताकि किसी भी आपात स्थिति में उन्हें भटकना न पड़े।उन्होंने अपील की कि ल्लव्यक्ति का स्वास्थ्य लाभ सर्वोपरि है, इसलिए सभी सरकारी सेवक एवं पेंशनर जागरूक होकर तुरंत अपना पंडित दीनदयाल उपाध्याय हेल्थ कार्ड बनवा लें।ङ्कविभागों की सक्रिय भागीदारीइस कार्यशाला और प्रशिक्षण सत्र में लघु सिंचाई विभाग, पंचायत राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग समेत अन्य विभागों के मास्टर ट्रेनर्स ने भाग लिया। इन विभागों ने सरस मीटिंग हाल में अपने-अपने विभागीय कैंप आयोजित कर सरकारी सेवकों और पेंशनरों के हेल्थ कार्ड बनाए।मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी विभाग साप्ताहिक कैंप का आयोजन कर अपने निर्धारित लक्ष्य को समय पर पूर्ण करें।

## पीडीडीयू स्टेट हेल्थ कार्ड बना पेंशनरों के लिए वरदान

प्रयागराज । पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अंतर्गत प्रयागराज के सीएमओ कार्यालय में शनिवार को पेंशनरों हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया गया।कैंप में पेंशनरों को बताया गया कि इस योजना के अंतर्गत आने वाले सरकारी सेवक पेंशनरों एवं उनके आश्रितों के ल्लपीडीडीयू हेल्थ कार्डङ्क बनाए जाएंगे। पेंशनरों को अपने आश्रितों के लिए भी लाइव केवाईसी कराने और दीनदयाल उपाध्याय की आधिकारिक वेबसाइट पर वीडियो देखकर ऑनलाइन आवेदन करने की जानकारी दी गई।सीएमओ प्रयागराज ने कहा कि लोग अब इस योजना के प्रति जागरूक हो रहे हैं और बहुत जल्द स्वास्थ्य विभाग के सरकारी सेवकों व पेंशनरों के सभी हेल्थ कार्ड बनाकर उपलब्ध करा दिए जाएंगे।लगातार कैंप से पेंशनरों को मिलेगा लाभ, नहीं होगी इलाज में परेशानीराज्य स्तर से आई आयुष्मान टीम के डॉ. आदित्य पांडेय ने कहा कि यह एक दिन की प्रक्रिया नहीं है। पेंशनरों की सुविधा के लिए लगातार पीडीडीयू कैंप आयोजित किए जाने चाहिए।आयुष्मान ट्रेनिंग मैनेजर ने बताया कि प्रयागराज में सरकारी सेवक पेंशनरों की संख्या अधिक है, इसलिए विभिन्न विभागों को आगे आकर स्वयं के स्तर पर विशेष कैंप आयोजित करने की आवश्यकता है।नोडल अधिकारी (आयुष्मान) डॉ. राजेश सिंह ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी आपात स्थिति में पेंशनर और उनके आश्रितों को इलाज में कोई दिक्कत न हो। हेल्थ कार्ड होने से पेंशनर राज्य के किसी भी मान्यता प्राप्त अस्पताल में कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ आसानी से उठा सकेंगे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आलमचंद में मरीजों को नहीं मिल रही उचित चिकित्सा सेवा

**अस्पताल केवल रेफर सेंटर बनकर रह गया है और डॉक्टर व स्टाफ निजी नर्सिंग होम संचालन में व्यस्त रहते हैं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज/ कौशांबी । प्रयागराज मंडल के कौशाम्बी जिले के मूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) आलमचंद लंबे समय से मरीजों को उचित इलाज प्रदान करने में विफल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल केवल रेफर सेंटर बनकर रह गया है और डॉक्टर व स्टाफ निजी नर्सिंग होम संचालन में व्यस्त रहते हैं। सरकारी अस्पताल में इलाज का कार्य अब केवल वार्ड ब्यॉय और चपरासी के भरोसे चल रहा है।कुछ डॉक्टर केवल रजिस्टर में हस्ताक्षर करने और दिखावे के लिए मरीजों को थोड़ी दवा लिखकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। आधुनिक उपकरणों और करोड़ों की लागत के बावजूद, मरीजों को पर्याप्त सुविधाएँ नहीं मिल रही हैं। उदाहरण के लिए, अस्पताल में एक्स-रे मशीन है लेकिन एक्स-रे करने वाला कर्मचारी अनुपस्थित रहता है, जिससे मरीज प्राइवेट केंद्रों में भटकने को मजबूर हैं।स्थानीय शिकायतों के बावजूद मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अब तक इस अव्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया। शिकायत के बाद जांच करने वाले अधिकारी आने से पहले ही सूचना लीक हो जाती है, जिससे जांच केवल औपचारिक बनकर रह जाती है।सवाल यह उठता है कि वार्ड ब्यॉय और चपरासी के भरोसे चल रहे सीएचसी को छोड़कर निजी नर्सिंग होम में व्यस्त डॉक्टरों व कर्मचारियों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही, और मरीजों की जान जोखिम में क्यों डाली जा रही है।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया औड़िहार स्टेशन का औचक निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। वाराणसी मंडल के मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने आज 30 अगस्त, 2025 को औड़िहार स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ विभिन्न विभागों के वरिष्ठ पर्यवेक्षक एवं स्टेशन के कर्मचारी उपस्थित थे। अपने निरीक्षण में मंडल रेल प्रबंधक श्री जैन ने पैदल उपरिगामी पुल से औड़िहार यार्ड का मुवायना किया और यार्ड के विकास के सम्बंध में चल रहे कार्यो की प्रगति देखी। इसके उपरान्त उन्होंने प्लेटफॉर्म सं 1 ,2 एवं 3 का निरीक्षण किया और नए पैदल उपरिगामी पुल के निर्माण कार्यो को देखा। इसी क्रम में स्टेशन के दूसरे छोर पर स्थित रुट रिले इंटरलॉकिंग पैनल का भी गहन निरीक्षण किया और वी डी यू पैनल से गाड़ियों के ऑपरेशन का संज्ञान लिया। इसके अतिरिक्त उन्होंने औड़िहार स्टेशन पर यात्री सुख सुविधाओं यथा सर्कुलेटिंग एरिया,पार्किंग, स्टेशन भवन,वाटर बूथ,यात्री बेंचेज, छाजन, प्रतीक्षालय, खान-पान स्टॉल,फुट ओवर ब्रिज एवं यात्री सुविधा विकास कार्यो का निरीक्षण किया और स्टेशन की स्वच्छता एवं उपकरणों के रख रखाव के सम्बंध में संबंधित को दिशा निर्देश दिया।

## करेली पुलिस की बड़ी सफलता, दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार



प्रयागराज । करेली थाना प्रभारी आशीष सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने दो शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।पुलिस के अनुसार, कुछ दिन पूर्व दोनों आरोपियों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज हुआ था। लगातार की जा रही तलाश के बाद पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों से पूछताछ जारी है, जिससे अन्य वारदातों का भी खुलासा होने की संभावना है।

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर यादव की हत्या का मामला गरमाया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जिले में पूर्व जिला पंचायत सदस्य और बीजेपी नेता रणधीर यादव की किडनैपिंग और हत्या की कहानी सामने आई है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि रणधीर के पहले साथी रहे डॉ. उदय यादव को शक था कि उसकी पत्नी अंजली और रणधीर के बीच अफ़ेयर है।दो महीने पहले डॉ. उदय ने नैनीताल यात्रा का प्लान बनाया और तीनों के लिए एक ही होटल रूम बुक कराया। हत्या में शामिल राम सिंह के अनुसार, उदय ने अपनी पत्नी के साथ रणधीर को संबंध बनाते हुए देख लिया था और इसके बाद उसने रणधीर को मारने की साजिश रची।इसके पहले ही 11 जुलाई 2025 को अंजली की घर में लाश मिली थी। प्रारंभिक आशंका है कि डॉ. उदय ने अपनी पत्नी की हत्या की थी, लेकिन पुलिस की जांच से पहले शव का दाह संस्कार कर दिया गया। अब पुलिस अंजली की मौत को हत्या मामला मानकर नए सिरे से जांच शुरू कर रही है।

# सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । पुलिस ने सोशल मीडिया पर जनप्रतिनिधि के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले प्रतापगढ़ निवासी उमेश यादव को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नर जोगेन्दर कुमार के आदेश पर की गई।उमेश यादव के खिलाफ कर्नलगंज थाना में मामला दर्ज था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई पूरी की।पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करें और किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक टिप्पणी या पोस्ट से बचें। यह कार्रवाई स्पष्ट संदेश देती है कि कानून सबके लिए समान है और किसी को दूसरों के सम्मान को चोट पहुँचाने की अनुमति नहीं है।

# महापौर की अध्यक्षता में आयोजित हुई नगर निगम वाराणसी की कार्यकारिणी की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। नगर निगम वाराणसी की कार्यकारिणी की बैठक महापौर अशोक कुमार तिवारी की अध्यक्षता में प्रारंभ हुयी। बैठक में उपस्थिति-श्री अशोक कुमार तिवारी, महापौर/सभापति, नरसिंह दास, उपसभापति, सदस्यगण श्री प्रमोद कुमार राय, अमरदेव यादव, श्री सुशील कुमार गुप्ता, हनुमान प्रसाद, श्री अशोक मौर्या, प्रवीण राय, श्री मदन मोहन, श्री राज कपूर चौधरी, माधुरी सिंह, श्रीमती सुशीला एवं अधिकारीगण अक्षत वर्मा, नगर आयुक्त, सविता यादव, अपर नगर आयुक्त, सुभाष सिंह, अपर नगर आयुक्त, 4. संगम लाल, अपर नगर आयुक्त, विनोद कुमार गुप्ता, अपर नगर आयुक्त/प्रभारी अधिकारी (परिषद), श्री कृष्णचन्द्र, संयुक्त नगर आयुक्त, श्री जितेन्द्र कुमार आनन्द, संयुक्त नगर आयुक्त, श्री अनिल कुमार यादव, सहायक नगर आयुक्त/विभागाध्यक्ष राजस्व, डॉ0 सुरेन्द्रनाथ चौधरी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, श्री संजय प्रताप सिंह, मुख्य नगर लेखापरीक्षक, श्री अनूप सिंह, महाप्रबन्धक (जलकल), श्री मनीष कुमार शुक्ला, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी, सुश्री शिखा मौर्या, विभागाध्यक्ष (परिषद) आदि विभागाध्यक्ष उपस्थित रहें।बैठक में सर्वप्रथम कार्यसूची के अनुसार पिछली बैठक दिनांक 11.07.2025 के कार्यवृत्त की पुष्टिकरण की कार्यवाही हेतु कार्यकारिणी द्वारा चर्चा उपरांत पुष्टि किया गया जिसमें पूर्व बैठक में श्री प्रमोद राय, मा0 सदस्य के प्रस्ताव सं0 357 पर पूर्व में प्रवर्तन दल के कर्नल श्री संदीप शर्मा से प्लास्टिक, अतिक्रमण प्रवर्तन से संबंधित कार्य न लिया जाय तथा उनको कार्यमुक्त करने के प्रस्ताव पर कार्यवाही अमल में लाये जाने के निर्देश दिये गये इस हेतु पूर्व शासन को मा0 कार्यकारिणी के निर्णय के क्रम में पत्र प्रेषित करनें के निर्देश दिये गयें। इसके अतिरिक्त श्री अमरदेव यादव, मा0 सदस्य के पूर्व बैठक प्रस्ताव सं0 362 में गलियों, सड़कों के मरम्मत आदि के कार्य हेतु 1 मिस्त्री, 2 लेबर रखे जाने के निर्देश प्रगति/कार्यवाही के संबंध में मुख्य अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि सी0एल0सी0 के मायध्म से मिस्त्री, लेबर रखे जाने हेतु कार्यवाही प्रगति पर है जिसे शीघ्र पूर्ण कर लिया जायेगा। इसपर मा0 सदस्यों द्वारा बधाई दी गयी। उपरोक्त चर्चा के साथ गत मा0 कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 11.07.2025 के कार्यवृत्त को पुष्ट किया गया।शासन से प्राप्त विभिन्न शासनादेशों को मा0 कार्यकारिणी में चर्चा की गयी जिसमें मुख्य रूप से वाराणसी में एस.टी.पी. एवं तत्संबंधित परिसम्पत्तियों के रख रखाव हेतु वन सिटी वन आपरेटर के अन्तर्गत कार्यवाही के संदर्भ में मा0 कार्यकारिणी द्वारा चर्चा उपरांत इसे निरस्त किया गया तथा शासन को मा0 कार्यकारिणी के निर्णय से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# महाकुंभ 2025 : अमृत पथ गामिनी हिंदी ई-पुस्तक और विशेष डॉक्यूमेंट्री का विमोचन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । महाकुंभ 2025 में रेलवे की ऐतिहासिक भूमिका को शब्दों और चित्रों में समेटते हुए उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय, प्रयागराज में आज ई-कॉफी टेबल पुस्तक ल्लअमृत पथ गामिनीङ्क के हिंदी संस्करण और महाकुंभ 2025 पर बनी विशेष डॉक्यूमेंट्री का औपचारिक विमोचन महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे उपेंद्र चंद्र जोशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक जे.एस. लाकरा, सभी प्रमुख विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण एवं जनसंपर्क विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।यह हिंदी ई-पुस्तक महाकुंभ 2025 में रेलवे द्वारा किए गए कार्यों का संपूर्ण विवरण प्रस्तुत करती है। इसमें स्टेशनों के उन्नयन, भीड़ प्रबंधन, हजारों विशेष ट्रेनों का संचालन, यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा जैसे पहलुओं का विस्तार से वर्णन है। प्रत्येक अध्याय में रेलकर्मियों के अथक परिश्रम और समर्पण को भी दर्ज किया गया है।साथ ही प्रदर्शित डॉक्यूमेंट्री में महाकुंभ के विशाल आयोजन में रेलवे के प्रयासों की जीवंत झलक दिखाई गई। इसमें दिखाया गया है कि किस प्रकार उत्तर मध्य रेलवे ने सेवा और समर्पण की भावना के साथ दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम को सफल बनाया। रेलकर्मी दिन-रात डटे रहे, यात्रियों का स्वागत किया, भीड़ नियंत्रित की और हर यात्री तक सुविधा पहुँचाने का काम किया।महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी ने कहा, ल्लमहाकुंभ 2025 केवल संचालन की चुनौती नहीं थी, बल्कि यह हमारी पूरी टीम के साहस, समन्वय और सेवा भावना की परीक्षा थी। यह पुस्तक और डॉक्यूमेंट्री उसी अमिट प्रयास की गवाही हैं।ङ्क उन्होंने जनसंपर्क विभाग के प्रयासों की भी सराहना की।

# जनपद न्यायाधीश ने प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज, संजीव कुमार ने शनिवार को 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने हेतु जनपद न्यायालय परिसर, प्रयागराज से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।प्रचार वाहन के साथ समस्त बैंकों के प्रबंधकगण, जिला अग्रणी प्रबंधक (बैंक ऑफ बड़ौदा) तथा अन्य बैंक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर पराविधिक स्वयंसेवकों ने पूरे शहर में लोक अदालत के प्रचार-प्रसार का कार्य किया, ताकि अधिक से अधिक लोग इस अवसर की जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ उठा सकें।13 सितंबर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालतनोडल अधिकारी लोक अदालत/एडीजे रविकांत एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/एडीजे दिनेश कुमार गौतम सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण इस मौके पर उपस्थित रहे।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार-प्रसार पूरे जनपद में किया जा रहा है।सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम ने जनमानस से अपील की:ल्लजनपद के समस्त नागरिकों से अनुरोध है कि 13 सितंबर 2025 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मुकदमों को चिन्हित कर स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित हों और आपसी सहमति से उनका निस्तारण कराएँ।


## विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि में वृद्धि

सर्वसबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि | कुल फेरे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 04217 | वाराणसी जं. | लखनऊ जं. | प्रतिदिन | 31.10.2025 | 01.11.2025 से 30.11.2025 | 30 |
| 04218 | लखनऊ जं. | वाराणसी जं. | प्रतिदिन | 31.10.2025 | 01.11.2025 से 30.11.2025 | 30 |
| 04090 | आनंद विहार ट. | पटना जं. | प्रतिदिन | 07.11.2025 | 08.11.2025 से 29.11.2025 | 22 |
| 04089 | पटना जं. | आनंद विहार ट. | प्रतिदिन | 08.11.2025 | 09.11.2025 से 30.11.2025 | 22 |

नोट :— शेष जानकारी पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय-सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा - हमारा ध्येय हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2629/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नगराम: प्राथमिक विद्यालय भजाखेड़ा में स्मार्ट क्लास का मुख्य सचिव ने फीता काट कर किया उद्घाटन

## ओप्पो इंडिया व उम्मीद संस्था की पहल से यूपी के 44 स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम की हुई शुरुवात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नगराम, लखनऊ। क्षेत्र की ग्राम पंचायत नवीनगर के मजरा भजाखेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लास का शनिवार को शुभारंभ हुआ , उद्घाटन में आये अतिथियों ने सर्वप्रथम सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया , उसके बाद सभी अतिथिगणों को ग्राम प्रधान नवीनगर सुनीता और विद्यालय की इंचार्ज अध्यापक राखी तिवारी ने सभी को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया । अतिथियों के स्वागत में उम्मीद संस्था के बच्चों के द्वारा बैंड बाजे के से किया । महामहिम राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के द्वारा स्मार्ट क्लास का उद्घाटन होना था लेकिन अपरिहार्य कारण से वह आ न सकी उनकी जगह माननीय मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी , मुख्यमंत्री सचिव दीपक कुमार , बेसिक शिक्षा सचिव ,जिलाधिकारी विशाख अय्यर , राकेश भारद्वाज निदेशक ओप्पो मोबाईल, क्षेत्रीय विधायक अमरेश रावत के द्वारा स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया गया । इस स्मार्ट क्लास का उद्देश्य बाल भिक्षावृत्ति से जुड़े बच्चों को बाल भिक्षावृत्ति से मुक्त कराकर स्कूल में नामांकन क्षेत्रीय सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में कराया गया ये कार्य उम्मीद संस्था के सहयोग से प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों द्वारा बच्चों के नामांकन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा , नगराम क्षेत्र के 10 मेधावी छात्रों को स्मार्ट स्कूल बैग अतिथियों द्वारा बच्चों को दिया गया । नगराम के भजा खेड़ा में भिक्षावृत्ति से जुड़े परिवारों के लिए उनके रोजगार की व्यवस्था भी विभिन्न विभागों में कराई गई जिससे वह खुद अपना रोजगार कर सके और उनके परिवारों के बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना भी जोड़ा गया ,महिलाओं को समूह में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया । मुख्य सचिव दीपक कुमार ने कहा कि निपुण भारत मिशन में स्मार्ट क्लास का बड़ा योगदान है, इसी कारण यूपी बच्चों की लर्निंग में देश में नम्बर वन है, शिक्षा को डिजिटल रूप देने के लिए ओप्पो इंडिया, उम्मीद संस्था और यूपी सरकार की साझेदारी से राज्य के 44 प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास शुरू किए जायेंगे। कार्यक्रम में सभी विभागों के कैम्प चिकित्सा, बेसिक शिक्षा, मनरेगा ,आगंनबाड़ी ,स्वयं सहायता समूह आदि विभागों के कैंप लगाए गए । ये पूरा कार्यक्रम उम्मीद संस्था की तरफ से आयोजन किया गया था । मोहनलालगंज ब्लाक के स्कूलों के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गए । इस मौके पर सीडीओ अजय जैन ,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ,खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहनलालगंज सुशील कुमार , एसडीएम पवन पटेल एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान गाकर किया गया ।

# निगोहां के लाल किसान नेता अनमोल तिवारी ने तीन जनपदों के किसानों से की मुलाकात



कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहा , लखनऊ। क्षेत्र निवासी एक किसान नेता भाकियू (लोकतांत्रिक) संगठन को मजबूत करने व किसानों को समय पर खाद न मिलने जैसी विकराल समस्याओं से जूझ रहे किसानों से जनसंपर्क कर जायज़ा ले रहे हैं। निगोहां के शेषपुर दखिना निवासी अनमोल तिवारी हाल ही में भारतीय किसान यूनियन (लोकतांत्रिक) संगठन में प्रदेश सचिव का पदभार संभाला है , तभी से प्रदेश भर के विभिन्न जनपदों में किसानों से संगठन के विस्तार एवं जनसंपर्क में जुटे हैं। यूपी के तीन जनपदों में जनसंपर्क के दौरान प्रदेश सचिव अनमोल तिवारी का बनारस में शिवम यादव ने जोरदार स्वागत किया, वहीं मिर्ज़ा पुर में सूर्यकान्त मिश्रा द्वारा विंध्याचल में स्वागत किया गया, इस दौरान तिवारी ने विंध्यवासिनी मैया का आशीर्वाद लिया। वहां से निकलने के बाद प्रयागराज के विधानसभा मेजा क्षेत्र के कटक ग्राम पंचायत के किसान नेता व राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजे गए ग्राम प्रधान चंद्र भान पाल से शिष्टाचार भेंट किया। किसानों को समय पर खाद न मिलने पर विस्तार से चर्चा किया, कहा कि जिस जनपद में किसानों के लिए यूरिया खाद नहीं मिल रही है, वहा सरकार किसानों के लिए खाद मुहैया कराये। इस मौके पर लखनऊ के जिला संगठन मंत्री समर यादव साथ में अंकित तिवारी, विशाल गुप्ता, प्रदीप द्विवेदी, पुष्कर, विकास, विजय शर्मा समेत सुमित शाहू मौजूद रहे।

# नरेंद्र मोदी को गाली देने के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। कांग्रेस और राजद की रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गाली देने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने शनिवार को लखनऊ में प्रदर्शन किया। बीते दिनों बिहार की धरती पर आयोजित कांग्रेस और राजद की रैली में प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी और उनकी दिवंगत मां के लिए अभद्र और शर्मनाक शब्दों का प्रयोग किया गया था। प्रदेश अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा व सांसद राज्यसभा गीता शाक्य के नेतृत्व में महिला मोर्चा ने वीवीआईपी गेस्ट हाउस से कांग्रेस कार्यालय तक ''आक्रोश धरना'' प्रदर्शन किया। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने कहा कि बिहार में कांग्रेस की रैली में प्रधानमंत्री की माता जी को गाली देना बिहार की सांस्कृतिक विरासत का अपमान है। उन्होंने कहा कि सत्ता की लालसा और मोदी से नफरत में विपक्ष अपनी सारी सीमाएं पार कर चुका है। दिनों दिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की बौखलाहट उन्हें नीचिता की राजनीति की ओर धकेल रही है। बिहार चुनाव में लगातार महागठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री के लिए अपशब्दों का बोला जाना, गाली गलौज करना। यह विपक्ष की चुनाव से पूर्व ही हार की हताशा है।

गीता शाक्य ने कहा राहुल गांधी को सार्वजनिक मंच से देश के प्रधानमंत्री और देश की सभी माताओं बहनों से माफी मांगनी चाहिए। देश के प्रधानमंत्री को गाली देने भले लोग राजनीति परंपराओं और मर्यादाओं को तार तार कर रहे है।

महिला मोर्चा ने वीवीआईपी गेस्ट हाउस से कांग्रेस कार्यालय तक मार्च किया जिसमें भारी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# सड़क दुर्घटना में सत्य प्रकाश की दुखद मौत सांसद व पूर्व विधायक ने दी परिजनों को सांत्वना

## बीते 27 अगस्त को सुदौली मोड़ पर अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। मोहनलालगंज के गौरा गांव के निवासी ओमप्रकाश ने शनिवार को निगोहां थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। ओमप्रकाश ने बताया कि उनके छोटे भाई सत्य प्रकाश (35 वर्ष) 27 अगस्त को बछरावां जा रहे थे, सुदौली मोड़ के पास अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही से उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में सत्य प्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गए थे और उन्हें तुरंत ट्रॉमा -2 इलाज के लिए भेजा गया था। जहां 30 अगस्त की सुबह 3:30 बजे इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। प्रभारी निरीक्षक निगोहां ने शिकायत पर जांच कर मुकदमा दर्ज करने की बात कही है। वहीं देर शाम शव गौरा गांव स्थित घर पहुंचने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया। दुर्घटना के बाद सांसद आर.के.चौधरी, पूर्व विधायक अम्ब्रीश सिंह पुष्कर और विधान सभा अध्यक्ष उमाशंकर वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि शोकाकुल परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे। सांसद जी ने मोहनलालगंज के एसडीएम से फोन पर बात कर मृतक के परिवार के आश्रितों को सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। मृतक सत्य प्रकाश के परिवार में उनकी पत्नी दीपिका, 9 वर्षीय बेटा मयंक और बड़ी बेटी नेहा हैं। इस कठिन घड़ी में सभी जनप्रतिनिधियों ने परिवार को अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और ईश्वर से प्रार्थना की। सत्य प्रकाश की असमय मृत्यु से परिवार गहरे शोक में है।

# पुराने लखनऊ में दो ट्रांसफर स्टेशन का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। स्वच्छ एवं स्वस्थ लखनऊ की दिशा में नगर निगम ने एक और अहम कदम उठाया है। शनिवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने टंडन फव्वारा और अशरफ़ाबाद क्षेत्र में दो आधुनिक ट्रांसफर स्टेशनों का उद्घाटन किया। इन स्टेशनों से कचरा प्रबंधन और सफाई व्यवस्था को नई गति मिलने की उम्मीद है। पहला ट्रांसफर स्टेशन अब्दुल अज़ीज़ रोड टंडन फव्वारा के निकट शुरू किया गया है। महापौर खर्कवाल ने कहा कि इस पहल से कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था और सुदृढ़ होगी तथा नागरिकों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा। इसी क्रम में दूसरा ट्रांसफर स्टेशन अशरफाबाद स्थित वाल्दा में खोला गया। पुराने लखनऊ के इस भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में स्टेशन की स्थापना से सफाई व्यवस्था और सुचारु होगी। इस मौके पर भाजपा नेता अमित टंडन, कार्यकारिणी सदस्य एवं पार्षद अनुराग मिश्रा, नगर आयुक्त गौरव कुमार, अपर नगर आयुक्त अरविंद कुमार राव, व्यापारी नेता उत्तम कपूर, स्वच्छता अभियान हेड प्रसाद रेड्डी, जोनल अधिकारी मनोज कुमार यादव, प्रोजेक्ट हेड अभय रंजन और ए.के. वर्मा, श्री निवास समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। महापौर खर्कवाल ने कहा कि ‟स्वच्छ लखनऊ, स्वस्थ लखनऊ‟ के लक्ष्य को साकार करने के लिए नगर निगम लगातार आधुनिक संसाधनों और योजनाओं को लागू कर रहा है। ट्रांसफर स्टेशनों के माध्यम से कचरे का वैज्ञानिक ढंग से प्रबंधन होगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस अभियान में सहयोग करें और शहर को स्वच्छ बनाने में भागीदार बनें। निगम अधिकारियों का कहना है कि इन दोनों स्टेशनों से कचरे का समय पर उठान, परिवहन और निस्तारण संभव होगा। क्षेत्रवासियों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए भरोसा जताया कि अब उनके इलाकों की स्वच्छता व्यवस्था और बेहतर होगी।

## मुख्यमंत्री योगी सुनिश्चित कर रहे विमुक्त व घुमंतू जातियों का कल्याण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के समेकित विकास का खाका खींचकर समाज के सबसे निचले पायदान पर स्थित विमुक्त व घुमंतू जातियों को सरकारी योजनाओं के जरिए संतृप्त करने का योगी सरकार का संकल्प नित नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। प्रदेश के विमुक्त व घुमंतू जातियों तक मूलभूत सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के साथ ही उनके आर्थिक व सामाजिक उन्नयन के अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में, रविवार को 'विमुक्त जाति दिवस' के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी प्रदेश में विमुक्त व घुमंतू जातियों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों का उल्लेख करेंगे। समाज कल्याण विभाग के भागीदारी भवन में रविवार को साढ़े दस बजे आयजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी के साथ ही नरेंद्र कश्यप, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार-पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग), असीम अरुण, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार-समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण), संजीव कुमार गोंड राज्यमंत्री (समाज कल्याण अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण) की उपस्थिति में प्रदेश में विमुक्त व घुमंतू जातियों को लेकर जारी विकासोन्मुख योजनाओं के बारे में व्यापक संवाद व चर्चा का आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी का विजन इन विमुक्त व घुमंतू जाति के लोगों को ‟विकास की मुख्यधारा‟ में लाने पर केन्द्रित है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की नीति एवं विजन के तहत विमुक्त जाति के सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक उत्थान पर फोकस किया जा रहा है। मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहे विमुक्त व घुमंतू जातियों के कल्याण के लिए प्रदेश में कई प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं। 'विमुक्त जाति दिवस' मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य ही विमुक्त, घुमन्तू और अर्द्ध घुमन्तू जनजातियों (डीनोटिफाइड, नोमैडिक एंड सेमी नोमैडिक-डीएनटी) के अधिकारों के प्रति के प्रति समाज का ध्यान आकर्षित करते हुए इन समुदायों को सामाजिक न्याय, समानता और गरिमा दिलाने के लिए जन-जागरूकता फैलाना है।

## बीबीडी में चल रहा गणेश महोत्सव

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीबीडी शैक्षणिक परिसर में हो रहे चार दिवसीय श्री गणेश महोत्सव के चौथे दिन शनिवार को द वायलेंट इंटरनेशनल म्यूजिकल बैंड ग्रुप द्वारा देश के विख्यात शानदार गायकों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## भारतीय जलीय कृषि में अनुवादात्मक जीनोमिक्स हेतु रोडमैप के विकास पर विशेषज्ञ परामर्श संगोष्ठी का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आईसीएआर-राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो लखनऊ में शुक्रवार को एशियन फिशरीज सोसाइटी(भारतीय शाखा), मैंगलोर और एक्वाटिक बायोडाइवर्सिटी कंजर्वेशन सोसाइटी, भारत के सहयोग से भारतीय जलीय कृषि में अनुवादात्मक जीनोमिक्स के लिए रोडमैप के विकास पर विशेषज्ञ परामर्श का आयोजन किया। डॉ. अजीत के. शासने, निदेशक, सीएसआईआर-एनबीआरआई, लखनऊ ने जलीय स्वास्थ्य प्रबंधन और मेटाबोलाइट अध्ययनों के लिए जीनोमिक्स-आधारित दृष्टिकोणों के महत्व पर जोर दिया। मुख्य अतिथि डॉ. टी. आर. शर्मा, आईसीएआर राष्ट्रीय प्रोफ़ेसर और पूर्व डीडीजी(फसल विज्ञान) ने जलीय कृषि में अनुवादात्मक जीनोमिक्स को मजबूत करने के लिए पैन-जीनोम विश्लेषण, एकल-कोशिका ट्रांसक्रिप्टोमिक्स और प्रोटिओमिक्स की आवश्यकता पर जोर दिया।

# काम्पिल्य बनेगा महाभारत सर्किट की विशिष्ट पहचान, द्वापर युगीन स्थलों का होगा विकास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश सरकार ने महाभारत सर्किट अंतर्गत फर्रुखाबाद जिले के पौराणिक स्थल काम्पिल्य (कम्पिल) के पर्यटन विकास की महत्वाकांक्षी योजना को मंजूरी दे दी है। रामायण और महाभारत काल के साक्षी रहे काम्पिल्य के समेकित विकास के लिए राज्य सरकार की ओर से 04 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। यह कदम जिले को धार्मिक पर्यटन के मानचित्र पर सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य के धार्मिक स्थलों के आसपास पर्यटक सुविधाओं का तेजी से विकास कर रहा है। उन्होंने बताया कि प्राचीन स्थल काम्पिल्य का विशेष धार्मिक महत्व है। त्रेता व द्वापर युग से जुड़ी इस पौराणिक भूमि को पर्यटन के लिहाज से विकसित किया जा रहा है। पर्यटन विभाग काम्पिल्य के समेकित विकास के माध्यम से फर्रुखाबाद को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। पर्यटन विकास के अंतर्गत प्रवेश द्वार, सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था, सूचना केंद्र, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, विश्राम स्थल का निर्माण आदि सुविधाएं विकसित की जाएंगी। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि महाभारत काल में काम्पिल्य, पांचाल की राजधानी रही है। मान्यता है कि यहीं द्रौपदी का जन्म और बाद में स्वयंवर हुआ था। द्रौपदी कुंड आज भी यहां विद्यमान है, जिसे देखने प्रति वर्ष बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। प्राचीन रामेश्वर नाथ मंदिर और गीता ज्ञान आश्रम प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं। इतिहास में इस तीर्थ नगरी का प्राचीन नाम द्रुपद गढ़ भी मिलता है, जहां द्रौपदी के पिता राजा द्रुपद का राज था। काम्पिल्य स्थित रामेश्वर नाथ मंदिर का विशेष महत्व है। किंवदंतियों के अनुसार, यहां स्थापित शिवलिंग को प्रभु श्रीराम ने रावण पर विजय प्राप्त करने के बाद लंका से लाए थे। अशोक वाटिका में माता सीता इसी शिवलिंग की पूजा किया करती थीं। बाद में श्रीराम के भाई शत्रुघ्न ने लवणासुर का वध करने के लिए जाते समय इसे काम्पिल्य में गंगा तट पर स्थापित कर दिया था। आज भी यहां सावन में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। काम्पिल्य में जैन धर्मावलंबियों का प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर भी है, जिसमें 13वें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ जी की प्रतिमा है। जैन धर्म ग्रंथों के अनुसार, प्रथम तीर्थंकर श्री ऋषभदेव ने इस नगर को बसाया था। इसे 13वें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ जी की जन्मस्थली भी बताया जाता है। पर्यटन के लिहाज से फर्रुखाबाद लगातार आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वर्ष 2024 में यहां 25.47 लाख से अधिक पर्यटक आए थे। वहीं, मौजूदा वर्ष 2025 की शुरुआत भी उत्साहजनक रही है। जनवरी से मार्च के बीच ही तकरीबन 10.41 लाख सैलानियों ने जिले का रुख कर चुके हैं। पर्यटन विभाग का अनुमान है, कि साल के अंत तक यह आंकड़ा 35-40 लाख के बीच पहुंच सकता है।'

# डेंगू से बचाव के ठोस कदम : डॉ. राजेश्वर सिंह ने बांटी फॉगिंग मशीनें, मच्छरदानी और नगर आयुक्त को लिखा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। बरसात के मौसम में डेंगू जैसी बीमारियों से बचाव हेतु सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने शनिवार को एक व्यापक अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के 12 जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को फॉगिंग स्प्रे मशीनें प्रदान कीं। साथ ही, गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को 1000 मच्छरदानियाँ भी वितरित की गईं। इस दौरान पूर्व में वितरित की गई 50 फॉगिंग मशीनों के प्रभावी संचालन हेतु भी प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि क्षेत्र के हर मोहल्ले और बस्ती में नियमित रूप से फॉगिंग की जा सके और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।

इस अवसर पर पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी, मण्डल अध्यक्ष श्री के.के. श्रीवास्तव, राजन मिश्रा, वीरू सिंह, शिव शंकर विश्वकर्मा, संजीव अवस्थी, पार्षद गीता देवी, आमोद कुमार, पार्षद रामनरेश, मीना कुमारी, सचिन नाथ, वंदे, रणंजय सिंह, पार्षद प्रतिनिधि कमलेश सिंह, अपर्णा सिंह, मनोज रावत, उत्तम, रंजन सिंह, किशोरी सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त को लिखा पत्र इसी क्रम में विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने लखनऊ नगर आयुक्त गौरव दयाल को पत्र लिखकर सरोजनीनगर क्षेत्र सहित लखनऊ में डेंगू नियंत्रण के लिए तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की। उन्होंने नगर निगम से नीलमथा, गौरी बाजार, आशियाना, पंडित खेड़ा जैसे जलभराव प्रभावित क्षेत्रों में विशेष फॉगिंग, नालियों की सफाई, कूड़ा निस्तारण और एंटी-लार्वा छिड़काव तत्काल कराने का आग्रह किया।

डॉ. सिंह ने नगर आयुक्त से यह भी आग्रह किया है कि सरोजनीनगर में डेंगू नियंत्रण हेल्पलाइन शुरू की जाए, आरडब्ल्यू एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर जागरूकता अभियान चलाया जाए और क्षेत्र में होने वाली गतिविधियों की दैनिक प्रगति रिपोर्ट तैयार कर पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि जनता का स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है, और किसी भी स्थिति में क्षेत्रवासियों को डेंगू जैसी बीमारियों से पीड़ित नहीं होने दिया जाएगा।

# कोटेदार की मनमानी से परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया प्रार्थनापत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**महीनों से राशन के लिए भटक रहे बच्चे और महिलाएँ, आक्रोश में तहसील पहुँचे दर्जनों ग्रामीण**

लहरपुर सीतापुर । तहसील लहरपुर के विकास खण्ड बेहटा अंतर्गत गांजरी क्षेत्र की ग्राम पंचायत नरना पकौरी में कोटेदार की मनमानी से ग्रामीण महीनों से त्रस्त हैं। शुक्रवार को गाँव के करीब 70 आक्रोशित ग्रामीणों ने लहरपुर तहसील पहुँचकर उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम को सामूहिक प्रार्थना पत्र सौंपते हुए कोटेदार जयवीर सिंह के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की माँग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि कोटेदार लाभार्थियों से अंगूठा लगवाकर महीनों तक राशन देने में हीलाहवाली करता है। हालात ऐसे हैं कि गरीब परिवारों को रोज़मर्रा का गुजारा करना मुश्किल हो गया है। कई बार ग्रामीण पड़ोसी ग्राम पंचायत के कोटेदार से गल्ला लेने को मजबूर हुए, लेकिन अब वहाँ से भी इनकार मिलने लगा। ग्रामवासियों ने बताया कि जब वे दोबारा अपने कोटेदार के पास पहुँचे तो उसने राशन कार्ड और बोरियाँ फेंक दीं और साफ कह दिया कि ''गल्ला नहीं मिलेगा, जो करना है कर लो।'' इस अपमान से ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा और वे महिलाएँ-बच्चों सहित तहसील पहुँच गए। महिलाओं का कहना है कि छोटे-छोटे बच्चों को लेकर महीनों से राशन की लाइन में खड़े हो रहे हैं, लेकिन हर बार खाली हाथ लौटना पड़ता है। कई परिवारों में रसोई की आग ठंडी पड़ी है, तो बच्चों को भरपेट भोजन तक नसीब नहीं हो रहा। ग्रामीणों ने कहा ऽ ह्लअगर यही हाल रहा तो हम अपने बच्चों को लेकर कहाँ जाएँगे? आखिर कब तक दर-दर भटकते रहेंगे ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कोटेदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वे सामूहिक धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। एसडीएम ने शिकायत पत्र प्राप्त कर मामले की जाँच कराने का आश्वासन दिया। ज्ञातव्य हो कि इससे पूर्व में भी बीती 19 अगस्त को ग्रामीणों द्वारा उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया था लेकिन अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत कर्ताओं में प्रमुख रूप से ग्रामीण मनोज कुमार, पंकज कुमार लवकुश कुमार, रामहेत, राजेंद्र कुमार, विनय कुमार, हरिश्चंद्र, बराती लाल, पार्वती, मुन्नू लाल गजोधर, संभारी, ज्ञानवती, श्री राम, सुरेश, श्याम बिहारी, सुनील कुमार, केशव, नत्थाराम, जुगना, मखाना देवी, डंगरू, शांति, दीपू आदि शामिल रहे।

# विधायक से मिला राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का प्रतिनिधि मंडल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मछरेहटा /सीतापुर । शनिवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तरप्रदेश जनपद सीतापुर की ब्लॉक इकाई रेउसा के अध्यक्ष अनूप कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में विधायक सेउता माननीय श्री ज्ञान तिवारी जी से एक कार्यक्रम के दौरान शिष्टाचार भेंट की तथा अखिल भारतीय स्तर पर 01 सितंबर दिन सोमवार को देश के लगभग 5 लाख से अधिक विद्यालयों में आयोजित होने वाले ''हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान'' संकल्प महा अभियान के पंचप्रण पर चर्चा की तथा संकल्प पत्र भेंट किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई रेउसा के महामंत्री राजेन्द्र कुमार शुक्ल,कार्यक्रम के जिला सह संयोजक मनीष कुमार शाक्य,कार्यकारी अध्यक्ष अनुराग गुप्ता,संगठन मंत्री राजेश कुमार (राजू),कोषाध्यक्ष नासिर अली,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम अक्षयवर सहित अनेक शिक्षक साथी उपस्थित रहे ।

# फरधान के कैमाखादर गांव में आयोजित हुआ नि:शुल्क स्वास्थ्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**मरीजों को बांटी गई फ्री दवाइयां व की गई जांचें**

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान ने शिविर लगाकर की मरीजों की जांचे व बाटी दवाएं**

लखीमपुर-खीरी।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान क्षेत्र के गांव कैमाखादर में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा शिविर लगाकर बुखार के मरीजों की जांच की गई और निशुल्क दवा वितरित की गई। साथ ही लोगों को मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के बारे में बताकर जागरूक भी किया गया।

जानकारी मुताबिक, फरधान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डा. अमित बाजपेई ने बताया शनिवार को क्षेत्र के गांव कैमाखादर में बुखार व संचारी रोग फैलने की सूचना ग्राम प्रधान कमल किशोर वर्मा के द्वारा मिली थी। जिसके चलते शनिवार सुबह कैमाखादर गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंच कर शिविर आयोजित किया गया आशा व आशा संगिनी द्वारा बुखार से पीड़ित मरीजों को बुलाकर मरीजों के ब्लड प्रेशर, डेंगू, मलेरिया, शुगर की जांच कराई गई और दवा वितरित की गई। गांव में छिड़काव कराया गया और लोगों को जागरूक किया। कैमाखादर गांव में एक साथ काफी लोगों को बुखार आ गया था। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने सक्रियता दिखाते हुए गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया। जहां पर मरीजों की निःशुल्क जांच की जा रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि गांव के लोग कोशिश करें कि घरों में और आस-पास साफ-सफाई रखें, ताकि मच्छर न पनपने पाये। जो मच्छर डेंगू फैलाता है उसकी मादा साफ पानी में अंडे देती है, इस लिए कहीं भी साफ पानी कई दिनों तक इकट्ठा न होने दें। गमले, पुराने बर्तन टायरों में पानी न भरने दे। स्वास्थ्य शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान प्रभारी डॉ अमित बाजपेई के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वास्थ्य टीम समेत आशा व आशा संगिनी ने अपनी सेवाएं दीं।

# गोला कॉरिडोर की सुस्त रफ्तार पर नोडल अफसर सख्त, दिए काम तेज करने के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**अस्पतालों पर कसने जा रही नकेल, नोडल ने दिए नियमित निरीक्षण के निर्देश**

लखीमपुर खीरी। जिले के विकास कार्यों की प्रगति और विभागीय योजनाओं का बारीकी से आकलन करने के उद्देश्य से नोडल अधिकारी एवं गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस ने शनिवार को दो दिवसीय दौरे के पहले दिन अटल सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए नोडल अधिकारी मिनिस्ती एस ने विभिन्न विभागों की कार्यप्रगति की समीक्षा की। स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित निगरानी पर विशेष जोर देते हुए अस्पतालों और अल्ट्रासाउंड केंद्रों की योजनाबद्ध छापेमारी के निर्देश दिए। गोला कॉरिडोर परियोजना की सुस्त रफ्तार पर नोडल अधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई और स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। जिले में संचालित सभी योजनाओं की प्रगति समयबद्ध और पारदर्शी होनी चाहिए, किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नोडल अधिकारी ने समाज कल्याण विभाग से वित्त पोषित विद्यालयों, आश्रय स्थलों और वृद्धाश्रमों की स्थिति पर सवाल किए। कहा कि जहां-जहां सरकार से वित्त पोषण हो रहा है वहां नियमित निरीक्षण और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी व अपर मुख्य अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में बीएसए से ऑपरेशन कायाकल्प और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय निर्माण की प्रगति जानी। वहीं पीडी ग्रामीण विकास एसएन चौरसिया ने बताया कि पीएम आवास योजना (ग्रामीण) में 2665 लक्ष्यों के सापेक्ष 2293 आवास पूर्ण हो चुके हैं, जबकि सीएम आवास योजना के तहत 3997 में से 3780 आवास तैयार हो चुके हैं। डीसी मनरेगा ने कार्यों और मानव दिवस सृजन की जानकारी दी। डीसी एनआरएलएम ने बताया कि मोहम्मदी ब्लॉक की 90 महिलाएं ब्लॉक प्रिंटिंग का काम कर रही हैं। नोडल ने निर्देश दिए कि महिलाओं को समूह से जोड़कर सशक्त बनाया जाए और त्योहारों पर बेस्ट प्रैक्टिस मॉडल विकसित किया जाए। नोडल ने उपायुक्त उद्योग से सीएम युवा उद्यमी योजना, ओडीओपी और स्वरोजगार योजना की प्रगति जानी और युवाओं को अभियान चलाकर अधिक से अधिक बैंक समन्वय से रोजगारपरक योजनाओं से जोड़ने को कहा। पीओ डूडा ने पीएम आवास शहरी की प्रगति बताई। नोडल ने निर्देश दिए कि एनयूएलएम के तहत 100 महिलाओं को आरसेटी से ब्यूटीपार्लर प्रशिक्षण दिलाकर स्वरोजगार से जोड़ा जाए। एआरसीएस रजनीश प्रताप सिंह ने बताया कि समितियों में 60 गोदामों के लक्ष्य के सापेक्ष 51 तैयार हो चुके हैं। वहीं बी पैक्स समितियों द्वारा जनसुविधा केंद्र और जनऔषधि केंद्र भी संचालित किए जा रहे हैं। सीवीओ ने गौ आश्रय स्थलों की स्थिति बताई। पीओ नेडा ने पीएम सूर्य घर योजना की जानकारी दी। नोडल ने कहा कि सरकारी दफ्तरों और पुलिस थानों को सोलर ऊर्जा से संतृप्त किए जाने का डेटाबेस तैयार किया जाए। अधीक्षण अभियंता विद्युत से रिवैंप योजना और ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग की प्रगति भी जानी गई।

# राम जानकी मंदिर से 100 मीटर की दूरी पर देसी ठेका शराब की दुकान ग्रामीणों में रोश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भीखमपुर। कस्बे के मुख्य मार्ग पर शहीद राजनारायण मिश्र के गेट के पास मधुशाला ठेका देशी शराब की दुकान होने को लेकर कस्बे के ग्रामीणों ने विरोध जताया है।कस्बे के युवाओं ने शहीद गेट के पास से शराब की दुकान हटाने की मांग की है। लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग से कस्बे के अंदर जाने वाले मार्ग पर 1साल पहले अमर शहीद राजनारायण मिश्र की स्मृति में शहीद द्वार बनवाया गया था।कुछ महीने पहले ठेका देशी शराब की दुकान खुल जाने से कस्बे के लोग अंदर खाने विरोध कर रहे थे।कस्बे के रानू पांडे, दिवाकर पांडे,सीतेश,सचिन मिश्र,सरोज कुमार,तनवीर यादव,मिथिलेश कुमार,ललित कुमार, संतकिशोर,दिलीप,सतीश,अवनीश पांडे,समेत कई युवाओं का कहना है कि दारू ठेका से महेश 100 मीटर की दूरी पर राम जानकी मंदिर बना हुआ है और गांव की महिलाएं और श्रद्धालु लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग पर स्थित रामजानकी मंदिर में दर्शन करने जाते रहते हैं। आते जाते समय गेट के पास शराब पीने वालों की भीड़ लगी रहती है। दारू के गिलास और सीसी रोड पर पड़ी रहती है शहीद गेट के पास दारू पीने वाले गाली गलौज भी करते रहते हैं अलादीन मारपीट और गली का रोग होता रहता है ।इसलिए ग्रामीणों को निकलने में काफी दिक्कतें होती है।कस्बे के अन्य लोगों का कहना है कि शहीद गेट के पास शराब बिकने से अमर शहीद राज नारायण मिश्र का अपमान हो रहा है।इस संबंध में कस्बे की जनता का कहना है कि महिलाओं,श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को शहीद द्वार के पास ही ठेका देशी शराब का होने से दिक्कतें हैं तो इस दुकान का स्थान बदल देना चाहिए। जिससे निकलने वाले लोगों को दिक्कतें न हों जिसकी लिखित शिकायत आइजीआरएस के माध्यम से ग्रामीणों ने आबकारी विभाग को दी है ।

# आदमखोर जानवर ने बनाया किसान को निवाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**ग्रामीणों में आक्रोश,प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी**

**मौके पर पहुँचे क्षेत्रीय विधायक, प्रशासन भी रहा मौजूद**

सीतापुर। नरनी गांव के रहने वाले विगत दिनों कुछ दिन पूर्व सौरभ की मौत बाघ के खाने से हो गयी थी। जिसके बाद क्षेत्रीय लोगो मे बाघ का आतंक बना हुआ है। आमजनमानस खौफ के माहौल में जीने को दूभर हैं। बाघ के खौफ से जनता अभी उबर नही पाई थी कि तहसील महोली के बसारा गांव में एक युवक जंगली जानवर का शिकार हो गया हैं। जानकारी के अनुसार बसारा के रहने वाले किसान राकेश वर्मा दोपहर के बाद खेतो में घास काटने के लिए गए थे।काफी समय बाद जब वापस घर नही लौटे तो परिजनों को चिंता होने लगी। जिसके बाद परिजन गांव के कुछ लोगो के साथ राकेश की खोज करने के लिए खेत पहुँचे तो देखा राकेश का शव खून से लथपथ खेत मे पड़ा हुआ है।जिसके बाद ग्रामीणों ने जंगली जानवर को देखा । डर कर ग्रामीणों द्वारा शोर मचाया जाने लगा। शोर सुनकर आसपस के लोग एकत्रित हो गये।ग्रामीणों के अनुसार बाघ के द्वारा युवक को खाया जाने की पुष्टि की जा रही हैं। लेकिन वन विभाग अभी तक बाघ को मानने से इंकार कर रहा है।लोगो मे वन विभाग के प्रति नारेबाजी करते हुए आक्रोश को प्रकट किया गया।खबर लिखे जाने तक शव का परिजनों ने पोस्टमार्टम हेतु प्रशासन के शुपुर्द नही किया। सूचना पाकर मौके पर पहुँचे क्षेत्रीय विधायक ने परिजनों को सांत्वना दी व वन विभाग को लगातार क्षेत्र में गश्त करने के लिए निर्देशित किया। पूर्व विधायक महोली अनूप ने प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि वन प्रशासन लाचार हैं लगातार क्षेत्र में घटनाये हो रही हैं वन विभाग केवल पदचिन्हों की खोज कर रहा है। मौके पर उपजिलाधिकारी महोली,क्षेत्राधिकारी महोली सहित भारी संख्या में फोर्स मौजूद रहा।

## किसानों को सिंचाई उपकरणों पर मिलेगा 90% तक अनुदान : उद्यान विभाग

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जनपद में किसानों के लिये खुशखबरी-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत कृषि (गन्ना, गेंहू, सरसों आदि)/औद्यानिक (शाक भाजी, आलू, मटर, आम आदि) फसलों में कृषकों को कम लागत में गुणवत्तायुक्त अधिक उत्पादन, रोग रहित फसल, सिंचाई की लागत में कमी, खरपतवार पर नियंत्रण के साथ-साथ पानी में उर्वरकों को मिलाकर फसलों को पोषक तत्व देने में आसानी आदि के लिये ड्रिप/स्परिंकलर के जरिए फौव्वारा व टपक सिंचाई पद्धति के लिए जनपद में कुल 2012 हेक्टेयर में उद्यान विभाग सिंचाई के लिए पर ड्रॉप मोर क्रॉप (माइक्रो इरीगेशन) योजनान्तर्गत पहले आओ पहले पाओ के तहत किसानों को पोर्टेबल स्प्रिंकलर, ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर और रेनगन आदि सिंचाई उपकरणों की स्थापना पर अनुदान दिया जाएगा। इसके जरिए सिंचाई करने पर भूगर्भ जल की बचत होगी। ड्रिप/स्परिंकलर सिस्टम के सेट पर लघु, सीमांत किसानो को 90 व सामान्य किसान को 80 फीसद अनुदान दिया जाएगा। किसानों को पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रो इरीगेशन योजना का लाभ लेने के लिए विजिट करना होगा एंव शासन की ओर से स्वीकृत फर्म/संस्था के माध्यम से किसानों की सिंचाई प्रणाली स्थापित की जायेगी। योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को निधारिंत कृषक अंश का भुगतान करना होगाइस योजना से जुड़ी अधिकारी जानकारी के लिये जिला उद्यान कार्यालय, राजकीय पौधशाला स्वरूपनगर परिसर सीतापुर से सम्पर्क कर सकते हैं।

## सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के लिए तकनीकी उन्नयन योजना : नई मशीनरी पर 50% तक अनुदान

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र संजय सिंह ने सूचित किया है कि शासन द्वारा सूक्ष्म एवं लघु औद्योगिक इकाईयों को अत्याधुनिक तकनीकी के आयात/क्रय एवं गुणवत्ता में वृद्धि तथा उत्पादकता में सुधार हेतु तकनीकी उन्नयन योजना संचालित है। योजनान्तर्गत सूक्ष्म एवं लघु औद्योगिक इकाईयों को निम्न मदों में सहायता/अनुदान प्रदान किये जाने की व्यवस्था है- 1-पूंजी उपादान:-नई मशीनरी क्रय का 50 प्रतिशत अधिकतम रू0 5.00 लाख तक। 2-ब्याज उपादान:-नई मशीनरी के क्रय हेतु लिये गये ऋण पर 05 प्रतिशत की दर से 05 वर्ष तक।3-उद्यम स्त्रोत योजना:-कुल पूंजी लागत का 50 प्रति0 अधिकतम रू0 1.00 लाख तक। 4-कन्सलटेन्सी सहायता:-मान्यता प्राप्त संस्थाओं से परामर्श प्राप्त किये जाने पर व्यय का 50 प्रतिशत अधिकतम रू0 1.00 लाख। 5-ब्राण्डिंग:-इकाई द्वारा उद्यम ज्ञापन दाखिल करने एवं विकसित ब्राण्ड के नाम 03 वर्ष तक विपणन करने पर अधिकतम रू0 1.00 लाख । 6-बौद्विक सम्पदा:-कुल व्यय का 50 प्रतिशत अधिकतम रू0 2.00 लाख। 7-प्रदेश के अन्तर्गत आने वाले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एन0सी0आर0) के एइङ्ख्र मानकों के अनुरूप विनिर्माण इकाईयों में प्रयुक्त जनरेटर के गैस आधारित परिर्वतन ड्यूल फयूल मोड, 100 प्रतिशत अथवा रिट्रों फिटेड इमीशन कन्ट्रॉल डिवाइसेज (ईसीडीएस) अथवा पूर्णरूपेण एलपीजी/नेचुरल गैस/बायोगैस/प्रोपेन/ब्यूटेन फयूल आदि अथवा मानकों के अनुरूप नये जनरेटर के क्रय हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। उपरोक्त विषयक विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, औद्योगिक आस्थान सरांय मल्हुई सीतापुर से प्राप्त की जा सकती है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एनसीओआरडी की जिला स्तरीय बैठक हुई सम्पन्न दिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में एनसीओआरडी की जिला स्तरीय बैठक कलेक्टेट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में विगत माह में किए गए कार्यों के समीक्षा की गई एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी कार्यवाही करने एवं आपसी समन्वय स्थापित कर सूचना तंत्र विकसित कर अधिक मात्रा में मादक पदार्थ अपहृत करने हेतु निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व,अपर जिलाधिकारी न्यायिक, सिटी मजिस्ट्रेट, पुलिस उपाधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप जिलाधिकारी कलीनगर,उप जिलाधिकारी पुरनपुर,सीमा सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी,जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी,समाज कल्याण अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी ,वन विभाग के अधिकारी,औषधि निरीक्षक सहित समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## फर्जी कॉल सेंटर चला ठगी करने वाले 26 आरोपितों को मिली जमानत

वाराणसी । उत्तर प्रदेश के वाराणसी में फर्जी कॉल सेंटर चलाकर ठगी करने वाले 26 साइबर आरोपियों को कोर्ट से शनिवार को राहत मिल गई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मनीष कुमार की अदालत ने आरोपित किशन झा, शुभम राय, नीतीश कुमार राय, पवन कुमार पाण्डेय, शुभम जायसवाल, ज्ञानेंद्र राय, सूर्याश गुप्ता, चंदन पाण्डेय समेत 26 आरोपियों को 25-25 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंध पत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया।

# नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के तहत किसानों को कराया गया प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । उप कृषि निदेशक ने बताया कि आज दिनांक-30.08.2025 को प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ-साथ किसानों को प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए जनपद के विकास खण्ड-खैराबाद के सरैया सानी व सरॉय यूसुफ, विकास खण्ड लहरपुर के करस्यौरा व खानपुर, विकास खण्ड-बिसवां के गुरेरा व बजेहरा नसीरपुर, विकास खण्ड महमूदाबाद के देवरिया व लच्छीपुर, विकास खण्ड कसमण्डा के ललवा व कोनामऊ तथा विकास खण्ड मिश्रिख के शिवथान, लकड़ियामऊ व अटवा कलस्टर के कृषकों का नेशनल मिशन आन नेचुरल फ्रार्मिंग योजना अन्तर्गत प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसान भाइयों को जागरूक करने उद्देश्य से प्रशिक्षण कृषि विज्ञान केन्द्र, कटिया मानपुर के वैज्ञानिकों के द्वारा कराया गया। चयनित कलस्ट के कृषकों को संगठित करने के लिये कृषि सखी/सी0आर0पी0 का चयन किया गया है। प्रशिक्षण में कलस्टर के कृषकों को प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित करने तथा प्राकृतिक खेती के आदानों जैसे-जीवामृत, बीजामृत एंव घनजीवामृत आदि आनफार्म आदानों/इनपुट की तैयारी का प्रशिक्षण दिया गया।

## टावर पर तिरंगे के ऊपर लगाया धार्मिक झंडा

हाथरस,। कस्बे में एक स्कूल के पास स्थित मोबाइल टावर पर शरारती तत्वों द्वारा धार्मिक झंडा लगाए जाने का मामला सामने आया है। टावर पर तिरंगे के ऊपर धार्मिक झंडा देखा गया। इससे आसपास चर्चाएं तेज हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही करणी सेना के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। कोतवाली सादाबाद की पुलिस फोर्स तुरंत मौके पर पहुंची।

# सूचना न देने पर जनपद लखीमपुर के जिला पंचायत राज अधिकारी पर 25 हजार का जुर्माना

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी । लखनऊ राज्य सूचना आयुक्त पदुम नारायण द्विवेदी ने की कार्रवाई, अधिरोपित 25,000 अर्थदण्ड की वसूली का आदेश पारित करते हुए साथ ही उनके विरुद्ध अधिनियम की धारा-20 (2) के तहत विभागीय / अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए विभागाध्यक्ष / नियोक्ता से संस्तुति के भी दिए आदेश अपीलकर्ता/व उनके प्रतिनिधि श्री रोहित त्रिपाठी ने बताया सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के तहत अपीलकर्ता को सूचना न देने पर राज्य सूचना आयुक्त पदुम नारायण द्विवेदी ने लखीमपुर खीरी के पंचायती राज अधिकारी पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। इस रकम की वसूली उनके वेतन से की जाएगी। दण्डादेश की वसूली के क्रम में रजिस्ट्रार, उ0प्र0 सूचना आयोग, लखनऊ को निर्देशित किया जाता है कि प्रतिवादी जनसूचनाधिकारी / जिला पंचायत राज अधिकारी, जनपद- लखीमपुर खीरी के उक्त दोनों जनसूचनाधिकारियों के वेतन से आयोग द्वारा अधिरोपित अर्थदण्ड रु0 25,000/- की कटौती कराया जाना सुनिश्चित करें तथा वसूली की आख्या पत्रावली पर संरक्षित करवाएं। ट्रेजरी, लखीमपुर खीरी को भी निर्देशित किया जाता है कि अर्थदण्ड की धनराशि उक्त दोनों जन सूचनाधिकारियों के वेतन से कटौती करते हुए आयोग को अवगत कराएं। विभागीय कार्यवाही की संस्तुति के क्रम में प्रमुख सचिव, पंचायती राज विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को इस आशय से पारित आदेश की प्रति प्रेषित की जा रही है कि कृपया उक्त दोनों प्रतिवादी जनसूचनाधिकारी / जिला पंचायत राज अधिकारी, जनपद- लखीमपुर खीरी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की संस्तुति के क्रम में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए अपनी आख्या से आयोग को अवगत कराएं। पारित आदेश की प्रति रजिस्ट्रार, उ0प्र0 सूचना आयोग, लखनऊ तथा प्रमुख सचिव, पंचायती राज विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जाए।

अपीलकर्ता ने संबंधित दण्ड अधिरोपित/विभागीय कार्यवाही में न्यायिक विधिक बाधा न उत्पन्न हो इसके सम्बन्ध में माननीय उच्च न्यायालय खंडपीठ लखनऊ में संबंधित आदेश दिनांकित 19- 08-2025 अपील संख्या एस 5/ए/0414/2024 में केविएट भी फाइल कर दी है।

# शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए खेलों को अपनाएं छात्राएं: एडीजे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**खेल दिवस के लिए वक्तव्य में मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए शारीरिक स्वास्थ्य और खेल के महत्व पर जोर दिया जाता रहा है**

**यह दिन न केवल उनके असाधारण खेल कौशल का सम्मान करने का दिन है, बल्कि हमारे जीवन में खेलों के महत्व को याद करने का भी दिन है: शिव कुमारी**

बदायूँ। उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुक्रम में एवं जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के निर्देशानुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं द्वारा शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता व जागरूकता शिविर का आयोजन मदर पब्लिक स्कूल, बदायूं में आयोजित किया गया।

शिविर का शुभारम्भ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी की अध्यक्षता में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित किया गया। इसी कम में उक्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं की 02 टीमें ए और बी के रूप में गठित कर खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम टीम से प्रथम स्थान पर चयनित प्रतिभागी छात्रा ओजस्वी, द्वितीय स्थान पर चयनित सर्वश्रेष्ठ खिलाडी छात्रा सुश्री प्रतिज्ञा, द्वितीय टीम से प्रथम स्थान पर चयनित सर्वश्रेष्ठ खिलाडी छात्रा सुश्री अनवेशा द्वितीय स्थान पर चयनित सर्वश्रेष्ठ खिलाडी छात्रा सुश्री दिव्याशी, जैन को ए0डी0जे0, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के द्वारा प्रस्शति-पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।इसी कम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश , सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं शिव कुमारी द्वारा अपने वक्तव्य में कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्राओं को 29 अगस्त को, हम अपने महान हॉकी खिलाड़ी, मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मना रहे हैं। खेल दिवस के लिए वक्तव्य में मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए शारीरिक स्वास्थ्य और खेल के महत्व पर जोर दिया जाता गया, खेल से सभी को एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है।

यह दिन न केवल उनके असाधारण खेल कौशल का सम्मान करने का दिन है, बल्कि हमारे जीवन में खेलों के महत्व को याद करने का भी दिन है। खेल हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने से कहीं ज्यादा सिखाते हैं। ये टीम वर्क, अनुशासन, धैर्य और नेतृत्व जैसे महत्वपूर्ण जीवन के सबक सिखाते हैं। ये एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करते हैं और धरित्र निर्माण करते हैं। मेजर ध्यानचंद को 'हॉकी का जादूगर' कहा जाता है। उन्होंने अपने जादुई खेल से हमारे देश को गौरवान्वित किया है। हम उनके समर्पण, कड़ी मेहनत और खेल भावना से प्रेरणा लेते हैं। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जीत से ज्यादा खेल में भाग लेना और खेल भावना महत्वपूर्ण है। हमें अपने शरीर और मन को स्वस्थ रखने के लिए खेलों को अपनाना चाहिए। आइए, आज हम सब यह प्रण लें कि हम अपने जीवन में खेलों को अपनाएंगे और एक स्वस्थ और सक्रिय भविष्य की ओर बढ़ेंगे।शिविर के अन्त में सभी छात्राओं को अपने वक्तव्य में बताया कि छात्राओं को शिक्षित होना चाहिऐ व अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना चाहिए। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सेवायें प्रदान की जाती है, यदि किसी प्रकार पीड़ित के अधिकारों का उल्लंघन होता है तो वह अपने शिकायती प्रार्थना-पत्र कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं व सम्बन्धित थाना में निःसंकोच केस दर्ज करा सकते हैं, एवं साथ ही कार्यकम में उपस्थित छात्राओं से आह्नावान किया गया कि अपने आस-पास के परिवेश में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें, तथा स्वच्छता का भी विशेष ध्यान रखें एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं के टोल फ्री नम्बर 15100 पर भी कॉल कर विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं, इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में, जिला प्रोबेशन कार्यालय की तरफ से श्रीमती छवि वैश्य, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूं का स्टाफ व असिस्टेन्ट, एल0ए0डी0सी0एस0 सुश्री कशिश सक्सेना एवं पराविधिक स्वयं सेवकगण, मदर पब्लिक स्कूल, बदायूं की प्रभारी प्रधानाचार्या डॉ0 दीपाशिखा पन्त व विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। इसके उपरान्त शिविर के अध्यक्ष की अनुमति से उक्त शिविर का समापन किया गया। इसके अतिरिक्त 13 सितम्बर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन स्तर पर सुलह समझौते के आधार पर आप अपने वादों का निस्तारण करा सकते हैं।

## संदिग्ध परिस्थिति में गर्भवती विवाहिता की मौत

बबराला। गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव बहलोलपुर में बुधवार रात गर्भवती विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। घटना के बाद ससुरालीजन घर का सामान समेटकर फरार हो गए। गांव बहलोलपुर निवासी श्यामसुंदर की पत्नी धर्मवती (22) का शव गुरुवार सुबह घर में पड़ा मिला। मृतका के भाई लवकुश, निवासी लहरा नगला श्याम ने आरोप लगाया कि शादी के दो साल से ही धर्मवती को दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जा रहा था। सुबह करीब पांच बजे उन्हें सूचना मिली कि बहन की मारपीट कर हत्या कर दी गई है। परिजन मौके पर पहुंचे तो घर खाली मिला और धर्मवती का शव जमीन पर पड़ा था। मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मारा छापा, हड़कम्प

संभल। बीकानेर एक्सप्रेस रेस्टोरेंट मझावली पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा छापा मारा गया। मौके पर किचन एवं स्टोर रूम में साफ़ सफाई संतोष जनक नहीं पायी गई। साथ ही काजू पैकेट मार्च 2025 में एक्सपायर्ड, ऑरेगैनो पैकेट मई 2025 में एक्सपायर्ड, टॉप्स विनेगर की 12 बॉटल जो अप्रैल 2025 में एक्सपायर्ड थी भंडारित पायी गई जिनको जनहित में तत्काल नष्ट कराया गया एवं अरहर दाल में रंग की मिलावट एवं पनीर में अपमिश्रक की मिलावट के दृष्टिगत नमूना संग्रहित कर जाँच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम एवं नियमों के उल्लंघन के दृष्टिगत नोटिस अंतर्गत धारा 32 जारी किया गया जिसके अनुपालन ना किए जाने पर लाइसेंस निलंबीकरण की कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही के दौरान मानवेंद्र सिंह सहायक आयुक्त खाद्य ऋ राजीव कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहे ।

## डंपर की टक्कर से टकराकर महिला ने तोड़ा दम

बदायूं। गौरी शंकर मंदिर तिराहे पर एक डंपर ने एक महिला को टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला जमीन पर गिरते ही बेहोश हो गई लेकिन उसकी सास हल्की हल्की चल रही थी। मंडी चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर नीरज कुमार तत्काल महिला को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला के पास से मिले पत्रजात से ज्ञात हुआ कि महिला हजरत पुर थाना क्षेत्र के ग्राम हजरत पुर की रहने वाली है और उसका नाम अनुराधा देवी पत्नी सुरेंद्र सिंह है। उसके परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

## पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक आयोजित

संभल। संभल पुलिस अधीक्षक के के बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग आज सुबह 10 बजे महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में महिला थाने में संपन्न हुई जिसमें पति-पत्नी के मध्य भी आपसी विवादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करने का प्रयास काउंसलन द्वारा किया गया जहां कुल 109 पत्रावली सुनकर 27 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया तथा 10 परिवार को मिलाया गया तथा 14 पत्रावलियों को न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की संतुति की गई। एवं 3 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई।इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट, श्वेता गुप्ता सीमा आर्य कंचन महेश्वरी तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक रश्मि गहलोत ज्योति आदि लोग उपस्थित रहे।

## पत्नी की जिद्द के आगे झुका पति

संभल। पत्नी की जिद् के आगे झुका उसका पति एक मामला थाना सम्भल का ऐसा आया जहां लड़के की शादी को एक साल ही हुआ था लड़का एक होटल में थाना मधुबन जिला करनाल पंजाब में कार्य करता है और वो शादी के उपरांत अपनी पत्नी को अपने साथ लेकर पंजाब चला गया जहां से उसकी पत्नी बिना बताए घर छोड़कर चली गई जिसकी सूचना उसने थाना मधुबन में दर्ज कराई और पुलिस की मदद से अपनी पत्नी को ढूंढा और अपने गांव छोड़कर पुनः पंजाब चला गया उसकी पत्नी बिना बताए बहा से अपने बहनोई के पास ग्राम ढक्का नागलिया जिला मुरादाबाद के पास पहुंच गई लड़का को उसके जाने की सूचना मिली तो वो पंजाब से वापिस आया और अपनी पत्नी को ढूंढने लगा पता चला की वो अपने बहनोई के पास है जब वो उसे बुलाने गया तो उसकी पत्नी ने उसके साथ आने से साफ इंकार कर दिया और अपने बहनोई के साथ ही अपना जीवन बिताने की बात करने लगी मजबूर होकर उसने इसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई से की उन्होंने मामले को पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र भेज दिया जहां विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट ने दोनों को काफी समझाने का प्रयास किया परन्तु लड़की अपनी जिद पर अड़ी रही और बोली यदि मुझे जबरजस्ती बुलाकर ले गए तो में मर जाऊंगी मैं अपने जीजा के साथ ही अपना जीवन बताऊंगी और मजबूर होकर पति ने उसको उसके जीजा के साथ रहने देने का समझौता कर लिया और अपनी पत्नी को उसके जीजा के घर छोड़ने ले कर चला गया।

## भगवान बलदाऊ जी महाराज का धूमधाम मनाया गया जन्मोत्सव

अनूपशहर। बलदेव छठ पर भगवान बलदाऊ जी महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने दाऊजी की पूजा-अर्चना का मनौतियां मांगी। शुक्रवार की देर शाम नगर की अग्रवाल धर्मशाला स्थित प्राचीन दाऊजी मंदिर में अग्रवाल सेवा समिति द्वारा भगवान श्री कृष्ण के बड़े भाई बलदाऊ के जन्मोत्सव को बलदेव छठ के रूप में धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के पुजारी पं. ऋषभ शर्मा ने बताया कि सुबह दाऊजी महाराज की प्रतिमा का अभिषेक कर परंपरागत तरीकों से सुंदर पोशाक पहनाकर पूजा-अर्चना की गई। मंदिर परिसर को विद्युत झालरों फूलों की मालाओं से सजाया गया। मंदिर में आये सभी श्रद्धालुओं व समिति के सभी सदस्यों को माखन, मिश्री, पंचामृत व छप्पन भोग का प्रसाद वितरित किया गया। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। इस मौके पर अभय गर्ग, सीताराम गोयल, सुनील गुप्ता, राजकुमार जिंदल, देवेश गोयल, सुनील सेतुआ, पंकज गर्ग, शिवकुमार गर्ग, मनोज गोयल, नवीन अग्रवाल, मोनू बंसल, रमन गोयल, आयुष गोयल, दिवस गर्ग, पीयूष गोयल, कालू शर्मा आदि मौजूद रहे।

## 9 किलोमीटर साईकिल प्रतियोगिता साइक्लोथान (पैडल पॉवर) का आयोजन

गोरखपुर। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर 29 अगस्त 2025 को 09 किलोमीटर की साईकिल प्रतियोगिता साइक्लोथान (पैडल पॉवर) सिविल लाईन्स, गोरखपुर से शुरू होकर नौकायन तक तथा वापसी में स्कूल तक का आयोजन द् पिलर्स पब्लिक स्कूल, सिविल लाईन्स गोरखपुर द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 300 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतिभागियों ने अपने पूरी शक्ति, संतुलन, उर्जा एवं गतिशीलता का प्रदर्शन किया, जिसका दर्शकों ने जोरदार तालियों के साथ उत्साहबर्धन किया। आयोजित प्रतियोगिता में श्री सुबोध कुमार मिश्र के पुत्र *श्री अर्षित कुमार मिश्र* ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फलस्वरूप श्री अर्षित को अत्याधुनिक रेन्जर साईकिल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।

# अल कायदा, आईएसआईएस और सिमी आतंकियों का गढ़ रहा है संभल , होती थी कैंपस रिक्रूटमेंट

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अल कायदा इंडिया सबकोंटिनेंट का पहला चीफ संभल का ही रहने वाला था। 2014 में आयमन अल जवाहिर ने वीडियो मैसेज जारी करके की घोषणा की थी**

संभल। उत्तर प्रदेश का संभल कई प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों का गढ़ रहा है। अल कायदा इंडिया सबकोंटिनेंट का हब रहा है। संभल आईएसआईएस,इडऋट्ट, हरकत-उल-मुजाहिद्दीन, स्टूडेंट ऑफ अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी SAMU-ISIS जैसे कई प्रतिबंधित आतंकी संगठन का एपिक सेंटर और गढ़ है।अल-कायदा,आईएसआईएस, और हिज़्बुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों के सदस्यों ने संभल में भर्ती और गतिविधियां चलाई हैं। कई आतंकवादियों का संभल से संबंध है,जिनमें से कुछ को गिरफ्तार किया गया है और कुछ अभी भी फरार हैं। अल कायदा इंडिया सबकोंटिनेंट का पहला चीफ संभल का ही रहने वाला था। 2014 में आयमन अल जवाहिर ने वीडियो मैसेज जारी करके की घोषणा की थी। मौलाना असीम उमर उर्फ सनाउल हक इडऋट्ट का पहला चीफ था जो 2019 में अफगानिस्तान में अमेरिकी ड्रोन हमले में मारा गया था। मौलाना असीम उमर का बयान सोशल मीडिया पर मौजूद है, जिसे सुनकर अच्छे-अच्छे नौजवान आतंकी बन जाते हैं। संभल का रहने वाला मोहम्मद उस्मान अल कायदा का आतंकी फिलहाल पाकिस्तान की जेल में बंद है। मोहम्मद शरजील अल कायदा का आतंकी संभल का रहने वाला फिलहाल फरार है,एजेंसियों को उसकी तलाश है,उसके पाकिस्तान में होने की खबर है। संभल में एक्टिव संगठनों का किन-किन आतंकी संगठनों से लिंक है, उसकी डिटेल रिपोर्ट में जानिए। मोहम्मद आसिफ पुत्र अताउर्रहमान अलकायदा इन इंडियन सब-कॉन्टिनेंट का भारत प्रमुख (दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल द्वारा 2015 में गिरफ्तार किया गया। इसने 2023 में सजा पूरी की। जफर मसूद उर्फ गुड्डू पुत्र मसूदुल हसन जो इडऋट्ट से जुड़ा, आतंकियों की भर्ती और फंडिंग में शामिल था।(2015 में गिरफ्तार, 2023 में सजा पूरी)। शनाउलहक उर्फ आसिम उमर पुत्र इरफानुल हक जो अलकायदा दक्षिण एशिया प्रमुख (संभल में जन्मा, 2019 में अफगानिस्तान में अमेरिकी कार्रवाई में मारा गया।असद हिलाल पुत्र अख्तर हुसैन जो 2000 में दिल्ली से पकड़ा गया, इसका हिजबुल से संबंध था। हबीबुर्रहमान पुत्र अताउर्रहमान इसका भी हिजबुल से संबंध था,ये वर्तमान में निजी व्यापार करता है। मोहम्मद वसीम पुत्र ताहिर हुसैन,जिसका हिजबुल से संबंध था ये ईंट भट्ठा का कारोबार करता है,हनीफ निवासी दीपा सराय,इसका भी हिजबुल से संबंध था, वर्तमान में इसकी लोकेशन अज्ञात है। हिफजुर्रहमान उर्फ हिफजी सिमी से जुड़ा हुआ था ये बाद में बरी कर दिया गया,वर्तमान में प्लास्टिक सामान का ठेला लगाता है,रईस अहमद भी सिमी से जुड़ा था,बाद में बरी कर दिया गया,ये वर्तमान में मिशन इंटरनेशनल अकादमी, हयातनगर में पढ़ाता है।नाजिम पुत्र अली संदिग्ध,संभल-अलीगढ़ रूट पर टैक्सी चालक को एटीएस ने पकड़ा,नोमान पुत्र अब्दुल गफ्फार अलीगढ़ में पढ़ा, हैंडीक्राफ्ट का काम करता था,इसको एटीएस द्वारा गिरफ्तार किया गया,नावेद पुत्र अब्दुल सिद्दीकी को जाट कॉलोनी,चंदौसी; गदरपुर (उत्तराखंड) से गिरफ्तार किया गया,अब्दुल समद पुत्र मुकीम अहमद संभल निवासी, आईएसआईएस पुणे मॉड्यूल से जुड़ा, 10 जनवरी 2024 को लखनऊ कोर्ट में सरेंडर किया।संभल के रहने वाले कुछ ऐसे भी संदिग्ध हैं,जिनका संबंध अलग-अलग आतंकी संगठनों से था,लेकिन आज की तारीख में वो फरार बताए जा रहे हैं।सईद अख्तर उर्फ नावेद उर्फ कमाल अख्तर पुत्र मोहम्मद अथर वर्ष 1998 से दीपा सराय संभल से तापता है,उस्मान पुत्र खुर्शीद वर्ष 2007 से दीपा सराय संभल से लापता है,शरजिल पुत्र निहाल अख्तर साल 2013 से दीपा सराय संभल लापता है।

## संभल के विकास पर जनप्रतिनिधियों ने की चर्चा, लिये गये महत्वपूर्ण निर्णय

चंदौसी । परमेश्वर लाल सैनी जी पूर्व संभल लोक सभा प्रत्याशी एवं पूर्व एमएलसी तथा अंकित जैन जिला कोषाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी पहुंचे, कल पांच कालिदास मार्ग लखनऊ में प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री परम पूजनीय योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर शाम को भेंट हुई । जिसमें संभल के लिए विकास पर चर्चा हुई आदरणीय मुख्यमंत्री से अनुरोध किया की कोई बड़ी इंडस्ट्री संभल के लिए दें जिसमें बेरोजगार लोगों को रोजगार मिल सके एवं संभल के तीर्थ क्षेत्र के विकास के लिए मान्य मुख्यमंत्री से चर्चा की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल के विकास के लिए एवं संभल तीर्थो के विकास के लिए हमारी बात को सुना महाराज जी से अनुरोध किया । जनपद संभल में पी ए सी बटालियन और सीमा सुरक्षा बल की छावनी को भी स्थापित किया जाए जल्द से जल्द इसके साथ ही चंदौसी संभल गजरौला होते हुए रेल लाइन की पुरानी मांग को दोबारा से अनुरोध किया साथ ही चंदौसी में भगवान श्री गणेश की एवं भगवान श्री राम की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए अनुरोध किया गया ।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर विद्यालय में किया गया विभिन्न खेलों का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 'राष्ट्रीय खेल दिवस' के उपलक्ष्य में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के चारों सदनों व्यास, नारायण, पाराशर एवं वशिष्ठ सदन के छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग लिया। खेलों का प्रारंभ गुरु परंपरा पूजन के साथ हुआ। तत्पश्चात बैलेंसिंग द बॉल रेस, वन लेग रेस, क्रोकोडाइल रेस, बैलून बैलेंसिंग रेस, पासिंग द बॉल एवं वॉली बॉल टूर्नामेंट आदि खेलों को खेला गया। जिसमें बैलेंसिंग द बॉल रेस एवं क्रोकोडाइल रेस में पाराशर सदन ने प्रथम एवं व्यास सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा पासिंग द वॉल खेल में नारायण सदन ने प्रथम एवं पाराशर सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 5 की बैलून बैलेंसिंग रेस में आदित्य सिंह और प्रतीक राठौर संयुक्त रूप से प्रथम एवं अंकुश और रोहित को द्वितीय स्थान पर घोषित किया गया।इसी के साथ वॉलीबॉल टूर्नामेंट के अंतर्गत छात्रों को दो टीमों में टीम 'अ' एवं 'ब' टीम में विभाजित किया गया। दोनों टीमों द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया। इसका परिणाम विद्यालय के शिक्षक राजीव सिंह चौहान के द्वारा घोषित किया गया। जिसमें टीम 'अ' को विजेता घोषित किया गया। खेलों का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ और अंत में प्रसाद वितरण किया गया। विद्यालय में इन खेलों का आयोजन खेल प्रभारी प्रार्थना सोलंकी द्वारा किया गया एवं मंच संचालन शिक्षक कमल किशोर के द्वारा किया गया एवं धन्यवाद प्रस्ताव शिक्षिका अनुराधा शर्मा द्वारा किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य के के वर्मा जी ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के लिए लाभदायक है। क्योंकि यह शारीरिक और मानसिक विकास में सहायता प्रदान करता है। वे लोग जो खेलों में अधिक रुचि रखते हैं, अधिक स्वस्थ रहते हैं, खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है। इस मौके पर विद्यालय मीडिया प्रभारी- राजीव सिंह चौहान एवं श्वेता सैनी सहित समस्त शैक्षिक स्टाफ उपस्थित रहा।

# ब्लूमिंगडेल स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन, बच्चों ने किया प्रतिभाग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सभी खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी रुचि अनुरुप प्रतिभाग किया**

**कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख माल्यार्पण कर किया गया**

बदायूं। ब्लूमिंगडेल स्कूल परिसर में 'राष्ट्रीय खेल दिवस' की श्रृंखला में दूसरे दिन कक्षा-3 से कक्षा-8 के विद्यार्थियों हेतु अनेक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें दौड़, लॉन्ग जम्प, रिले रेस, शॉटपुट, जुम्बा व योगा सम्मिलित रहे।

सभी खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने अपनी रुचि अनुरुप प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात स्कूल प्रबन्धन द्वारा हरी झंडी देने पर इन स्पर्द्धाओं का प्रारम्भ हुआ। सभी प्रतियोगियों में उत्साह और जोश देखते ही बन रहा था। सभी छात्र जीत का जज्बा लिए अपनी प्रतिभा का सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे थे। उनके उत्साहवर्धन में सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान क्रीड़ा स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। इन प्रतियोगिताओं में कक्षा-3 से कक्षा-5 तक यलो हाउस प्रथम, ब्लू हाउस द्वितीय एवं ग्रीन हाउस तृतीय स्थान पर रहा। कक्षा-6 से कक्षा-8 में ग्रीन हाउस प्रथम, ब्लू हाउस द्वितीय एवं रेड हाउस तृतीय स्थान पर रहा। सभी प्रतिभागियों एवं विजयी छात्रों को सम्बोधित करते हुए स्कूल अध्यक्षा पम्मी मेंहदीरत्ता ने सभी को आशीर्वचन देते हुए विजयी सदन व छात्रों को शुभकामनाएं दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के क्रिया-कलापों के माध्यम से बच्चों में निहित प्रतिभा को उकेरा जाता है एवं उसे तराशकर, उनके लक्ष्य की ओर अग्रसर किया जाता है। इस मौके पर निदेशक ज्योति मेंहदीरत्ता, मैनेजिंग हेड ईशान व श्वेता मेंहदीरत्ता, प्रधानाचार्य संजीव सिंह राठौर, उपप्रधानाचार्य परशुराम मिश्रा, कॉर्डिनेटर मृणाल सक्सेना समस्त अध्यापक-अध्यापिकाएं, एकेडमिक हेड सौरभ गांगुली आदि ने उपस्थित रहकर सभी विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाया। इन सभी खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन मे खेल अध्यापक-अध्यापिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अधिवक्ता परिषद ब्रज जनपद इकाई सम्भल के स्वाध्याय मंडल की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**(Narcotic Drugs andPsychotropic Substances Act) है, भारत में नशीले पदार्थों और मानसिक रूप से प्रभावित करने वाले पदार्थों के नियंत्रण और विनियमन के लिए बनाया गया एक महत्वपूर्ण कानून है**

संभल। इकाई की एक बैठक बार रूम सभागार चंदौसी में आयोजित की गई, जिसमें मुख्य वक्त प्रेम प्रकाश विशेष लोक अभियोजन एनडी पीएस एक्ट ने एनडीपीएस एक्ट की जानकारी देते हुए बताया एनडीपीएस (NDPS) एक्ट, जिसका पूरा नाम नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट (Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act) है, भारत में नशीले पदार्थों और मानसिक रूप से प्रभावित करने वाले पदार्थों के नियंत्रण और विनियमन के लिए बनाया गया एक महत्वपूर्ण कानून है। इस अधिनियम का उद्देश्य मादक पदार्थों के अवैध उत्पादन, खरीद, बिक्री, परिवहन और उपभोग को रोकना है।यह एक कुछ महत्वपूर्ण कार्यों को प्रतिबंधित करता है, जैसे किसी भी नारकोटिक ड्रग्स या साइकोट्रोपिक सब्सटेंस का उत्पादन, निर्माण, कब्जा, बिक्री, खरीद, परिवहन, आयात, निर्यात और उपभोग करना।एक्ट में विभिन्न प्रकार के अपराधों के लिए सजा का प्रावधान है। सजा की गंभीरता जब्त की गई सामग्री की मात्रा पर निर्भर करती है: छोटी मात्रा (Small Quantity): इस मामले में 1 साल तक की जेल या 10,000 रुपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। मध्यम मात्रा (Intermediate Quantity): इस मामले में 10 साल तक की कैद और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।व्यावसायिक मात्रा (Commercial Quantity): इस मामले में 10 से 20 साल तक की कठोर कारावास और 1 लाख से 2 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। कुछ मामलों में जुर्माना 2 लाख से अधिक भी हो सकता है। इस एक्ट में किसी भी नारकोटिक ड्रग्स या साइकोट्रोपिक सब्सटेंस का उपभोग करने के अपराध से संबंधित है। इसमें 6 महीने से 1 साल तक की कैद और 10,000 से 20,000 रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। एन डी पी एस एक्ट में किसी अधिकारी को बिना वारंट के किसी भी संदिग्ध जगह की तलाशी लेने, गिरफ्तारी करने और सामान जब्त करने का अधिकार देती है, यदि उसे लगता है कि ऐसा करना आवश्यक आरोपी को तलाशी से पहले एक मजिस्ट्रेट या एक राजपत्रित अधिकारी के सामने अपनी तलाशी कराने का अधिकार देती है। यह एक महत्वपूर्ण सुरक्षात्मक प्रावधान है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि एनडीपीएस एक्ट के तहत आने वाले अपराध बहुत गंभीर माने जाते हैं और इनमें सख्त सजा का प्रावधान है। इस कानून का मुख्य उद्देश्य समाज को नशीले पदार्थों के दुरुपयोग से बचाना है।इस एक्ट में जमानत के बारे कुछ महत्वपूर्ण बिंदु हैजमानत मिलना मुश्किलः इस कानून के तहत जमानत आसानी से नहीं मिलती, खासकर जब पकड़ी गई ड्रग्स की मात्रा ''व्यावसायिक मात्रा'' (commercial quantity) में होती है।

## संस्कार पब्लिक स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन

अनूपशहर। संस्कार पब्लिक स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने कृष्णा- राधा , वेस्टर्न ड्रेस, डॉक्टर, सैनिक, रानी लक्ष्मीबाई, परी आदि बनकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।शनिवार को संस्कार पब्लिक स्कूल में बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार की ड्रेस पहनकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर कोशिका गर्ग अखबार से बनी हुई ड्रेस पहनकर आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में दामिनी गौड़, सरोजिनी भारद्वाज तथा अंजु गोयल रहीं। फैंसी ड्रेस कंपटीशन में क्रमशः प्रथम स्थान पर कोशिका गर्ग, माधव, तनीषा, यतिका एवं लक्ष्य द्वितीय स्थान पर सक्षम, अव्या, आयत, इनाया तथा तृतीय स्थान पर साइन ,भविष्य, पूर्विका, हिमानी आदि छात्र रहे। आयोजन में मीनाक्षी शुक्ला कुमकुम शर्मा अक्षता गर्ग अंशिका गर्ग आदि का सहयोग रहा।

# उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम योजनान्तर्गत कम पूँजी में उद्यम स्थापना व रोजगार सृजन में अग्रणी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ । प्रदेश की अर्थ व्यवस्था में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। प्रदेश के औद्योगिक विकास के साथ-साथ अधिक से अधिक रोजगार सृजित करने हेतु सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों के विकास, हस्तशिल्पियों के विकास तथा निर्यात प्रोत्साहन हेतु राज्य सरकार सतत प्रयत्नशील है। सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम कम पूँजी में स्थापित एवं व्यापक स्तर पर रोजगार सृजित करते हैं और पर्यावरण की दृष्टि से भी अधिक अनुकूल होते हैं। इन उद्यमों से प्रदेश का समावेशी एवं बहुआयामी विकास होता है।प्रदेश के औद्योगिक विकास तथा रोजगार सृजन में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के महत्व को ध्यान में रखते हुए इन उद्योगों को प्रोत्साहित करने एवं इस क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार सृजित किये जाने हेतु प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 28.09.2022 को नवीन एमएसएमई नीति-2022 घोषित की गयी है। नई नीति में रोजगार सृजन में 15 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि प्रस्तावित है। उद्योग स्थापना के लिए भूमि क्रय किये जाने पर पूर्वान्चल एवं बुन्देलखण्ड क्षेत्र तथा सम्पूर्ण प्रदेश की महिलाओं के लिए 100 प्रतिशत तथा शेष क्षेत्र में 75 प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी में छूट प्रदान की जा रही है।निवेश मित्र के माध्यम से उद्यमियों को उद्यम स्थापना के क्रम में वांछित अनापत्ति/लाइसेन्स/ अनुमति आदि को प्राप्त करने की पूर्णतया आनलाइन व्यवस्था की गयी है जिससे उद्यमी समयबद्ध रुप से स्वीकृतियां आदि प्राप्त कर रहे है। तत्क्रम में विभाग की रोजगार परक योजना यथा मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद, वित्त पोषण योजना को निवेश मित्र पोर्टल से लिंक करा दिया गया है जिससे आवेदन कर्ताओं को आवेदन करने में और अधिक सुविधा प्राप्त हो गयी है। उक्त के साथ ही पोर्टल के माध्यम से योजनाओं का अनुश्रवण भी अधिक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित कराया जा रहा है।प्रदेश सरकार द्वारा अधिकाधिक उद्यमों की स्थापना हेतु प्रोत्साहनात्मक वातावरण का सृजन किया गया है। एम.एस.एम.ई. अधिनियम 2020 के माध्यम से इकाईयों को 1000 दिनों तक किसी भी विभाग के निरीक्षण से छूट प्रदान की गयी है। इसी प्रकार प्रदेश सरकार के इन प्रयासों से उद्यम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर लगभग 3859170 उद्यम पंजीकृत हुये तथा प्रदेश में 96 लाख से अधिक एम.एस.एम.ई. ईकाइयां संचालित है, जिनमें 02 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। प्रदेश सरकार द्वारा उद्यमियों के विलम्बित भुगतान की समस्या के त्वरित निराकरण हेतु राज्य स्तर पर गठित फैसिलिटेशन काउंसिल की व्यवस्था को मण्डल स्तर पर विकेन्द्रीकृत किया गया है. जिससे उद्यमियों की समस्या का निराकरण शीघ्र हो सके। सूक्ष्म उद्यमियों की आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में इनके परिवार संकट में आ जाते हैं।

# यूपीएस हुई फ़ेल 97% कर्मचारियों ने नहीं भरा विकल्प: रूपेश श्रीवास्तव

## आठवें वेतन आयोग में फिटमेंट फैक्टर 3.67 किया जाए: मदन मुरारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोरखपुर। राज कर्मचारी संयुक्त परिषद की एक आवश्यक बैठक विकास भवन में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता विकास भवन के अध्यक्ष गोविंद जी श्रीवास्तव और संचालन परिषद के महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष रूपेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।बैठक को संबोधित करते हुए रूपेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि एकीकृत पेंशन योजना बुरी तरह से फ़ेल हो चुकी है देश के 97% कर्मचारियों ने अभी तक इसका विकल्प नहीं भरा है क्योंकि उनको डर है कि सरकार यूपीएस में उनके 10% कटौती के पैसे को वापस नहीं करेगी, उन्होंने कहा कि या तो सरकार इस पर स्पष्ट शासनादेश जारी करें कि कर्मचारियों का कटा हुआ पैसा ब्याज सहित उसे वापस मिलेगा तब जाकर के यूपीएस को स्वीकार किया जाएगा अन्यथा हमें हमारी पुरानी पेंशन दी जाए जिससे हमारा भविष्य सुरक्षित हो। उन्होंने कहा कि यह सरकार श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने वाली सरकार है जिन्होंने देश में एक विधान एक प्रधान की वकालत की थी अब समय है कि प्रधानमंत्री मोदी जी देश में वन नेशन वन पेंशन की व्यवस्था बनाकर कर्मचारियों को भी पुरानी पेंशन दें अन्यथा आने वाले समय में कर्मचारी समाज अपने वोट से चोट के लिए स्वतंत्र रहेगा। संचालन कर रहे महामंत्री मदन मुरारी शुक्ल ने कहा कि केंद्र सरकार कर्मचारियों की सभी जायज मांगों को पूरा करें जैसे कोरोना कल में डेढ़ वर्ष के फ्रिज डीए का एरियर, पेंशनरों को रेल यात्रा में रियायत, पेंशनरों को प्रत्येक 5 वर्ष पर उनका पेंशन पुनरीक्षण कर 5% बढ़ाया जाए तथा आठवे वेतन का फिटमेंट फैक्टर 3.67 किया जाए।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गोविंद जी श्रीवास्तव ने कहा कि अपने आधिकारिक अधिकारों के लिए पूरे देश के कर्मचारी स्वयं नेता बनकर अपने हक की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि वह कर्मचारियों की मांगों को पूरा करें।इस अवसर पर परिषद के संरक्षक अशोक पांडेय रूपेश कुमार श्रीवास्तव गोविंद जी मदन मुरारी शुक्ल पंडित श्याम नारायण शुक्ल राजेश मिश्रा अनूप कुमार इंजीनियर सौरभ श्रीवास्तव हर्ष त्रिपाठी सुनील सिंह आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

उन्नाव। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के ओवरब्रिज के नीचे रेलवे पटरी पर एक युवक का शव मिला। पुलिस ने शव की पहचान भिखारीपुर रुल्ल गांव के भीखनलाल के 18 वर्षीय बेटे संदीप के रूप में की है। बात दे कि संदीप शुक्रवार को खाद लेने के लिए घर से निकला था। शाम तक वापस न लौटने पर परिवार चिंतित हुआ। शाम करीब 7 बजे स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक के पास उसका शव देखा और पुलिस को सूचित दी। पुलिस का मानना है कि बालामऊ पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से संदीप की मौत हुई है। आसपास के लोगों ने भी इसी समय तेज टक्कर की आवाज सुनी थी। बता दे कि संदीप तीन भाई-बहनों में सबसे छोटा था। उसके दो भाई संजय, कुलदीप और एक बहन रूपा हैं। इस घटना से करीब डेढ़ साल पहले संदीप के बड़े भाई रणजीत की भी चंडीगढ़ में ट्रेन दुर्घटना में मौत हुई थी। एक ही परिवार में दो बेटों की रेल हादसे में मौत से पूरा गांव सदमे में है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मौत का सटीक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की हर दिशा में जांच कर रही है।

# अस्पताल जा रहे व्यक्ति को तेज रफ्तार टैंकर ने रौंदा, मौके पर हुई मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में सड़क हादसे में एक 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई।घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के सर्कुलर रोड पर जीवनदीप अस्पताल के सामने दोपहर करीब डेढ़ की बजे हुई।जहां बैरिया विजयपुर,थाना तरबगंज के निवासी राजाराम मौर्या अपनी मोटरसाइकिल से जिला मुख्यालय पर एक निजी अस्पताल में इलाज कराने जा रहे थे,तभी एक तेज रफ्तार डीजल टैंकर ने उन्हें टक्कर मार दी।यह हादसा इतना भीषण था कि राजाराम मौर्या की मौके पर ही मौत हो गई है।हादसे की जानकारी मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची जहां पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इसके साथ ही दुर्घटना करने वाले डीजल टैंकर को भी जब्त कर लिया गया है।इस घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई, राजा राम मौर्या के परिजन इस खबर से सदमे में हैं। उनके द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने डीजल टैंकर चालक के खिलाफ मुकदमा द र्ज कर लिया है।पुलिस अब इस पूरे मामले की जांच कर रही है।नगर कोतवाली के एसएस आई ब्रह्मानंद सिंह ने इस घटना की पुष्टि की है उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान तरबगंज थाना क्षेत्र के बैरिया विजयपुर गांव के राजाराम मौर्या के रूप में हुई है।वे गोंडा मुख्यालय पर इलाज के लिए जा रहे थे।एसएसआई ने आगे बताया कि टैंकर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है और चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जां च शुरू कर दी गई है।यह दुर्घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा नियमों की अनदेखी और लापर वाही को उजागर करती है।सर्कुलर रोड हाईवे की पटरिया पर हॉस्पिटलों की पार्किंग होती है, जिससे कि आए दिन हादसे हो रहे हैं,शहर के व्यस्ततम सर्कुलर रोड पर इस तरह की घटना चिंता का विषय है और पुलिस प्रशासन पर लोग सवाल उठा रहे हैं।

# क्रूरता की इंतहा,रहम की भीख के बाद भी नहीं पसीजा दिल,नाबालिग को पीटता रहा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र में एक बच्चे को बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है,सरेआम एक व्यक्ति डंडे बरसा रहा है और लड़का रोता हुआ गिड़गिड़ा रहा है इस दौरान मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने वीडियो बना लिया बच्चा रहम की भीख मांगता रहा, लेकिन व्यक्ति उसे डंडे से पीटता रहा, इससे पहले भी नवाबगंज थाना क्षेत्र में एक घटना हो चुकी है,जो कि मानवता को शर्मसार कर दिया है। बताते है कि जहाँ कच्ची शराब बेचने वाले लाले पुत्र राम मिलन ने चोरी के आरोप में एक 12 वर्षीय नाबालिग शुभम शुभम, पुत्र छांगुर निषाद, को बंधक बनाकर आधे घंटे तक लोहे की रॉड और मुक्के-थप्पड़ से पीटा इस दौरान मासूम चीख-चीखकर रहम की भीख मांग रहा फिर भी आरोपी का दिल नहीं पसीजा।जिसका एक वीडियो शोसल मीडिया पर जमकर वायर ल हो रहा है।हालांकि, कैनविज टाइम्स वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।गांव के दुखराम निषाद ने बताया कि बंधक बच्चे को पीटते देख उनकी आंखों में आंसू आ गए।जब ग्रामीणों ने मनबढ़ लाले से बच्चे को छुड़ाने की बात की तो आरोपी ने उन्हें भी मारने-पीटने की धमकी दे डाली है।यह क्रूर दृश्य मोबाइल कैमरे में कैद हो गया और सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।वही स्थानीय लोगों ने नवाबगंज थाना प्रभारी के कार्यशाली पर भी सवाल उठाए।कई ग्रामीणों का कहना है कि बालक को पीटते हुए आरोपी पर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई और यह घट ना पुलिस की निष्क्रियता की और इशारा कर ती है।इस संबंध में तरबगंज क्षेत्राधिकारी ने ब ताया कि आरोपी के विरुद्ध पुरानी धारा 342 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।बालक को सुरक्षित घर लौटाया गया है,लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की समय पर कार्रवाई न होने से बच्चे को इत नी पीड़ा सहनी पड़ी।ग्रामीण और परिवारजन घटना से सकते में हैं।उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा अब गंभीर सवालों के घेरे में है।सोशल मीडिया पर लोग भी घटना की निंदा कर रहे हैं।

## दुष्कर्म और पास्को एक्ट का आरोपित गिरफ्तार, भेजा जेल



गोरखपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव की एक 10 वर्षीय किशोरी के पिता के पिता ने 28 अगस्त को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि हमारी लड़की 27 अगस्त को शाम साढ़े आठ बजे के करीब नित्य क्रिया कर्म के लिए घर से गांव के पश्चिम तरफ गई थी कि अकेला पाकर गांव के ही युवक संजय पुत्र राम धनी उम्र करीब 21 वर्ष निवासी कुईकोल ने हमारी लड़की को सड़क के किनारे बाग में खींच ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र ने बताया कि किशोरी के पिता की तहरीर पर युवक संजय पुत्र राम धनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 65(2),5द्व/पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज तलाश की जा रही थी, कि शनिवार को सूचना के आधार पर मय फोर्स के साथ आरोपित संजय को उसके घर से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । जिला स्वास्थ्य समिति की शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने निर्देश दिया कि सभी डाक्टर्स व पैरामेडिकल स्टाफ स्वास्थ्य केन्द्रों पर मौजूद रहकर आने वाले मरीजों को शासन की मंशानुसार चिकित्सा सुविधा मुहैया कराये। वर्षा ऋतु में संक्रामक रोगों के दृष्टिगत सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक दवाओं की उलब्धता सुनिश्चित कराते हुए विशेष प्रबन्ध भी किये जाय। आशाओं के कार्य की समीक्षा कर संतोषजनक कार्य न करने वाली आशाओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही अमल में लायी जाय। मिहींपुरवा क्षेत्र के सभी गांव में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाय। जनपद में बौनापन की समस्या को कम किये जाने के लिए स्वास्थ्य व आईसीडीएस विभाग मिलकर कार्य करें और इसके कारणों का अध्यन कर कार्ययोजना तैयार करे जिससे जिले में बौनेपन की समस्या में कमी लायी जा सके।राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि अधिक से अधिक मोतियाबिन्द ग्रसित मरीजों का चिन्हांकन कर एनजीओ एवं सरकारी चिकित्सालयों द्वारा लाभार्थी एवं मरीजों का निःशुल्क आपरेशन कर उपचारित किया जाय तथा वृद्धों को चश्मा का वितरण भी किया जाय। साथ ही 08 सितम्बर 2025 तक आयोजित होने वाले नेत्रदान जागरूकता पखवाड़ा में लोगों को जागरूक करते हुए नेत्रदान हेतु प्रेरित किया जाय। आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन के अन्तर्गत आभा आईडी निर्माण में प्रदेश में 8वां स्थान प्राप्त होने पर डीएम द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि शीघ्र ही शत प्रतिशत लाभार्थियों का आभा आईडी बनाया जाय। संभव अभियान के अन्तर्गत पोषण टैझकर एवं ई-कवच पोर्टल पर सभी सैम-मैम बच्चों का समय से सही डाटा फिड करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही कुपोषित बच्चों को उपचार एवं पोषण प्रदान करने के लिए फालोअप भी किया जाय।राजकीय चिकित्सा इकाईयों में प्रसव लेने वाले बच्चों के हेपेटाईटिस-बी की जांच किट के माध्यम से जांच में मिहींपुरवा में मात्र 33 प्रतिशत बच्चों की जांच पर जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए शत प्रतिशत बच्चों की जांच करने के निर्देश दिये गये। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा में बताया गया कि लगभग 2200 परिवार ऐसे है जिनके द्वारा बच्चों को टीका लगाने से मना किया जाता है। अभियान चलाकर लगभग 1050 बच्चों को टीके लगाये गये है जिसमें सीएचसी फखरपुर की उपलब्धी सबसे अधिक रही है। निर्देशित किया गया कि ब्लाक रिस्पासं टीम के माध्यम से सभी इंकार परिवार के बच्चों का पूर्ण प्रतिरक्षित किया जाय।

# वन्यजीव प्रभावी क्षेत्रों में गठित टीमे कर रही हैं सघन भ्रमण

## डीएफओ द्वारा ड्रोन कैमरों की ली जा रही है मदद, संवेदनशील स्थानों पर स्थापित किये गये हैं कैमरे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच राम सिंह यादव ने बताया कि बहराइच वन प्रभाग बहराइच रेंज के विकास खण्ड महसी अन्तर्गत 28 अगस्त 2025 को ग्राम बम्भौरी के बदनपुरवा, ग्राम सिसैया चूडामणि व ग्राम सिरीया वृद्धार्माण के गोतीपुरवा एव ग्राम-गलकारा अहिस्नपुरवा, में अज्ञात वन्य जीव द्वारा ग्रामवासियों पर किये गये हमले के दृष्टिगत प्रभाग स्तर से 07 गश्ती दलों का गठन किया गया है जो दिन व रात्रि में वन्य जीव सक्रियता वाले क्षेत्रों में गश्त की कार्यवाही की जा रही है। वन्य जीव सक्रियता वाले क्षेत्रों में 02 ड्रोन कैमरों को चलाकर वन्य जीव के खोजने की कार्यवाही की गयी है। गश्ती दलों द्वारा 05 कैमरों को संवेदनशील स्थलों में स्थापित कर उपद्रवी वन्य जीव के आवागमन को खोजने की कार्यवाही की गयी। इसके अलावा वन्य जीव के हमले से प्रभावित ग्रामों में सी.सी.टी.वी. कैमरे स्थापित किये गये हैं ताकि वन्य जीव की पहचान सुनिश्चित करते हुए उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके।डीएफओ ने बताया कि गश्ती टीमों द्वारा पैदल चलकर सक्रिय वन्य जीव को चिन्हित किये जाने एवं पगमार्ग खोजने की कार्यवाही की गयी। अन्वेषण से प्राप्त पगचिन्हों से यह स्पष्ट हो रहा है कि उक्त वन्य जीव भेड़िया की श्रेणी में नहीं है। जन जागरूता टीमों द्वारा ग्रागों में ग्रामीणजनों को हिंसक वन्य जीवों से बचाव हेतु जागरूक करने की कार्यवाही की जा रही है। जन जागरूकता के तहत प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामवासियों को रात्रि में अपने घरों के अन्दर दरवाजा बन्द करके स्वयं एवं बच्चों को सुरक्षित सुलाने हेतु आग्रह किया जा रहा है। गश्ती टीमों द्वारा वन्य जीव के हमलों से प्रभावित ग्रामों के बाहरी क्षेत्रों में पटाखों को दगाकर वन्य जीव को रोकने की कार्यवाहियों की जा रही है। वन विभाग, पुलिस विभाग एवं जिला प्रशासन के बीच आपसी समन्वय स्थापित करते हुए हिंसक जीव के हमले से प्रभावित क्षेत्र का दिन व रात में गश्त करने की कार्यवाही प्रचलन में लायी जा रही है जिससे दिन व रात्रि में कोई भी अप्रिय घटना घटित न होने पायें।

# सुभासपा की मंडलीय समीक्षा बैठक कल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) की मंडलीय समीक्षा बैठक सोमवार को एनेक्सी भवन गोरखपुर के सभागार में होगी। समीक्षा बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश के कैबिनेट मंत्री (पंचायती राज) ओमप्रकाश राजभर उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी देते हुए सुभासपा के राष्ट्रीय सचिव एवं कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि जिंतेंद्र सिंह ने बताया कि गोरखपुर के एनेक्सी भवन के सभागार में आयोजित होने वाले इस समीक्षा बैठक में गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया और महराजगंज जिलों की समीक्षा राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस समीक्षा बैठक में पार्टी के संगठनात्मक मजबूती, उसके विस्तार और आगामी पंचायती चुनाव को लेकर चर्चा होगी। इस बैठक में पार्टी के सभी विंग राष्ट्रीय, प्रादेशिक, मंडल, जिला, तहसील, ब्लाक के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और कमांडरों की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

# शोभायात्रा के साथ शुरू होगा राम लीला, महोत्सवराम लीला कमेटी की बैठक हुई आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । श्री मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम लीला कमेटी (रजि.) की एक आवश्यक बैठक शहर के छावनी बाजार स्थित थोक कपड़ा कमेटी अतिथि भवन में आयोजित की गयी।कार्यक्रम की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल ने की।बैठक में आगामी राम लीला महोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाने के लिए व्यूह रचना बनाई गई।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल ने बताया कि आगामी राम लीला महोत्सव 22 सितंबर से शुरू होकर 07 अक्टूबर तक चलेगा।उन्होंने बताया कि राम लीला की शुरुआत छावनी स्थित पंचायती मन्दिर से शोभायात्रा के साथ होगी।23 सितंबर से बशीरगंज स्थित राम लीला मैदान पर राम लीला का मंचन मथुरा-वृंदावन के कलाकारों द्वारा आयोजित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि 02 अक्टूबर को मुख्य दशहरा पर्व मनाया जाएगा।05 अक्टूबर को पुराने महाराज सिंह स्कूल के समीप से भरत मिलाप का जुलूस निकाला जाएगा एवं मध्य रात्रि को बिसातखाने के सामने भरत मिलाप होगा।उन्होंने आगे बताया कि रविवार 06 अक्टूबर को बिसातखाना चबूतरे पर श्रीराम का राज्याभिषेक होगा एवं मंगलवार 07 अक्टूबर को घण्टाघर प्रांगण में लखनऊ के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।बैठक में बृजेश पाण्डेय,संतोष अग्रवाल,सुदामा मिश्रा,कमल शेखर गुप्ता,जितेंद्र त्रिपाठी, जय जय अग्रवाल,मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव,श्रवण शुक्ला, राहुल रॉय,आदर्श अग्रवाल,विनय जैन,के के मिश्रा,राज कुमार लोहिया,जतिन गुप्ता,सुनील श्रीवास्तव, देवेन्द्र कुमार मिश्रा,पुष्प नाथ तिवारी,सुरेश चंद्र जायसवाल,जगदम्बा प्रसाद सोनी, सुशील कुमार शुक्ला,जीतेन्द्र प्रताप सिंह, पुनीत कुमार गुप्ता,अभिषेक गुप्ता,आनंद गुप्ता, के के सक्सेना, सीताराम यज्ञसैनि,हर्षित राज,देव कुमार रस्तोगी, रामजी शुक्ला,दुर्गेश पाण्डेय, अखिलेश यादव, निशा शर्मा सहित सैकड़ों राम भक्त मौजूद रहे।

## प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस के खिलाफ छात्र पंचायत ने चलाया अभियान



गोण्डा। राष्ट्रीय छात्र पंचायत ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी फीस के विरोध में अनूठा अभिया न शुरू किया है।संगठन के कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश के 75 जिलों में घर-घर जाकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखवाएंगे।राष्ट्रीय छात्र पंचायत के अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बताया कि संगठन लंबे समय से प्राइवेट स्कूलों की मन मानी फीस के खिलाफ आंदोलन कर रहा है। लेकिन सांसद,विधायक और मुख्यमंत्री ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।इसलिए अब वे एक नया अभियान शुरू कर रहे हैं।कार्यक्रम संयोजक सतीश मिश्रा के अनुसार यह अभियान 6 महीने तक चलेगा।इसकी शुरुआत ग्राम सभा नरौरा भर्रापुर विकासखंड इंटियाथोक से हुई। संगठन की मुख्य मांग है कि एक देश एक शिक्षा नीति लागू की जाए।साथ ही प्रदेश में एक ऐसा कानून बने जो प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाए।सभी पत्रों को एक त्रित कर मुख्यमंत्री कार्यालय भेजा जाएगा। संगठन ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएंगी,तब तक यह अभियान जारी रहेगा।कार्यक्रम में शुभम तिवारी,सूरज, दीनानाथ वर्मा, राजेश मौर्य और गुड्डू तिवारी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# त्यौहारों में सोशल मीडिया पर फर्जी अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस व प्रशासन की रहेगी नजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। आगामी आयोजित होने वाले गणेश प्रतिमा विसर्जन,बारावफात एवं अन्य त्योहारों को लेकर तैयारियां शुरू हो चुकी है।जहां लोग त्योहार को लेकर उत्साहित हैं।वहीं पुलिस और प्रशासन ने भी कमर कस ली है।इसी के तहत त्योहार पर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की मीटिंग की गई।बैठक जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी एवं पूर्वी तथा समस्त उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष,सभी धर्मों के धर्मगुरू और संभ्रांत नागरिकगण मौजूद रहे।इनसेटपुलिस अधिकारियों ने की लोगों से अपीलजिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद सभी धर्म गुरुओं और संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद करते हुए उन्हें आगामी गणेश प्रतिमा विसर्जन, बारावफात एवं अन्य त्योहारों को शांति पूर्वक मनाने और किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भाव नाओं को ठेस न पहुंचाने के बारे में समझाया गया।पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा,तो उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।सभी लोगों से अपील करते हुए उन्हें समझाया गया कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें।साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस एवं प्रशासन को सूचना दें।जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे और सभी लोग त्योहार को शांति पूर्व ढंग से मना सके।इसके अलावा उन्होंने कहा कि युवा या अन्य कोई भी व्यक्ति सोशल मीडि या पर इस प्रकार की पोस्ट ना करें जिससे कि आपसी माहौल बिगड़े।

# डीएम व एसपी ने किया कारागार का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के साथ जिला कारागार का निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कारागार के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपीं ने पाकशाला, कारागार चिकित्सालय सहित अन्य बैरकों का निरीक्षण कर जायज़ा लिया। निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों द्वारा कारागार की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए बन्दियों को शासन द्वारा अनुमन्य सुविधाएं मुहैय्या कराए जाने तथा साफ-सफाई के स्तर को बनाएं रखने का निर्देश कारागार प्रशासन को दिया गया। इस अवसर पर जेलर प्रभारी कारागार अधीक्षक अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर अंकित कुमार व रंजीत कुमार सिंह, डॉ अनिल कुमार वर्मा व अन्य संबंधित मौजूद रहें।

# होटल में चल रहे अनैतिक कार्य पर ग्रामीणों का धावा , ग्रामीणों की भीड़ देख भागे युवक-युवतियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। मोतीराम अड्डा झंगहा थाना क्षेत्र के दुबियारी टोला मोतीराम अड्डा स्थित क्राउन होटल में शनिवार को ग्रामीणों ने छापा मारकर होटल में हो रहे संदिग्ध एवं अनैतिक कार्यों का भंडाफोड़ किया। ग्रामीणों का कहना है कि होटल में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियाँ चल रही थीं, जिससे क्षेत्र में गलत माहौल बन रहा था। जब ग्रामीणों ने होटल को घेरा तो अंदर से 12 जोड़े मिले। स्थानीय लोगों ने सभी को समझाकर होटल से बाहर निकाला और कड़ी चेतावनी दी कि आगे से इस तरह की गतिविधियाँ बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। इस संबंध में झंगहा थाने में एक प्रार्थना पत्र दिया गया है जिसमें बताया गया है कि इस होटल के कारण ग्राम वासियों को काफी दिक्कत हो रही है। अनैतिक कार्यों को रोके जाने हेतु कहा गया है। स्थानीय राजेश यादव सुखदेव पासवान संतोष पाल राम सिंह यादव विकास यादव भोला यादव सहदेव पासवान कृष्ण मोहन सिंह बबलू पासवान धर्मेंद्र यादव मनीष यादव और अन्य ग्रामवासीयों ने विरोध दर्ज कराया है।

# अमेठी में छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को दिया गया अग्निशमन प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । अग्निशमन विभाग द्वारा फायर स्टेशन अमेठी में अग्नि सचेतक प्रशिक्षण अभियान चलाकर इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग के जीएनएम पाठ्यक्रम की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को आग के प्रकार एवं उस पर प्रयोग होने वाले अग्निशमन उपकरणों की जानकारी दी गयी। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर अग्निशमन तथा आपात सेवा केन्द्र में अग्नि सचेतक प्रशिक्षण अभियान चलाया गया। प्रशिक्षण अभियान में अग्निशमन अधिकारी शिवदरस प्रसाद ने अपनी पूरी टीम के साथ इंदिरा गांधी स्कूल एंड कॉलेज ऑफ नर्सिंग के जीएनएम पाठ्यक्रम की छात्राओं एवं शिक्षिकाओं को आग के प्रकार एवं उस पर प्रयोग होने वाले अग्निशमन उपकरणों की जानकारी, प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों का संचालन, फायर ट्रेंगल, आग एवं धुएं से सुरक्षित बचाव, होज़ रील के प्रयोग, होज व ब्राँच पाइप का प्रयोग, उसे फैलाने एवं लपेटना, आग के प्रसार को रोकने, फायर पम्पों के प्रकार एवं उनकी जानकारी, ब्रांच पाइपों के प्रकार, मैनुवल कॉल प्वाइंट के प्रयोग, फसलों की आग को नियंत्रित करने की जानकारी दी गयी।अग्नि सुरक्षा जन-जागरूकता प्रशिक्षण अभियान में अग्नि सुरक्षित जीवन शैली विकसित करने और अग्निशमन केंद्र अमेठी के फायर टेण्डर में लगी होजरील, होजपाइप में साधारण ब्रांच व मल्टी पर्पज ब्रांच तथा फायर बुलेट की सहायता से आग बुझाने का भी अभ्यास कराया गया।नारी सशक्तिकरण की दिशा में इस प्रशिक्षण अभियान में छात्राओं को फायर रेस्क्यू और फायर फाइटिंग ऑपरेशन की ट्रेनिंग दी जा रही है। इस अभियान में खास तौर पर उन छात्राओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहती हैं।इस ट्रेनिंग सेशन में छात्राओं को थ्योरी से लेकर प्रैक्टिकल तक आग के हर विषय पर जानकारी दी जा रही है।प्रशिक्षण अभियान के दौरान अग्निशमन अधिकारी द्वारा करीब बीस बिंदुओं पर चर्चा की गई।प्रशिक्षण अभियान में अग्निशमन तथा आपात सेवा केन्द्र अमेठी के प्रशिक्षक लीडिंग फायरमैन मोहम्मद शरीफ, लीडिंग फायरमैन विष्णु स्वरूप त्रिपाठी, चालक राम प्रवेश राम, फायरमैन हरिकृष्ण सिंह, गनगासी लाल, शिव बहादुर सिंह, अरविन्द कुमार, महेश मिश्रा, आशीष सिंह, अमित कुमार, उमेश चन्द्र, रोहित कुमार गौतम, उत्तमकान्त पाण्डेय, रणजीत यादव ने प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

# सरकारी सुविधा वाले जयप्रकाश नारायण सर्वोदय आवासीय विद्यालय के आवेदन शुरू ग्रामीणों ने विधायक का जताया आभार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय जो अब जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के नाम से जाना जाता है। इसमें प्रवेश के लिये आवेदन शुरू हो गये है ग्राम माधोटांडा में बहुत समय से बने जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के संचालन के लिए राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण विभाग असीम अरुण से विधायक बाबू राम पासवान ने दिनांक 22 जुलाई को भेंट कर संचालित करने के निमित्त पत्र दिया था जिसका रंगाई पुताई व फर्नीचर पूर्ण करने के लिए तत्काल बजट कराया व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार जितिन प्रसाद से निरंतर सम्पर्क कर वार्ता कर विद्यालय संचालित करने के लिए आग्रह किया था आपको बता दे कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार गरीब और प्रतिभावान छात्रों को कक्षा 6 से 12 तक फ्री आवासीय शिक्षा प्रदान करने के मकसद से संचालित हो रहे जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय माधोटांडा मे स्थित की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई योगी सरकार इन स्कूलों में पारदर्शी तरीके से प्रवेश परीक्षा का आयोजन कर रही है। उत्तर प्रदेश के 57 जनपद में कुल 94 विद्यालय संचालित है जिसमे 65-बालक तथा 29-बालिका विद्यालय हैं इस बारे में जानकारी देते हुए पीलीभीत जनपद के जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया है शिक्षा सत्र 2025 26 में कक्षा 6, 7, 8, 9 और 11 में प्रवेश के लिए निदेशालय द्वारा जानकारी दी गई है। माधोटांडा व आस पास के आवेदन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया सुनिश्चित की गई है। जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय माधोटांडा में प्रवेश चाहते हैं। तो वह जल्द से जल्द अपना आवेदन कर दें इसके लिए कोई भी परेशानी हो तो जिला समाज कल्याण अधिकारी चन्द्र मोहन से संपर्क किया जा सकता है।वही ग्रामवासियों ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस पहुंचकर विधायक का आभार व्यक्त किया है।इस अवसर पर ग्राम माधोटांडा के पूर्व प्रधान राजेश सिंह,सुजन सिंह मंडल उपाध्यक्ष ,हिरदेश त्रिगुणायत ,सविन सिंह, बूथ अध्यक्ष छोटे कश्यप, अरविंद कुमार,सर्वेश यादव, जसवंत कश्यप,अशोक कश्यप, जंग बहादुर सहित सैकड़ों लोगों उपस्थित रहे हैं।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तांत्रिक की मौत

सुलतानपुर। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के भरखरे गांव में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक तांत्रिक की मौत हो गई। अचानक हुए इस हादसे से परिवार और गांव में कोहराम मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतक तांत्रिक गांव के बाहर खेत की ओर गया था। इसी दौरान मौसम खराब हुआ और तेज बारिश के बीच आकाशीय बिजली गिर गई। तांत्रिक उसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन तत्काल उसे अस्पताल ले जाने की कोशिश में जुटे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत जनपद पीलीभीत के 30 परिवारों होगें लाभान्वित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में यूपी कृषकों की दुर्घटनावश मृत्यु,दिव्यांगता की स्थिति में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अन्तर्गत प्राप्त दावा पत्रावलियों के निस्तारण के सम्बन्धी में समीक्षा बैठक कल देर शाम गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के प्राप्त आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर लिया जाये, जिससे कि पात्र पीड़ित परिवार को योजना से लाभान्वित किया जा सके।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने तहसील वार प्राप्त हुये कृषक दुर्घटना दावा पत्रों की पत्रावलियों का अवलोकन करने के उपरान्त पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की सहमति प्रदान की गई। इस दौरान जनपद की पांचों तहसीलो से कुल प्राप्त आवेदन 52 में से 30 पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। जनपद की पांचों तहसीलों में 52 कुल आवेदन में से 30 स्वीकृत, 11 निरस्त, 02 लम्बित एवं 09 आवेदन दावों की पुनः जांच करने के निर्देश दिये गए।बैठक में उप जिलाधिकारी,मुख्य चिकित्सा अधिकारी,समस्त उप जिलाधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे है।

## पुलिस कार्यप्रणाली का महत्वपूर्ण हिस्सा है बीट बुक : एसपी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। रिजर्व पुलिस लाइन गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षणाधीन आरक्षियों को बीटबुक कार्यप्रणाली शीर्षक पर जानकारी दी गयी। शनिवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन गौरीगंज अमेठी में चल रहे पुलिस आरक्षी प्रशिक्षण में प्रशिक्षणरत आरक्षियों को ल्बीटबुक कार्यप्रणाली शीर्षकङ्क पर विशेष क्लास में लेक्चर दिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशिक्षणरत आरक्षियों को बीट प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं बताया गया कि बीटबुक पुलिस कार्यप्रणाली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जिसके तहत प्रत्येक बीट अधिकारी नियमित रूप से अपने-अपने बीट में भ्रमण करता है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि हिस्ट्रीशीटरों, क्षेत्र के अपराधियों की प्रभावी निगरानी, सम्भ्रान्त व्यक्तियों व पुलिस मित्र से समन्वय स्थापित कर अपनी बीट पुस्तिका में उक्त जानकारी को अद्यावधिक रखता है जिसके माध्यम से बेहतर पुलिसिंग व अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण किया जाता है। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर में स्थित जिम का निरीक्षण कर संबन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।इस दौरान क्षेत्राधिकारी अखिलेश वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक अमेठी व अन्य अधिकारी,कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## महासंघ 1 सितंबर को मनाएगा हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम- कार्यकारी जिला अध्यक्ष महिला शाखा

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के बैनर तले जनपद के परिषदीय विद्यालयों में 1 सितंबर को आयोजित होगा हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम की तैयारियां डॉक्टर अनीता तिवारी जिला कार्यकारी अध्यक्ष महिला शाखा के नेतृत्व में कई दिनों से चल रही है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि इसके माध्यम से विद्यालय में शिक्षण कार्य के दायित्व के साथ-साथ विद्यालय के परिवेश को स्वच्छ हरित अनुशासित और प्रेरणादायक बनाने में बच्चों अच्छे संस्कार का समावेश करने और राष्ट्र का भाभी जिम्मेदार नागरिक बनाते हुए विद्यालय के गौरव को बढ़ाना है।मृदुला गंगवार एवं विभु मिश्रा सहसंयोजक ने बताया कि हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान कार्यक्रम की तैयारी जोरो शोरो से चल रही हैं।जनपद में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने तैयारियां पूर्ण कर ली है।

## एक सितंबर को भारतीय किसान यूनियन करेगी पीडब्ल्यूडी कार्यालय का घेराव

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कलीनगर तहसील क्षेत्र के माधोटाडा-पीलीभीत मार्ग पिछले साल बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गया था सड़कें और पुलियां टूट गई बरसात में वैकल्पिक रास्ता डूब गया है। इससे लोगों को 12 किलोमीटर का अतिरिक्त सफर करना पड़ रहा है इस समस्या से करीब 20 गांवों के लोग प्रभावित हैं कई बार जनप्रतिनिधियो और अधिकारियों को अवगत करने के बावजूद कोई समाधान न होने पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत 1 सितंबर को पीलीभीत में पीडब्ल्यूडी कार्यालय का घेराव करेगी आंदोलन सुबह 11 बजे से शुरू होगा इसमें यूनियन के मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष और प्रदेश के नेता शामिल होंगे जिला मीडिया प्रभारी गुरजीत सिंह विर्क ने बताया कि पहले ही माधोटांडा रोड की खराब स्थिति को लेकर विभाग को पहले ही चेतावनी दी थी उन्होंने कहा था कि सड़क की मरम्मत न होने पर घेराव किया जाएगा। विभाग की ओर से कोई कार्रवाई न होने पर आंदोलन का निर्णय लिया गया है वही युवा जिला अध्यक्ष गुरदीप सिंह व किसान नेताओं का कहना है कि यह आंदोलन क्षेत्रीय किसानों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक है। किसान इस आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो।

## शारदा नदी का कहर जारी गांवों में घुसा पानी ग्रामीणों को हो रही परेशानी

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। ट्रांस शारदा क्षेत्र में बाढ़ का संकट लगातार गहराता जा रहा है। क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा, शास्त्री नगर सहित कई गांव शारदा नदी के उफान की वजह से बुरी तरह प्रभावित हैं। शास्त्री नगर गांव में नदी का पानी घरों तक घुस आया है। जिससे ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं चंदिया हजारा जाने वाले मुख्य मार्ग पर तीन से चार फीट तक पानी चल रहा है।जिसके चलते आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। लोग नाव या अस्थाई साधनों व पानी में घुसकर निकलने पर मजबूर हैं। खेतों में खड़ी फसलें भी डूबने लगी हैं।जिससे किसानों को भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। शनिवार सुबह दस बजे ग्रामीणों का कहना है।कि बाढ़ की स्थिति दिन-व-दिन गंभीर होती जा रही है।लेकिन प्रशासन की ओर से अभी तक कोई ठोस राहत कार्य नहीं किया गया है।

## माधोटांडा एवं शेरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर जाम की समस्या, ओवरब्रिज बनाने की मांग

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। माधोटांडा रेलवे क्रॉसिंग और शेरपुर रेलवे क्रॉसिंग पर आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है। रोजाना हजारों लोग इस मार्ग से गुजरते हैं और ट्रेन गुजरने के दौरान क्रॉसिंग बंद होने से लंबी कतारें लग जाती हैं। सबसे ज्यादा परेशानी तब होती है। जब ट्रेन निकल जाने के बाद क्रॉसिंग पर लगे बैरियर तकनीकी खराबी के कारण समय पर नहीं खुलते। इससे आवागमन लंबे समय तक बाधित रहता है और क्षेत्र में भारी भरकम जाम लग जाता है। इस समस्या से न केवल स्थानीय लोग परेशान हैं बल्कि राहगीरों, स्कूली बच्चों और आपातकालीन सेवाओं जैसे एंबुलेंस को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

# जोगराजपुर से हमीरपुर जाने वाला मार्ग तालाब में तब्दील, जिम्मेदार नहीं दें रहे ध्यान

कैनविज टाइम्स संवादाता

**गड्ढों में हुए जलभराव में हिचकोले खाकर निकल रहे बड़े वाहन, पैदल निकलने में भी समस्या**

**समाजसेवी ने मुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री से शिकायत कर निर्माण कराने की उठाई मांग**

पूरनपुर।बरसात का पानी जहां खेतों को जीवन देता है, वहीं कच्चे प्रबंधों और लापरवाही के कारण कई जगह यह आफत भी बन रहा है। ग्रामीण इलाकों के प्रमुख मार्गों पर जलभराव से सड़कें तालाब का रूप ले चुकी हैं। हालात यह हैं कि आमजन को रोज़ाना की आवाजाही में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।पैदल चलने वाले लोग, स्कूली बच्चे और वाहन चालकों को कीचड़ व पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतें करने के बाद भी जिम्मेदार विभाग समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा।गड्ढों और पानी से भरी सड़कों पर आए दिन वाहन फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। इसके बावजूद न तो जलनिकासी की व्यवस्था सुधारी जा रही है और न ही समय रहते सड़क की मरम्मत।सरकार जहां गांव के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा देने के लिए सड़कों की मरम्मत कराकर चकाचक करने की बात कर रही है, वहीं धरातल पर ग्रामीण क्षेत्र की कुछ सड़कों का अभी भी बुरा हाल है। अधिकतर सड़कें गड्ढे में तब्दील होकर राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई हैं। सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के जोगराजपुर से हमीरपुर सीमा तक लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क पूरी तरह से जर्जर हालत में पहुंच चुकी है। जगह-जगह पड़े गड्ढों के कारण ग्रामीणों, व्यापारियों और आम राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन छोटे-बड़े हादसे हो रहे हैं, जिनमें कई लोग घायल भी हो चुके हैं।यह मार्ग हमीरपुर, दौलतपुर समेत कई गांवों को जोड़ता है और गढ़वा होते हुए हाइवे से सीधे पूरनपुर व पीलीभीत जाने का एकमात्र रास्ता है।खराब सड़क के कारण व्यापारियों को माल ढुलाई में दिक्कत होती है,वहीं मरीजों को समय पर इलाज के लिए अस्पताल तक पहुंचना भी मुश्किल हो जाता है।ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन अभी तक किसी भी स्तर से सड़क के निर्माण के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए। स्थानीय समाजसेवी एवं युवा जन जनता दल सेक्युलर के प्रदेश उपाध्यक्ष विमलेश कुमार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और लोक निर्माण मंत्री से हस्तक्षेप कर सड़क का चौड़ीकरण व उच्च गुणवत्ता से निर्माण कराने की मांग की है।उन्होंने कहा कि यदि सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र नहीं कराया गया तो जनता की परेशानी और बढ़ जाएगी। क्षेत्रीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि इस जर्जर सड़क का निर्माण कार्य तत्काल शुरू कराया जाए, जिससे आमजन को राहत मिल सके।

# अपराधियों की कुण्डली तैयार करने में जुटी अमेठी पुलिस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अपराधियों के संगे सम्बंधियों और जमानतदार पर भी रखी जा रही पैनी नजर**

अमेठी । जनपद के सत्रह थाना क्षेत्रों के आठ सौ निन्यानबे अपराधियों व अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का आनलाइन डेटा तैयार करने की प्रक्रिया पुलिस ने शुरू कर दी है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि जिले में अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए यह बड़ा कदम उठाया गया है इसके तहत पूर्व के पांच वर्षो के दौरान जिले के सभी सत्रह थाना क्षेत्रों में छोटी चोरी, सामान्य चोरी,लूट,व वाहन चोरी जैसी घटनाओं में लिप्त पाए गये आठ सौ निन्यानबे अपराधियों का विवरण आनलाइन करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है।एसपी ने बताया कि इसके तहत उनके आधार कार्ड, मोबाइल नंबर , निवासी का पता ,परिवार के लोगों का विवरण के साथ ही उनके रिस्तेदारो, संबंधियों ,मददगारों, जमानतदारो और शरण देने वालों का विवरण भी आनलाइन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जो अपराधी जेल में रहे हैं वे वहां किन अपराधियों के साथ रहे उसका भी रिकॉर्ड बनाया जायेगा साथ ही यदि ऐसे अपराधी जिले के बाहर रह रहे हैं तो उनके लिए पुलिस की टीमे वहां जाकर वहां की पुलिस के सहयोग से डेटा तैयार किया जायेगा। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि जिले के अमेठी थाना क्षेत्र में ऐसे लोगों की संख्या एक सौ इक्यानवे है जब कि जगदीशपुर में एक सौ उन्नीस, गौरीगंज मे नब्बे और संग्रामपुर थाना क्षेत्र में सतहत्तर, शुकुल बाजार में बारह, रामगंज में चौदह, शिवरतनगंज में सोलह, इंहौना 20, पीपरपुर 23,जामों सैंतीस,कमरौली अड़तीस, मोहनगंज और जायस में सैंतालीस,मुंशीगंज चौवालीस,फुरसतगंज उनसठ, मुसाफिरखाना साठ जबकि थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक क्षेत्र में पांच लोग हैं भाले सुल्तान शहीद स्मारक नया थाना बना है।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इससे पहले मोहनगंज थाने के मालखाने को क्यू आर कोड प्रणाली से जोड़ा गया है साथ ही जिले में पुलिस की रात्रिकालीन गस्त को भी इसी प्रणाली से जोड़ कर निगरानी की जा रही है।

## महिला की बेहरमी से पिटाई पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर।कोतवाली क्षेत्र के गांव रम्पुरा कपूरपुर में महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। गांव निवासी गुड्डी देवी पत्नी रमेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उसका पुत्र गांव के ही एक व्यक्ति की दुकान पर बैठा था। इसी दौरान गांव की एक महिला ने उसके पुत्र के साथ मारपीट की। जब गुड्डी देवी को यह जानकारी हुई और उन्होंने इसका विरोध किया तो मामला और बढ़ गया। आरोप है कि उक्त महिला ने अपने पति, देवर तथा अन्य परिजनों को मौके पर बुलाकर गुड्डी देवी की बेरहमी से पिटाई कर दी। अचानक हुए इस हमले से गुड्डी देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने किसी तरह उन्हें हमलावरों से बचाकर इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है और मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

# आबकारी निरीक्षक की कार्रवाई में अवैध शराब, लहन बरामद, दो गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। मिलावटी व जहरीली शराब के कारोबारियों के विरुद्ध आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई में अवैध भठ्ठियों व बरामद शराब और लहन नष्ट की गई। जिलाधिकारी सुल्तानपुर व आबकारी उपायुक्त अयोध्या प्रभार के निर्देशानुसार राजेश कुमार तिवारी जिला आबकारी अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में संजय कुमार मिश्रा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र (1)मय हमराही अंकित शर्मा,इरफान, राजीव शुक्ला के साथ ग्राम बल्लीपुर, अंगनाकोल, बसौडी, टाटिया नगर व कमनगढ़ में दबिश देकर 45ली.अवैध निर्मित शराब, 250 किलो लहन व शराब बनाने के उपकरण के साथ ही भठ्ठियों को नष्ट किया। आबकारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र की अवैध शराब का कारोबार करने वालो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में दो कारोबारियों की गिरफ्तारी भी की गई, तथ 4अभियोग पंजीकृत किए गए।आबकारी निरीक्षक संजय कुमार मिश्र ने कहाकि अवैध रूप से शराब का कारोबार करने वाले बख्शे नही जाएगें।उन्होने मौके पर मौजूद लोगो को जागरुक करते हुए कहाकि अवैध रूप से निर्मित शराब से होने वाले दुष्प्रभाव से जान भी जा सकती है।आबकारी निरीक्षक ने लोगो से अपील करते हुए कहाकि यदि आपके आसपास कोई अवैध शराब का कारोबार कर रहा है तो आप सूचित करें,आपकी पहचान गुप्त रखी जाएगी।साथ ही निरीक्षक संजय कुमार मिश्र ने क्षेत्र की कंपोजिट देशी दुकानों का निरीक्षण किया गया, दुकान पर संचित स्टांक का भौतिक सत्यापन किया गया।आसपास के आर ओ प्लांट, कबाड़ियों की दुकान और ईंट भठ्ठो की गहनता से चेकिंग की गई। ग्रामिणों को अवैध निर्मित मदिरा से होने वाले नुकसान व शरीर पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया गया।

## वाराणसीः लाल बाग के राजा गणपति बप्पा ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

वाराणसी । सात दिवसीय गणेशोत्सव में शनिवार को ठठेरी बाजार स्थित शेर वाली कोठी में स्थापित 'लालबाग के राजा' की मूर्ति देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ पूरे दिन उमड़ती रही। उत्सव के आयोजक श्री काशी मराठा गणेश उत्सव समिति और नमामि गंगे की टीम ने कपड़े की थैली और पौधा लेकर श्रद्धालुओं से बप्पा की ओर से पर्यावरण सरंक्षण और गंगा की निर्मलता के लिए अपील की। लोगों में कपड़े की थैली वितरित कर सिंगल यूज पॉलिथीन का उपयोग न करने, जल संरक्षण एवं प्रकृति से प्रेम सद्भाव प्रदर्शित करने का आग्रह किया गया । इस दौरान वक्ताओं ने संदेश दिया कि धरती पर जब कोई संकट आता है भगवान किसी न किसी रूप में लोगों को आगाह करने के लिए संदेश पहुंचाते हैं। नमामि गंगे के राजेश शुक्ला ने कहा कि भगवान गणेश को ज्ञान और कल्याण का प्रतीक माना जाता है । पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस त्यौहार को मनाएं, जिससे एक अधिक टिकाऊ और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में योगदान मिल सके ।

# अभिनव प्रताप सिंह बने जिला संयोजक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वपूर्ण अभियान ''एक राष्ट्र एक चुनाव'' को जिले में सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जनपद सुल्तानपुर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा तीन प्रमुख कार्यकर्ताओं का मनोनयन किया गया है,जिसमें जिले के लंभुआ तहसील के रानीपुर गांव के निवासी अभिनव प्रताप सिंह को जिला संयोजक और कादीपुर तहसील निवासी राजवंत कमलेश व बल्दीराय तहसील निवासी सर्वोदय सिंह को सहसंयोजक की जिम्मेदारी प्रदान की है।

अभियान के जिला संयोजक अभिनव प्रताप सिंह ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उसका मैं स्वागत करता हूं पूरी ऊर्जा और ईमानदारी से संगठन के दायित्व का निर्वहन करुंगा। संगठन के कार्यकर्ताओं के मनोनयन पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह राणा, सौरभेंद्र विक्रम,शुभेंद्रवीर सिंह,आकाश दुबे,शानू सिंह,अभिनव सिंह,चंचल आदि ने हर्ष जताया।

## पूरनपुर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

पूरनपुर। कोतवाली गेट के सामने खड़े वाहनों को लेकर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना नियम के खड़े वाहनों के चालान काटने का प्रयास किया। पुलिस की इस कार्रवाई से वहां मौजूद वाहन स्वामियों में हड़कंप मच गया और जानकारी अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सक्सेना को मिली तो उन्होंने तुरंत मौके पर पहुंचकर पुलिस कार्रवाई का विरोध किया। अध्यक्ष ने कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र कुमार से बातचीत की और कहा कि कोतवाली की दीवार से खड़े वाहनों का आप चालान करें चाहे वह किसी के भी हो। पर अधिवक्ता तहसील साइड में खड़े किसी भी वाहन का चालान न किया जाए। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने कहा कि तहसील परिसर में पार्किंग स्टैंड की व्यवस्था नहीं होने के कारण लोग मजबूरीवश अपने वाहन बाहर खड़े करते हैं। जब तक उचित पार्किंग की व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक किसी भी वाहन को न हटाया जाए और न ही चालान किया जाए।

# भ्रष्टाचार में निलंबित प्रधान को हाईकोर्ट से फिर झटका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जयसिंहपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत फतेहपुर संगत की प्रधान नीलम देवी पत्नी जितेन्द्र जायसवाल को भ्रष्टाचार के आरोपों में निलंबन के बाद एक बार फिर हाईकोर्ट से निराशा हाथ लगी है। दरअसल, प्रधान नीलम देवी ने जांच समय से पूरी न होने का हवाला देकर अपनी बहाली की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। उन्होंने दलील दी थी कि जांच लंबी खिंच रही है और बहाली में देर हो रही है। लेकिन 28 अगस्त 2025 को हाईकोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में उनकी याचिका को खारिज करते हुए कहा कि जांच प्रक्रिया के लिए कोई समय सीमा निर्धारित नहीं होती। अदालत ने यह भी कहा कि प्रधान को चाहिए कि वे चल रही जांच में पूरा सहयोग दें ताकि तथ्यों पर आधारित निष्कर्ष निकाला जा सके।

क्षेत्र में खुशी की लहर

हाईकोर्ट से नीलम देवी को करारा झटका लगने के बाद फतेहपुर संगत सहित आसपास के गांवों में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। स्थानीय लोगों और संभ्रांत नागरिकों ने अदालत के फैसले का स्वागत किया है। गांव के पूर्व प्रधान ओमप्रकाश सिंह, भाजपा नेता व ग्राम प्रधान हयातनगर रमेश चन्द्र शर्मा, ग्राम पंचायत सिरवारा के प्रधान प्रतिनिधि अशोक सिंह, सुरेश विश्वकर्मा, पप्पू जायसवाल और नन्हे यादव ने कोर्ट के निर्णय की सराहना की। इन लोगों ने कहा कि यह फैसला भ्रष्टाचार करने वालों के लिए करारा तमाचा है और न्याय की जीत का प्रतीक है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि इस तरह के कड़े निर्णय भविष्य में भी भ्रष्टाचार पर नकेल कसने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# कोचिंग की मजबूरी

हाल के दिनों में कोचिंग का तेजी से बढ़ता प्रचलन अभिभावकों के बजट को बिगाड़ रहा है। छात्रों का कोचिंग जाना धीरे-धीरे अपरिहार्य माना जाने लगा है। जिसके चलते माता-पिता को अपने अन्य जरूरी खर्चों में कटौती करनी पड़ती है। हाल ही में भारत सरकार के एक सर्वेक्षण में पाया गया कि देश भर के लगभग हर चार में से एक स्कूली छात्र ने इस वर्ष निजी कोचिंग ली। कुल मिलाकर देश के 27 फीसदी विद्यार्थी निजी कोचिंग लेते हैं। यह प्रतिशत शहरों में ज्यादा है, जो सर्वे में करीब 31 फीसदी पाया गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों की तुलना में कम- 25 फीसदी पाया गया है। पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में यह कोई वैकल्पिक सुविधा नहीं है बल्कि शिक्षा प्रणाली की विसंगतियों से अपने बच्चों को उबारकर उनके बेहतर भविष्य की आस का जरिया है। उस स्थिति से उबरने की कोशिश है जो छात्रों को परीक्षा से पूर्व तनाव व परेशानी में धकेल देती है। केंद्र सरकार के व्यापक वार्षिक माड्यूलर सर्वेक्षण यानी सीएमएस में खुलासा हुआ है कि शहरी परिवार कोचिंग पर साल में औसतन चार हजार रुपये खर्च करते हैं। वहीं उच्चतर माध्यमिक छात्रों के लिये राशि बढ़कर दस हजार रुपये हो जाती है। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में यह खर्च कम हो जाता है। लेकिन फिर भी परिवार की आय पर दबाव जरूर बनाता है। कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के व्यापक मॉड्यूलर सर्वेक्षण (शिक्षा) के ये आंकड़े एक सच्चाई को उजागर करते हैं कि स्कूली पढ़ाई छात्रों की सभी जिज्ञासाओं को शांत नहीं कर पाती। यानी स्कूल छात्रों की परीक्षाओं के लिये अपेक्षित आत्मविश्वास प्रदान करने में पूरी तरह सफल नहीं हो पा रहे हैं। जाहिर बात है कि यदि स्कूलों में पढ़ाई छात्राओं की आकांक्षाओं के अनुरूप हो और उनकी जिज्ञासा कक्षा की पढ़ाई के दौरान शांत हो जाए, तो वे कोचिंग की आवश्यकता महसूस नहीं करेंगे। सर्वे बताता है कि आज देश में 56 फीसदी छात्र सरकारी स्कूलों में शिक्षा ले रहे हैं। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह संख्या दो दिहाई है। निस्संदेह, ऐसी स्थिति में कोचिंग का बढ़ता प्रचलन आकांक्षाओं से ज्यादा व्यवस्थागत कमजोरी का संकेत है। वहीं पंजाब और हरियाण में,यह प्रचलन ज्यादा है जहां बोर्ड और प्रवेश परीक्षाओं का अधिक दबाव हावी रहता है। जिसके चलते कुकरमुत्तों की तरह कोचिंग सेंटर उग रहे हैं। नतीजा साफ है कि कक्षाओं में ठीक से पढ़ाई न होने के कारण छात्रों का ध्यान व पैसा स्कूल के समानांतर चलाए जा रहे कोचिंग सेंटरों को जा रहा है। कोचिंग सेंटर, जिनका मकसद सिर्फ मुनाफा जुटाना ही है, वे समाज में एक कृत्रिम स्पर्धा ट्यूशन पढ़ने व न पढ़ने वाले छात्रों के बीच पैदा कर रहे हैं। पारिवरिक परिस्थितियों के चलते ट्यूशन न पढ़ने वाले छात्र असुरक्षा व हीन भावना के शिकार हो जाते हैं। दरअसल, इस समस्या का समाधान कोचिंग को बाजार हिस्सा मानकर नहीं किया जा सकता है। प्रतिबंध या सीमाएं निर्धारण से भी समस्या का समाधान करने के बजाय हम इस मुद्दे को और जटिल बना देंगे। बेहतर होगा कि स्कूल में कमजोर छात्रों को स्कूल के समय बाद अतिरिक्त कक्षाओं के जरिये मजबूती प्रदान की जाए। खासकर बोर्ड की परीक्षाओं में शामिल हो रहे छात्रों पर अधिक ध्यान व समय देकर स्कूल प्रबंधक रचनात्मक भूमिका निभा सकते हैं। जिससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव भी नहीं पड़ेगा। अधिक विषयों के लिये योग्य शिक्षकों की नियुक्ति व रटने के बजाय समझने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देकर भी कोचिंग प्रथा को कम किया जा सकता है। इसके साथ ही स्कूलों में छात्रों का मध्यावधि मूल्यांकन भी मददगार साबित हो सकता है। राज्य बोर्डों को भी छात्रों के ज्ञान के मूल्यांकन को नया स्वरूप देना चाहिए। वे छात्रों को समझ और व्यावहारिक ज्ञान देने को प्राथमिकता दें बजाय कि रटने की प्रवृत्ति को बढ़ाने की। यदि निजी कोचिंग अपरिहार्य है तो कम आय वाले छात्रों के लिये आर्थिक सहायता नैसर्गिक न्याय करेगी। इससे शिक्षा के क्षेत्र में समानता लाना संभव है। अन्यथा कोचिंग का दायरा बढ़ता ही रहेगा। अन्यथा असमानता बढ़ेगी और कक्षाओं में छात्रों की भागीदारी कम होती जाएगी।

# भारत-जापान दोस्ती से नये वैश्विक संतुलन की कोशिश

जापान भारत का पूराना मित्र राष्ट्र है। भारत और जापान के रिश्तों की नींव कोई आज की नहीं है। आठवीं शताब्दी में बोधिसेना नामक भारतीय साधु ने नारा के तोदाईजी मंदिर में भगवान बुद्ध की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा की थी। यह पहला ऐतिहासिक संपर्क माना जाता है। आगे चलकर स्वामी विवेकानंद, रवींद्रनाथ टैगोर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और जस्टिस राधा बिनोद पाल जैसी हस्तियों ने दोनों देशों के रिश्तों को गहरा किया। आजादी की लड़ाई के दौरान नेताजी सुभाषचन्द्र बोस और आजाद हिन्द फौज को जापान से मिला समर्थन एवं सहयोग इस बात का प्रमाण है कि दोनों देशों के रिश्ते सन् 1947 से पहले से ही प्रगाढ़ एवं मित्रतापूर्ण थे। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद भारत ने जापान के साथ अलग शांति संधि की, जिससे दोनों देशों के बीच आधिकारिक रिश्तों की शुरुआत हुई। आज भारत-जापान साझेदारी में रक्षा, विज्ञान, शिक्षा, संस्कृति और रणनीतिक सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र शामिल हैं। मित्रता एवं सहयोग की यह विरासत आज भी जारी है, यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी की यह जापान की 8वीं यात्रा है। उन्होंने जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा को 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन आयोजित करने के लिए धन्यवाद भी दिया। मोदी की यह जापान यात्रा निश्चित तौर पर दूरगामी उद्देश्यों से जुड़ी है। दोनों देशों के साझेदारी से नयी दिशाएं उद्घाटित होंगी, हालांकि इस साझेदारी की राह आसान नहीं है। भारत को अपनी नौकरशाही जटिलताओं, बुनियादी ढाँचे की कमी और नीतिगत अस्थिरताओं को दूर करना होगा, ताकि जापानी निवेशकों का विश्वास बढ़ सके।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा केवल एक राजनयिक औपचारिकता नहीं, बल्कि इक्कीसवीं सदी की नई एशियाई शक्ति संरचना का संकेत है। यह यात्रा भारत और जापान के बीच 'दोस्ती के नए दौर' का आगाज है, जो वैश्विक व्यापार, सुरक्षा और रणनीतिक संतुलन पर गहरा असर डालेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत-जापान ज्वाइंट इकोनॉमिक फोरम को संबोधित करते हुए जापान की टेक्नोलॉजी और भारत के टैलेंट से दोनों देशों के साथ दुनिया की तस्वीर बदलने की बात कही। भारत की विकास यात्रा में जापान की अहम भूमिका रही है। मेट्रो से मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर से स्टार्टअप तक अनेक विकास, तकनीकी एवं औद्योगिक क्षेत्रों में हमारी साझेदीरी आपसी विश्वास का प्रतीक बना है। भारत विश्व की सबसे तेज विकसित होती अर्थ-व्यवस्था है। बहुत जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा, जिसमें दोनों देशों की निकटता से नये आयाम उद्घाटित होंगे। आज वैश्विक परिदृश्य में सबसे बड़ी चुनौती अमेरिका और चीन, अमेरिका एवं भारत के बीच चल रही 'टैरिफ वार' है। अमेरिका द्वारा लगाए गए भारी शुल्क ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार की दिशा बदल दी है। इस टकराव का असर केवल अमेरिका-चीन पर नहीं पड़ा, बल्कि भारत जैसे उभरते बाजारों और विकसित होते देशों पर भी गहरा संकट आया है। भारत के निर्यात को नुकसान पहुँचा है, कच्चे माल की कीमतों में अस्थिरता आई है और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित हुई है। ऐसे समय में भारत-जापान का एक-दूसरे के और नजदीक आना एक 'रणनीतिक अवसर' है। जापान तकनीक, पूँजी और नवाचार में अग्रणी है, वहीं भारत के पास विशाल मानव संसाधन, बड़ा बाजार और विकास की अपार संभावनाएं हैं। मोदी की यह यात्रा इन दोनों शक्तियों को एक साझा मंच पर लाने का प्रयास है, ताकि अमेरिका की टैरिफ वार से बने शून्य की भरपाई की जा सके। निश्चित ही अमेरिका का भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाना भारत के सामने एक बड़ी चुनौती है और इस चुनौती का सामना करने में भारत सक्षम भी है। इन्हीं जटिल स्थितियों के बीच भारत अपने उत्पादों के लिए नए बाजार की तलाश में है। प्रधानमंत्री मोदी जापान के बाद चीन जाएंगे और वहां एससीओ समिट में भी हिस्सा लेंगे। चीन में प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन से भी हो सकती है। मोदी की यह जापान यात्रा केवल व्यापार तक सीमित नहीं है। चीन के विस्तारवाद, अमेरिका की अनिश्चित नीतियों और रूस-यूक्रेन युद्ध जैसे हालात में भारत और जापान का साथ आना 'संतुलनकारी शक्ति' की तरह काम करेगा। दोनों देशों ने 'इंडो-पैसिफिक रणनीति' को मजबूती देने पर जोर दिया है, जिसका उद्देश्य एशिया में शांति, स्थिरता और मुक्त व्यापार सुनिश्चित करना है। जापान भारत का पूराना मित्र राष्ट्र है। भारत और जापान के रिश्तों की नींव कोई आज की नहीं है। आठवीं शताब्दी में बोधिसेना नामक भारतीय साधु ने नारा के तोदाईजी मंदिर में भगवान बुद्ध की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा की थी। यह पहला ऐतिहासिक संपर्क माना जाता है। आगे चलकर स्वामी विवेकानंद, रवींद्रनाथ टैगोर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और जस्टिस राधा बिनोद पाल जैसी हस्तियों ने दोनों देशों के रिश्तों को गहरा किया। आजादी की लड़ाई के दौरान नेताजी सुभाषचन्द्र बोस और आजाद हिन्द फौज को जापान से मिला समर्थन एवं सहयोग इस बात का प्रमाण है कि दोनों देशों के रिश्ते सन् 1947 से पहले से ही प्रगाढ़ एवं मित्रतापूर्ण थे। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद भारत ने जापान के साथ अलग शांति संधि की, जिससे दोनों देशों के बीच आधिकारिक रिश्तों की शुरुआत हुई। आज भारत-जापान साझेदारी में रक्षा, विज्ञान, शिक्षा, संस्कृति और रणनीतिक सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र शामिल हैं। मित्रता एवं सहयोग की यह विरासत आज भी जारी है, यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी की यह जापान की 8वीं यात्रा है। उन्होंने जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा को 15वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन आयोजित करने के लिए धन्यवाद भी दिया। मोदी की यह जापान यात्रा निश्चित तौर पर दूरगामी उद्देश्यों से जुड़ी है। दोनों देशों के साझेदारी से नयी दिशाएं उद्घाटित होंगी, हालांकि इस साझेदारी की राह आसान नहीं है। भारत को अपनी नौकरशाही जटिलताओं, बुनियादी ढाँचे की कमी और नीतिगत अस्थिरताओं को दूर करना होगा, ताकि जापानी निवेशकों का विश्वास बढ़ सके। वहीं जापान को भी यह समझना होगा कि भारत का बाजार केवल उपभोक्ताओं का नहीं बल्कि एक साझेदारी की संभावनाओं का बाजार है। अमेरिका की टैरिफ वार ने वैश्विक व्यापार को असंतुलित किया है, लेकिन भारत-जापान की साझेदारी इसे संतुलन की दिशा दे सकती है। यदि यह रिश्ता आगे बढ़ता है, तो भारत केवल जापान का साझेदार ही नहीं रहेगा, बल्कि पूरे एशिया में 'नई शक्ति धुरी' का केंद्र बन सकता है। भारत-जापान की निकटता एवं आपसी समझौते अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण है, व्यापारिक दृष्टिकोण से भरपूर संभावनाएं हैं। इससे सप्लाई चेन का नया केंद्र विकसित होगा। वैसे भी जापान, चीन पर निर्भरता घटाना चाहता है। भारत इसके लिए सबसे स्वाभाविक विकल्प है। यदि जापानी उद्योग भारत में बड़े पैमाने पर निवेश करते हैं तो 'मेक इन इंडिया' को नई ऊर्जा मिलेगी। हाई-टेक सहयोग से सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और हरित ऊर्जा के क्षेत्र में भारत-जापान साझेदारी एशिया की नई तकनीकी धुरी बना सकती है। यह व्यापारिक संतुलन का भी आधार है। अमेरिका और यूरोप के बाजार अस्थिर हैं। भारत-जापान मिलकर 'एशिया-प्रशांत' को स्थिर और सशक्त व्यापारिक क्षेत्र बना सकते हैं। दोनों देश बुनियादी ढाँचा निर्माण करते हुए एक दूसरे के विकास में सहायक होंगे। जापान का विशेष अनुभव और वित्तीय सहयोग भारत की मेट्रो रेल, हाई-स्पीड बुलेट ट्रेन और बंदरगाह परियोजनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह न केवल भारत की अर्थव्यवस्था को गति देगा, बल्कि दोनों देशों को दीर्घकालिक साझेदार बनाएगा। निश्चित दौर पर मोदी की जापान यात्रा केवल दोस्ती का नया अध्याय नहीं है, बल्कि अमेरिका-चीन टकराव से उपजे शून्य को भरने की कोशिश है। यह भारत को एक 'पैसिव खिलाड़ी' से 'ग्लोबल लीडर' की भूमिका में लाने का अवसर है। भारत-जापान की दोस्ती का नया दौर बदलती वैश्विक परिस्थितियों और शक्ति-संतुलन का निर्णायक पहलू है। आज की दुनिया बहुध्रूवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही है। अमेरिका और चीन की टकराहट ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र को विश्व राजनीति का केंद्र बना दिया है। चीन की आक्रामक नीतियां, उसके विस्तारवादी रुख और आर्थिक दबदबे की कोशिशों ने भारत और जापान को स्वाभाविक रूप से निकट लाया है। भारत-जापान की साझेदारी अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और अन्य लोकतांत्रिक देशों के साथ मिलकर 'क्वाड' को मजबूत करती है। यह केवल सुरक्षा गठबंधन नहीं बल्कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में स्वतंत्र नौवहन, आतंकवाद से मुकाबला, और आपसी व्यापार-विकास का साझा दृष्टिकोण है। इससे चीन की एकध्रूवीय शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा पर अंकुश लगता है। अमेरिका की संरक्षणवादी नीतियों और टैरिफ बाधाओं ने भारत-जापान को विकल्प खोजने पर मजबूर किया है। दोनों देश मिलकर 'चीन-प्लस-वन' रणनीति को आगे बढ़ा सकते हैं, यानी चीन पर निर्भरता कम करके एशिया और अफ्रीका के नए बाजारों में निवेश और उत्पादन केंद्र बना सकते हैं। इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला संतुलित होगी। जापान भारत में बुलेट ट्रेन, स्मार्ट सिटी, डिजिटल इंडिया और नवीकरणीय ऊर्जा के प्रोजेक्ट्स में निवेश कर रहा है। भारत की युवा कार्यशक्ति और जापान की तकनीकी दक्षता मिलकर नवाचार और टिकाऊ विकास का मॉडल पेश कर सकती है। यह मॉडल पश्चिमी पूंजीवाद और चीनी साम्यवादी अर्थशास्त्र से भिन्न होगा। दोनों देशों के बीच संबंध केवल रणनीति या व्यापार तक सीमित नहीं हैं बल्कि साझा मानवीय मूल्यों से नैतिक गहराई प्रदान करने का आधार भी है। यह मित्रता 'सॉफ्ट पावर' के रूप में भी वैश्विक शांति को आधार देगी। यह न तो किसी आक्रामक गठबंधन का रूप है और न ही केवल आर्थिक लाभ का गणित। बल्कि यह लोकतंत्र, शांति, प्रौद्योगिकी और मानवता पर आधारित एक नए वैश्विक युग की नींव है। निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि मोदी की दो दिवसीय यह यात्रा न सिर्फ भारत-जापान संबंधों को नई ऊंचाई देने का मौका होगी बल्कि एशियाई कूटनीति में भारत की भूमिका को और मज़बूत करेगी। भारत-जापान का नया दौर विश्व को दो संदेश देता है कि शक्ति का संतुलन केवल सैन्य बल से नहीं, बल्कि सहयोग, विकास और नैतिक मूल्यों से बनेगा। एशिया का भविष्य भारत और जापान की साझेदारी से निर्धारित होगा, जो दुनिया को स्थिरता और संतुलन की दिशा देगा। **–ललित गर्ग**

# नये भारत में सनातन परंपरा के एकीकरण का अभिनव प्रयास

**पवन वर्मा**

हमारे लोकजीवन, लोकाचार और लोकसाहित्य में गणेशजी को मंगलदाता एवं विघ्न-विनाशक के रूप में स्मरण किया जाता है। मंगलमूर्ति गणेशजी हमारे लोकजीवन में पूर्णरूप से रमे हुए हैं। सर्वपूज्य, परम पूज्य और कुशलता के प्रतीक हैं। वे समस्त ऋद्धियों और सिद्धियों के दाता हैं। मोदकप्रिय होने से उन्हें 'मोदकप्रिय मुद मंगलदाता' कहा गया है। लोकजीवन में गणेशजी इतने समाविष्ट हैं कि हम कोई भी कार्य को प्रारंभ करने के लिए 'श्री गणेश कीजिये' कहते हैं। 'श्री गणेश करना' एक मुहावरा बन गया है। यात्रा पर जाते समय 'जय सिद्धि गणेश' कहते हैं और गणेशजी हमारी यात्रा मंगलमय करते हैं। गृहप्रवेश, विद्या आरंभ करते समय गणेशजी का स्मरण, पूजन और अर्चना की जाती है, उनकी स्थापना की जाती है। ऐसा लोकविश्वास है कि गणेशजी की पूजा करने से हमारी समस्त विघ्न-बाधाएं दूर होती हैं। अतः अनेक शुभकारी नामों को धारण करने वाले गजानन गणेश के पूजन की परम्परा भारतीय लोकजीवन में सनातन और अखंड है। समाज में, परिवार में या मंदिरों में उनकी पूजा-अर्चना को मांगलिकता का प्रतीक माना जाता है। यह लोकमान्यता है कि वह शीघ्र शुभ फलदाता देवता हैं और उनके दर्शन मात्र से मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। अतः पर्वो, समारोहों, सहभोजों, यात्रागमन आदि अवसरों पर प्रथम पूज्य गणेशजी की पूजा-अर्चना की जाती है। यद्यपि दीपावली पर लक्ष्मीजी की पूजा का विधान है, लेकिन शुभ और लाभ के दाता तो गणेशजी ही हैं, अतः लक्ष्मीजी के साथ गणेशजी की मूर्ति मिलती है तथा युगलमूर्ति की पूजा की जाती है। संस्कार समारोहों में जहां माता गौरी की स्थापना की जाती है, वहीं जलभरे कलश या मंगल कलश में गणेशजी की प्रतिमा रखी जाती है। यह प्रतिमा मिट्टी या गौ के गोबर से बनायी जाती है। इस प्रकार गौरी-गणेश पूजन के बाद ही मंगल कार्य सम्पन्न किया जाता है। विद्या आरंभ करते समय बालक से 'श्री गणेशाय नमः' लिखवाया जाता है। सेठ-साहूकार अपने बहीखातों में भी प्रारंभ में 'श्री गणेशाय नमः' लिखते हैं। भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी पावन पर्व गणेश चतुर्थी के रूप में मनाया जाता है। उत्तर प्रदेश में उसे 'बहुल चौथ' के रूप में मनाया जाता है। अवधी भाषा में बहुरा या बहुला का अभिप्रायः 'गया हुआ' होता है, अर्थात जिसके आने की उम्मीद न हो। गणेशजी की उत्पत्ति भी इसी प्रकार हुई थी। उनका सिर कट गया था और फिर हाथी का सिर लगाये जाने पर पुनर्जीवित हुए। लोकमानस ने इस पर्व का नाम इस प्रकार रखकर गणेश जन्म के पौराणिक तथ्य को सहजता से निरूपित किया है। स्कंदपुराण में श्रीकृष्ण-युधिष्ठिर संवाद के अनुसार भाद्रपद मास के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी की विशेष महिमा है। उस दिन की आराधना से गणेशजी अपने आराधकों के समस्त कार्यकलापों में सिद्धि प्रदान करते हैं। अतः उनका नाम 'सिद्धि-विनायक' हो गया है-सिद्धियनति सर्व कार्यणि मनसा चिन्तितान्यपि। तेन ख्याति गतो लोके, नाम्ना सिद्धि विनायक? महात्मा तुलसीदास जी कृत गणेश स्तुति तो समस्त जनजीवन में व्याप्त है। गाइए गणपति जगवंदन, शंकर सुवन भवानी के नंदन। सिद्धि सदन गजवदन विनायक, कृपा सिन्धु सुंदर सब लायक। गणेशजी पांच तत्वों से समन्वित रूप हैं। ये पांच तत्व हैं- पराक्रम, आनंद, बुद्धि, कृषि और व्यवसाय। नेतृत्व के गुणों के कारण उन्हें गणपति, गणाधिपति, गणधिप, गणेश आदि नामों से पुकारा जाता है। उनका दूसरा रूप विघ्नहर्ता और मंगलदाता है। वे बुद्धि के निधान और पराक्रम के पुंज हैं। बुद्धिबल से ही वे विश्व में प्रथम पूज्य हैं। वे जल तत्व के अधपति हैं और जल ही जीवन हुआ करता है। अतः लोकजीवन में उनकी महान प्रतिष्ठा है। वाणिज्य व्यवसाय के प्रबंधन के रूप में उनकी मान्यता है, इसीलिए वणिक व्यवसाय के लोग उन्हें अधिक पूजते हैं। गणेशजी की पूजा न केवल भारत में प्रचलित हैं, बल्कि पड़ोसी देशों में, अतिरिक्त सुदूर देशों में भी समान रूप से प्रचलित है। गणेशोत्सव इसीलिए हमारे देश के जनगण की धार्मिक आस्था का प्रतीक है। गणपति सर्वाधिक लोकमान्य और सर्वप्रिय देवता हैं। वे सर्व सुखदाता-दुखहर्ता, सांसारिक सम्पदा देने वाले हैं। वे समाज का नेतृत्व करने वाले कुशल संगठक तथा महासेनापति भी हैं। पौराणिक युग में गण के नाम से जाने जाते समाज के विभिन्न बिखरे हुए हिस्सों को एकत्र कर उनमें एकता का गणेशजी ने सफल प्रयास किया। श्री गणेशजी हमारे सामाजिक संगठन और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक-पुरुष रहे हैं। श्री गणेशजी हमारे आद्यदेव और सर्वमान्य गणनायक के रूप में हमेशा पूज्य और प्रतिष्छित रहे हैं। लोकमान्य तिलक ने गणेशजी की सामाजिक महत्ता को पहचानकर और गणेश पूजा को व्यापक रूप देकर राष्ट्रीय चेतना जगाने का सफल प्रयास किया।

## सेहत मंत्र

# जौ का पानी पीने से खत्म हो जाती है पेट की चर्बी, तेजी से कम होता है शरीर का वजन

हेल्दी और फिट रहने के लिए शरीर का अतिरिक्त वजन कम करना महत्वपूर्ण है। अतिरिक्त शरीर के वजन से कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं जैसे मोटापा, हृदय और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं होती हैं। लेकिन वजन कम करना आसान नहीं है, लोग वजन कम करने के लिए विभिन्न तरीकों और तकनीक का पालन करते हैं। वे अतिरिक्त वजन कम करने के लिए कठिन कसरत दिनचर्या और आहार योजना का पालन करते हैं। दुर्भाग्य से, बहुत से लोग ऊब गए या निराश हो गए क्योंकि इन विधियों और तकनीकों का पालन करना काफी कठिन है। अगर आप आसानी से वजन कम करना चाहते हैं तो जौ का पानी आपके लिए फायदेमंद है। यह फाइबर का समृद्ध स्रोत है जो आपको अधिक समय तक भरा रखता है। शरीर से अत्यधिक वजन कम करने के लिए एक गिलास जौ का पानी फायदेमंद होता है। जौ का पानी फाइबर का अच्छा स्रोत है। पर्याप्त फाइबर आपके पेट को अधिक समय तक भरा-भरा रखता है और जंक फूड की क्रेविंग को कम करता है। इसलिए, लंबे समय तक भरा हुआ पेट आपको वजन कम करने में मदद करता है। बेहतर परिणामों के लिए नियमित रूप से एक गिलास जौ के पानी का सेवन करें। जौ के पानी का सेवन आसानी से मल त्याग सुनिश्चित करता है और पाचन तंत्र को मजबूत करता है। इसके अलावा, यह कब्ज और दस्त जैसे पेट की बीमारी को भी रोकता है। जौ के पानी में कुछ कैलोरी होती हैं। जब जौ को पानी में भिगोया जाता है, तो कैलोरी की गिनती अपने आप गिर जाती है। बेहतर परिणामों के लिए, सॉफ्ट ड्रिंक्स के बजाय एक गिलास जौ के पानी का सेवन करें। कुछ जौ उबालें जब तक कि वे नरम न हो जाएं। अब, इसे निचोड़ कर पानी इकट्ठा कर लें। आपको बता दें, वजन कम करने के लिए जौ का पानी फायदेमंद है क्योंकि यह फाइबर का अच्छा स्रोत है और इसमें बहुत कम कैलोरी होती है।

## धर्म मंत्र

# अपार धन और जीवन की समस्त खुशियां देता है श्रीगणेश का यह चमत्कारी स्तोत्र

भगवान श्रीगणेश की आराधना सर्वदा फलदायी मानी गई है। प्रथम पूज्य देव को प्रिय यह संतान गणपति स्तोत्र लक्ष्मी और संतान दोनों देता है, साथ ही सभी कार्यों को सिद्ध करने वाला माना गया है। इस स्तोत्र को प्रतिदिन अथवा बुधवार को जपने से जीवन में सर्वसुख संपदा के साथ ही जिन्हें संतान न हो, उन्हें संतान देकर समस्त खुशियों को उनकी झोली में डाल देता है। यह स्त्रोत इतना चमत्कारी हैं कि मनुष्य का भाग्य बदलते देर नहीं लगती।

नमोस्तु
गणनाथाय सिद्धी बुद्धि युताय च।
सर्वप्रदाय देवाय पुत्र वृद्धि प्रदाय च।।
गुरु दराय गुरवे गोप्त्रे गुह्यासिताय ते।
गोप्याय गोपिताशेष भुवनाय चिदात्मनें।।
विश्व मूलाय भव्याय विश्वसृष्टि करायते।
नमो नमस्ते सत्याय सत्य पूर्णाय शुण्डिनें।।
एकदन्ताय शुद्धाय सुमुखाय नमो नमः।
प्रपन्न जन पालाय प्रणतार्ति विनाशिने।।
शरणं भव देवेश सन्तति सुदृढ़ां कुरु।
भविष्यन्ति च ये पुत्रा मत्कुले गण नायक।।
ते सर्वे तव पूजार्थ विरताः स्युः वरो मतः।
पुत्रप्रदमिदं स्तोत्रं सर्व सिद्धि प्रदायकम्।।

## पर्यटन



# मणिशंकर की वापसी के निहितार्थ पिथौरागढ़ आये हैं तो चौकोरी जरूर जाएं, खूबसूरती आपका मनमोह लेगी

दिल्ली से 530 किमी दूर उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले की बेरीनाग तहसील में स्थित चौकोरी एक छोटा सा पहाड़ी नगर है। इसकी ऊंचाई समुद्र तल से 2010 मीटर है। चौकोरी के उत्तर में तिब्बत और दक्षिण में तराई क्षेत्र है। यह जगह भी पश्चिमी हिमालय की पर्वत श्रृंखला के पास स्थित है। कहते हैं देखने में सभी हिल स्टेशन एक जैसा होता है लेकिन हर पहाड़ की अपनी खूबसूरती होती है अगर बात चौकोरी की जाए तो उनकी बात ही अलग है एक तरफ जहां हरियाली से लकदक ऊंचे पहाड़ है तो दूसरी ओर बर्फ से ढकी पहाड़ियां। सूरज की लालिमा इन बर्फ से ढके पहाड़ों पर पड़ती है तो लगता है मानों हम स्वर्ण देश में आ गए हैं। यहां का हर नजारा दिल को सुकून पहुंचाता है। शांत शीतल हवा शरीर में नई सुफूर्ति का संचार करती है। चौकारी की खूबसूरती को बयां करती। चौकोरी की सुंदरता में मक्के के खेत और फल चार चांद लगाते हैं। चौकोरी में आने वाले यात्री उल्का देवी मंदिर में आकर नतमस्त हो सकते हैं। पिथौरागढ़-चंडक मोटर मार्ग पर टूरिस्ट रेस्टहाउस के पास यह मंदिर स्थित है। इसी तरह घनसेरा देवी मंदिर में विभिन्न भगवानों की पत्थर पर बनी सुंदर नक्काशी देखी जा सकती है। पटल भुवनेश्वर : पास के गाँव भुवनेश्वर में समुद्रतल से 1350मी. ऊपर स्थित पटल भुवनेश्वर, एक गुफा में बना हुआ मंदिर है। चूंकि प्राथमिक रूप से यह मंदिर भगवान शिव को समर्पित है, लेकिन ऐसा माना जाता है कि इस गुफा में 33करोड़ देवी-देवताओं का निवास है। गंगोलीहाट : गंगोलीहाट जगह हाट कलिका मंदिर नामक सिद्धपीठ के लिये प्रसिद्ध है। इस सिद्ध पीठ की स्थापना आदिगुरू शंकराचार्य द्वारा की गयी। हाट कलिका देवी रणभूमि में गए जवानों की रक्षक मानी जाती है। धरमघरः धरमघर चौकोरी से 9 किमी दूर है। गांधी जी के पगचिन्हों पर चलने वाली सरला बहन ने अपनी जिन्दगी के अन्तिम कुछ पल यहां पर ही गुजारे थे। धरमनगर में हिमदर्शन के नाम सरला बहन का एक कुटीर है। यहां से हिमालय पर्वत के चोटियों का नजारा दिखाई देता है।

# हैदरगढ़ में एनएचआई की बड़ी कार्रवाई





कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी नगर पंचायत हैदरगढ़ में शनिवार को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआई) ने अतिक्रमणकारियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए नाले और पैदल फुटपाथ पर फैले अवैध कब्जों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई मुख्य चौराहे से शुरू होकर कस्बे की दोनों पटरियों पर की गई, जिससे आमजन को राहत मिली और यातायात सुगम हो गया। कस्बे में नाले और फुटपाथ पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण आए दिन दुर्घटनाएँ घट रही थीं। इस समस्या को लेकर तीन दिन पूर्व ही एनएचआई की ओर से मुनादी और एलान कर लोगों को कब्जा हटाने की अपील की गई थी। बावजूद इसके अतिक्रमणकारियों ने चेतावनी को अनदेखा कर पटरी और नाले पर पूरी तरह कब्ज़ा जमा लिया था। इसके बाद प्रशासन को सख्ती दिखानी पड़ी।

शनिवार दोपहर से शुरू हुए इस अभियान में एनएचआई की टीम ने सड़क किनारे नाले पर रखी मौरंग, टाइल्स और अन्य निर्माण सामग्री को जेसीबी से हटवा दिया। दुकानदारों को हिदायत दी गई कि वे दुकानें तय सीमा के भीतर ही लगाएँ, अन्यथा आगे और सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान की अगुवाई उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ श्री राजेश कुमार विश्वकर्मा और एनएचआई (दिलीप बिल्डकॉन) के मैनेजर वीरभान सिंह ने की। कार्रवाई के दौरान कोतवाली प्रभारी अभिमन्यु मल, रूट पेट्रोलिंग ऑफिसर आदित्य चतुर्वेदी, कस्बा चौकी इंचार्ज कपिलदेव यादव, नगर पंचायत व राजस्व विभाग की टीम मौके पर मौजूद रही।

> नाले व फुटपाथ से अतिक्रमण हटवाया गया है। इससे पहले नोटिस व एलान भी कराया गया था। अतिक्रमण को लेकर निगरानी लगातार जारी रहेगी और यह अभियान आगे भी चलता रहेगा।
>
> **श्री राजेश कुमार विश्वकर्मा**
> **उपजिलाधिकारी हैदरगढ़**

> नाले और पैदल फुटपाथ पर अतिक्रमण बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि भविष्य में किसी ने पुनः कब्जा किया तो उसे चिह्नित कर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। अभियान लगातार जारी रहेगा।
>
> **श्री वीरभान सिंह**
> **मैनेजर**
> **एनएचआई (डीबीएल)**

## जेल की सलाखों से मनरेगा तक, कैदी बना मजदूर, अधिकारियों ने बनाई जांच टीम




**कुछ तो जरूर है गड़बड़ घोटाला, सिद्धौर फिर चर्चा में**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी। यह कहानी किसी फिल्मी स्क्रिप्ट से कम नहीं ऽ जेल की सलाखों के पीछे बंद कैदी, बाहर खेत-खलिहान में मनरेगा की मजदूरी करता दिखा और मेहनताना भी जेब में डाल लिया! अब सवाल यह उठता है कि आखिर जेल के ताले टूटे या व्यवस्था की पोल? सिद्धौर ब्लॉक के जमालापुर गांव का यह प्रकरण चर्चा का विषय बना हुआ है। गरीबों के हित वाली मनरेगा योजना में ल्लकागजों के मजदूरङ्क तैयार करने का हुनर शायद अधिकारियों और ठेकेदारों को ही आता है। ताज़ा खुलासे के बाद बीडीओ पूजा सिंह ने नाराज़गी जताते हुए तीन सदस्यीय जांच टीम गठित कर दी है। इस टीम में एडीओ आईएसबी राधेश्याम, एपीओ अमित व जेई सोमनाथ यादव शामिल हैं।बीडीओ का कहना है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी, मगर गांव वाले सवाल उठा रहे हैं कि यह खेल बिना अधिकारियों की मिलीभगत के कैसे संभव है? ल्लकैदी जेल में और मजदूरी खेत में—यह चमत्कार मनरेगा की किताब में नया अध्याय जोड़ गया है।अब देखना यह होगा कि जांच रिपोर्ट सच में सलाखें खोलती है या फिर कागजों पर ही ल्लमजदूरीङ्क कराके फाइल बंद कर दी जाएगी।

## मसौली में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 150 ग्रामीणों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी डिवाइन धन्वंतरी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, प्यारेपुर सरैया के तत्वाधान में शनिवार को ग्राम पंचायत चंदवारा स्थित पंचायत भवन में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शैलेन्द्र कुमार पप्पू जयसवाल ने किया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य की जाँच करना अति आवश्यक है, जिससे छोटी-छोटी बीमारियों का पता समय रहते चल जाता है और गंभीर बीमारियों से बचाव संभव हो पाता है। उन्होंने हॉस्पिटल के चिकित्सकों एवं टीम का आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. अमल एस. बाबू, डॉ. सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. सरोज कुशवाहा, स्टाफ नर्स अनीता वर्मा व शबीना बानो, लैब तकनीशियन पंकज सिंह, फार्मासिस्ट राजबंधु, पी.आर.ओ. राजकुमार वर्मा, रुचि देवी, सुपरवाइजर पंकज वर्मा, महेंद्र कुमार व विष्णु द्वारा लगभग 150 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों की रक्तचाप एवं शुगर की निःशुल्क जाँच की गई तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परामर्श एवं आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं।

## शिव मंदिर नालीपार में गणेश महोत्सव: भजनों की गूंज और झांकियों ने मोहा मन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी ग्राम पंचायत बड़ागांव के मोहल्ला नालीपार स्थित शिव मंदिर पर गणेश चतुर्थी महोत्सव के अवसर पर श्याम जागरण ग्रुप बाराबंकी के तत्वावधान में भव्य जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत माँ ज्वाला माई की ज्योति प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद कलाकारों ने भक्तिमय गीत प्रस्तुत किए। तनुज शर्मा ने गणेश वंदना ल्लभोग लगाऊ तुम्हे मनाऊ हे गणपति महराजङ्क से श्रोताओं को भावविभोर किया। अभिषेक यादव ने ल्लप्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, चलो बुलाया आया है माता ने बुलाया हैङ्क गाकर वाहवाही लूटी। वहीं अवनीश यादव ने ल्लकब से पुकारू मेरे घर आओ माँ, अब तो पहाड़ों से उतर आओ माँङ्क प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मन जीत लिया। श्याम जागरण ग्रुप के श्याम ब्रदर्स द्वारा गाए गए ल्लगणपति राखो मेरी लाज, पूरण करियो मेरो काजङ्क ने पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया। इसी दौरान लखनऊ से आए सूरज महाकाल झांकी ग्रुप ने आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं, जिनमें गणेश जी, हनुमान जी, शंकर जी, काली माँ, कृष्ण-सुदामा, राधा-कृष्ण, राम-लक्ष्मण आदि की झलकियां देखकर भक्त भावविभोर हो उठे। मंदिर प्रांगण भक्तों से खचाखच भरा रहा और देर रात तक श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे रहे। इस अवसर पर गणेश चतुर्थी के अध्यक्ष शेष नारायण यादव, दीपक यादव, अभिषेक, अखिल गुप्ता, विनीत यादव, गोलू यादव, संदीप कश्यप, बिक्की यादव, सचिन यादव, प्रमोद चौहान सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे ।



### सहायक अध्यापिका पर अभिभावकों ने लगाए गंभीर आरोप, दर्ज कराई नाराजगी

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शिक्षा क्षेत्र बनीकोडर के प्राथमिक विद्यालय निंबहा में बच्चों के बीच हुई मारपीट की घटना ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया। बच्चों की शिकायत पर सहायक अध्यापिका ऐश्वर्या सिंह ने जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया, जिससे अभिभावक आक्रोशित हो उठे। अभिभावकों का कहना है कि अध्यापिका ने विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा और पढ़ाई की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए अभिभावकों से गाली–गलौज तक की। नाराज परिजन पुरुषोत्तम, पृथ्वीराज, शिव शंकर चौहान, साहब दिन, रामकरण, ममता, शांति आदि—ने खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक विद्यालय का स्टाफ नहीं बदला जाएगा, वे बच्चों को विद्यालय नहीं भेजेंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि सहायक अध्यापिका के रहते बच्चों का भविष्य खतरे में है और किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इससे पहले भी उनका विवाद दांदूपुर विद्यालय में एक शिक्षक से हो चुका है, जिसके बाद उन्हें निंबहा प्राथमिक विद्यालय में अटैच किया गया था। खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार राय ने बताया कि शिकायत मिली है और जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर सहायक अध्यापिका के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, रात भर झूमे श्रोता

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम पंचायत बड़ागांव के मोहल्ला नालीपार स्थित शिवमंदिर पर चल रहे गणेश चतुर्थी महोत्सव मे श्याम जागरण ग्रुप बाराबंकी के तत्वावधान मे आयोजित जागरण कार्यक्रम की शुरुआत से पूर्व माँ ज्वाला माई की ज्योति प्रजवल्लित की गयी तथा तनुज शर्मा द्वारा गणेश वंदना करते हुए गाया कि भोग लगाऊ तुम्हे मनाऊ हे गणपति महराज अभिषेक यादव ने गाया कि प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी, चलो बुलाया आया है माता ने बुलाया है गाकर खूब वाहवाही लूटी। गायक अवनीश यादव ने कब से पुकारू मेरे घर आओ माँ अब तो पहाड़ो से उतर आओ माँ को गया। श्याम जागरण ग्रुप के श्याम बरदर्स ने गया कि गणपति राखो मेरी लाज, गणपति राखो मेरी लाज,पूरण करियो मेरो काज,गणपति राखो मेरी लाज सहित रात्रि भर सुरज महाकाल झांकी ग्रुप लखनऊ के द्वारा सुंदर सुंदर झांकिया प्रस्तुत की गयी। जिसमे गणेश जी की हनुमान जी की, शंकर जी काली माँ कृष्ण सुदामा , राधा कृष्ण ,राम लक्ष्मण आदि झांकिया प्रस्तुत की गयी भक्त भक्ति मे लीन रहे। इस मौक़ेपर गणेश चतुर्थी के अध्यक्ष शेष नरायण यादव, दीपक यादव, अभिषेक, अखिल गुप्ता, विनीत यादव, गोलू यादव, संदीप कशयप, बिक्की यादव, सचिन यादव, प्रमोद चौहान, आदि लोग मौजूद रहे।

### सीएचसी सिद्धौर में प्राइवेट कर्मचारियों पर टिका इलाज, मरीज परेशान

सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कोठी की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। यहां मरीजों का इलाज और अन्य आवश्यक कार्य नियमित स्वास्थ्यकर्मियों के बजाय प्राइवेट कर्मचारियों से कराए जा रहे हैं। दवा वितरण से लेकर इमरजेंसी वार्ड में ग्लूकोज चढ़ाने तथा मरीजों का रजिस्टर में विवरण दर्ज करने तक का काम इन्हीं कर्मचारियों से कराया जा रहा है। हैरत की बात यह है कि इनकी ड्यूटी रात के समय भी लगाई जाती है।मरीजों व तीमारदारों का आरोप है कि कई बार इन कर्मचारियों द्वारा शोषण तक किया जाता है। अस्पताल में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था न होने से गड़बड़ियों और संभावित भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कैमरे लगे होते तो कई अनियमितताओं का खुलासा हो सकता था।इस संबंध में अधीक्षक डॉ. संजीव सिंह का कहना है कि ल्लबजट न होने के कारण सीसीटीवी कैमरे अभी तक नहीं लगाए जा सके हैं। वहीं, स्टाफ की कमी के चलते प्राइवेट कर्मचारियों से काम लेना मजबूरी है।

### दहेज हत्या के आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। पुलिस की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप मा0 जिला जज बाराबंकी की अदालत ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी सोनू उर्फ अब्दुल मुन्तलिब पुत्र क्यूम निवासी मेहौरा थाना रामसनेहीघाट को 10 वर्ष का कठोर कारावास और 10,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।यह मामला वादी मो0 शब्बीर पुत्र जाहिद अली निवासी गौरिया कला थाना गोसाईगंज, जनपद लखनऊ द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर पर आधारित था, जिसमें बहन को दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या किए जाने की सूचना दी गई थी। थाना रामसनेहीघाट पर वर्ष 2018 में धारा 498ए, 304बी व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर तत्कालीन विवेचक ने वैज्ञानिक तरीके से विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था।पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन और ल्लऑपरेशन कन्विक्शनङ्क योजना के अंतर्गत प्रभावी पैरवी कर न्यूनतम समय में यह सजा दिलाई गई। इस कार्रवाई से जनता में न्याय व्यवस्था और पुलिस के प्रयासों के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

## जम्मू भूस्खलन: बाराबंकी के श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर प्रशासन की नजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी, जिले के श्रद्धालुओं के दो समूह माता वैष्णो देवी के दर्शन हेतु जम्मू गए थे, जो भूस्खलन के कारण अस्थायी रूप से वहां रुके हुए थे। एसडीएम प्रीति सिंह ने बताया कि पहला समूह ग्राम भरधीपुर, थाना मसौली का है, जिसमें श्री दीपक वर्मा ग्रुप लीडर के नेतृत्व में 09 महिलाएं व 04 बच्चों सहित कुल 32 लोग 23 अगस्त को लखनऊ से रवाना हुए थे। 25 अगस्त को दर्शन के उपरांत वे 26 अगस्त को जम्मू लौटे, लेकिन भूस्खलन से रास्ता बंद होने के कारण श्री बांके बिहारी गौरखा मंदिर, शिवाजी चौक, नानक नगर (जम्मू) में ठहरे रहे। 29 अगस्त को हुई दूरभाष वार्ता में ग्रुप लीडर ने बताया कि सभी लोग सुरक्षित हैं, आवश्यक दवाइयां व भोजन उपलब्ध है तथा वे जालंधर होते हुए लुधियाना रेलवे स्टेशन से लखनऊ लौटने का प्रयास कर रहे हैं। दूसरा समूह ग्राम गंगौली, थाना दरियाबाद का है, जिसमें श्री पवन वर्मा ग्रुप लीडर के नेतृत्व में 32 श्रद्धालु 25 अगस्त को रवाना हुए और 26 अगस्त को कटरा पहुंचे। भूस्खलन से मार्ग अवरुद्ध होने के कारण यह दल न्यू प्रेम होटल, कटरा (जम्मू) में ठहरा हुआ है। ग्रुप लीडर से हुई वार्ता में बताया गया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं, भोजन-पानी उपलब्ध है और वे मार्ग खुलने का इंतजार कर रहे हैं।उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह ने दोनों समूहों को आश्वस्त किया है कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत उनके सीयूजी नम्बर 9454416150 पर संपर्क कर सकते हैं, जिससे आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा।

## ये कैसी बहे रही विकास की गंगा कीचड़ में डुबकी लगा रहे ग्रामीण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी । गांवों के विकास के नाम पर लाखों बहाए जा रहे हैं, और अफसर-जनप्रतिनिधि गठबंधन इन योजनाओं की गंगा में डुबकी लगाने से चूकते नहीं। मगर विडंबना देखिए, विकासखंड निंदूरा की ग्राम पंचायत धौरहरा का मजरा शंकरपुर इस विकास यात्रा से कोसों दूर है। यहां के लोग आज भी नाली, इंटरलॉकिंग और सफाई जैसी प्राथमिक सुविधाओं को तरस रहे हैं। ग्रामीण दिनेश, देशराज, अवधेश, रामेश्वर शर्मा, सुंदरलाल शर्मा, रेवती रावत, लालाराम और राकेश शर्मा ने खंड विकास अधिकारी को शिकायती पत्र लिखकर हालात सुधारने की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि जल निकासी न होने से घरों के नलों का पानी गलियों को तालाब बना देता है। पंचवर्षीय कार्यकाल बीत गया, मगर नाली तो दूर, इंटरलॉकिंग तक नसीब नहीं हुई। मुख्य सड़क से जुड़ने वाला खड़ंजा जर्जर हो चुका है। ग्राम प्रधान ने चक मार्ग पटवा कर विकास की 'औपचारिकता' पूरी कर दी, लेकिन पाइप न डाले जाने से वह मार्ग भी पानी से भरकर दलदल बन गया। अब ग्रामीण उसी में होकर गुजरते हैं। गांव की सफाई व्यवस्था ऐसी है कि मच्छरों ने डेरा डाल लिया है। नतीजतन ग्रामीण बीमारियों की चपेट में आते जा रहे हैं। अवधेश कुमार का कहना है कि ग्राम प्रधान व सचिव को कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पूछने पर पंचायत सचिव ने 'विकास दर्शन' कराया सोमवार को गांव का भ्रमण करेंगे और बजट के अनुसार कार्य कराएंगे। यानी फिलहाल शंकरपुरवासी विकास की गंगा नहीं, कीचड़ की लहरों से ही नहा रहे हैं।

### मैगलगंज पुलिस की दबिश, फरार चल रहे 10 अभियुक्त हवालात में

मैगलगंज खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मैगलगंज पुलिस ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न अभियोगों में वांछित 10 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत यह सफलता मिली। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी मितौली के मार्गदर्शन और प्रभारी निरीक्षक मैगलगंज के नेतृत्व में अंजाम दी गई। गिरफ्तार अभियुक्तों में रहमान पुत्र शमशाद निवासी ग्राम गुरुदेव खेड़ा, मंगू पुत्र बैजू निवासी ग्राम बाईकुआ, विट्ट्न उर्फ रुपराम पुत्र चरन्जू निवासी ग्राम ढाखा, जानुकी पुत्र कामता प्रसाद निवासी ग्राम भगौतीपुर, रामशंकर पुत्र हेमराज और पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र हेमराज निवासी ग्राम कैमटा बनवारी, हरजीत सिंह पुत्र प्यारा सिंह निवासी ग्राम चौगानपुर, खुशीराम पुत्र रामचरन निवासी ग्राम नकारा, रामपाल पुत्र तोखड़ निवासी ग्राम बेहडाभूड और मैनुद्दीन पुत्र अशरफ अली निवासी ग्राम सिकटिहा शामिल हैं। इन सभी पर अलग–अलग धाराओं में मुकदमे दर्ज थे। पुलिस ने विधिक कार्यवाही पूरी कर सभी को न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक राजपाल सिंह, अनूप कुमार मिश्र, कालीचरण यादव, चरन सिंह यादव, शुभम कुमार, संदीप यादव समेत हेड कांस्टेबल मो. असलम, कृष्ण कुमार, अरुण कुमार और कांस्टेबल राहुल कुमार, प्रदीप सरोज, जितेन्द्र कुमार, इन्द्रेश कुमार, ईश्वर दयाल, विवेक वर्मा, अजय कुमार और सतीश कुमार शामिल रहे।

## जिला बार की बैठक, मंत्री ने पेश किया लेखा-जोखा

**गर्मी से बेहाल दिखे अधिवक्ता**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी।जिला बार एसोसिएशन की त्रैमासिक आमसभा में कुल सात मुद्दो पर चर्चा कराकर अध्यक्ष ने विचार जाने।इसी कड़ी में जिला बार एसोसिएशन के महामंत्री राम राज यादव ने त्रैमासिक आय व्यय प्रस्तुत किया। इस आम सभा में ट्रस्ट की मनमानी,रुदौली तहसील वापसी,अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट का ज्ञापन एक साथ देने,मुंशियों की ड्रेस तय करने,केवल सी ओ पी धारक अधिवक्ताओं को वकालत व्योसाय करने फर्जी बनावटी अधिवक्ताओं पर अंकुश लगाने पर, पिछली कार्यकारिणी द्वारा पूर्व की फिक्स डिपोजिट खत्म करने के गलत निर्णय पर विचार तथा पूर्व कार्यकारिणी द्वारा लगाए गए अर्ध निर्मित ए सी लगाने जैसे मुद्दों पर देर तक हुई चर्चा के बाद अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा ने कहा कि प्रत्येक माह की 7तारीख को रुदौली तहसील वापसी तथा अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने का ज्ञापन एक साथ दिया जायेगा।उन्होंने कहा कि कमेटी बनाकर मुंशीयों की ड्रेस तय की जायेगी,ट्रस्ट की मनमानी खतम करने के लिए नोटिस जारी किया जाएगा। ट्रस्ट के एक सदस्य अधिवक्ता को मिल रहा मासिक वेतन पर रोक लगाई जायेगी,फर्जी अधिवक्ताओं के विरुद्ध करवाही की जायेगी केवल सी ओ पी धारक अधिवक्ताओं को वकालत की अनुमति होगी।उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व में फिक्स की गई एफ डी तोड़ कर अर्धनिर्मित एसी टांगने के लिए पुरानी कार्यकारिणी को नोटिस जारी की जायेगी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष बी के दीक्षित,हिसाल बारी किदवई, महेंद्र सिंह,अशोक वर्मा,हुमायु नईम खान,सुरेश गौतम,रमन द्विवेदी,अमित सूर्यवंशी,सी वी सिंह आदि ने विचार व्यक्त किए।कार्यकारिणी के वरिष्ट उपाध्यक्ष रितेश मिश्रा,सहित पवन मिश्रा,मनोज सिंह अनुराग शुक्ला,सहित सभी पदाधिकारी सदस्य वा सैकड़ों अधिवक्ताओं ने उपस्थिति दर्ज कराई। बताते चलें कि सभागार में पूर्व कार्यकारिणी ने ए सी प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया था इस लिऐ हाल में पहले से लगे पंखे उतार दिए गए थे,इस कारण हाल में पंखे नहीं है,नई कार्यकारिणी ने भी अपने चार माह के कार्यकाल में न तो पंखे लगवाए,न अधूरे एसी प्रोजेक्ट को क्रिया शील किया परिणाम स्वरूप हाल की भीषण गर्मी से अधिवक्ता बेहाल दिखे।उल्लेखनीय है कि एम एल सी अवनीश पटेल ने पांच लाख रुपए बार को देने को कहा है।देखना है नई वा पुरानी कार्यकारिणी की तकरार में आम अधिवक्ता कब तक भीषण गर्मी का सामना करेगा।

### चोरी का खुलासा न होने से दुकानदारों में आक्रोश

सिद्धौर बाराबंकी । पांच दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस सादुल्लापुर चौराहे पर हुई चोरी की घटना का खुलासा करने में असफल रही है। बीते मंगलवार की रात सैदनपुर और सादुल्लापुर चौराहे पर स्थित चार दुकानों के शटर तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों का माल साफ कर दिया था।चोरों ने इनायतपुर निवासी अनूप कुमार व मखदुमपुर निवासी सुभाष की दुकानों से नगदी व हजारों का सामान, शिव मोबाइल की दुकान से फोन व नगदी तथा बीबीपुर निवासी आनंद की ज्वेलरी की दुकान से जेवरात व नकदी पार कर ली थी। सुबह दुकानदार पहुंचे तो दुकानों के ताले टूटे मिले और सामान बिखरा पड़ा था।व्यापारियों का आरोप है कि सूचना मिलने के बाद भी पुलिस की कार्रवाई केवल तहरीर लेने और जांच तक ही सीमित रही। पांच दिन बीतने के बावजूद न तो चोरों का कोई सुराग लग सका और न ही चोरी का सामान बरामद हुआ।स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस की सुस्ती पर नाराजगी जताते हुए कहा कि चौराहे पर लगातार चोरी की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन पुलिस केवल खानापूर्ति कर रही है। इससे दुकानदारों में आक्रोश के साथ-साथ भय का माहौल भी बना हुआ है।

### हैदराबाद पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित दो शातिर आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले की कानून–व्यवस्था मजबूत करने और अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हैदराबाद पुलिस ने आज बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने हत्या का प्रयास करने के मामले में वांछित दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के नेतृत्व में चल रहे विशेष अभियान के अंतर्गत हुई। कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी गोला के कुशल मार्गदर्शन और थानाध्यक्ष हैदराबाद की अगुवाई में अंजाम दी गई। थाना हैदराबाद पर दर्ज मुकदमा संख्या 265/2025 धारा 109(1), 190, 191(2), 191(3), 115(2), 352, 351(2), 117(2) बीएनएस में वांछित चल रहे अभियुक्तों शोहराव उर्फ महताब पुत्र तौहीद खाँ और कफील पुत्र तौहीद खाँ, दोनों निवासी ग्राम गनेशपुर, को पुलिस टीम ने धर दबोचा।



# बिजनेस/स्पोर्ट्स



## बेंगलुरु पहुंचे शुभमन गिल, एशिया कप 2025 से पहले होगा फिटनेस टेस्ट

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान और टी-20 उपकप्तान शुभमन गिल आगामी एशिया कप के लिए दुबई जाने से पहले फिटनेस आकलन और तैयारियों के लिए बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे। भारतीय टीम के सदस्य 9 सितंबर को मेजबान संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ टूर्नामेंट के अपने पहले मैच से पहले 4 सितंबर को दुबई में एकत्रित होंगे। फ्लू के कारण गिल को पूर्वी क्षेत्र के खिलाफ चल रहे दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में नहीं खेले थे, जहां उन्हें उत्तरी क्षेत्र का कप्तान बनाया गया था। बेंगलुरु रवाना होने से पहले गिल चंडीगढ़ स्थित अपने घर पर बीमारी से उबर रहे थे। यह संभव है कि गिल बेंगलुरु से दुबई के लिए उड़ान भरें क्योंकि इस बार खिलाड़ी अपने-अपने स्थानों से दुबई अलग-अलग चरणों में पहुंचेंगे, जबकि पहले टीमें मुंबई में



इकट्ठा होकर एक साथ यात्रा करती थीं। गिल के अलावा, विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा भी टूर्नामेंट से पहले की तैयारियों के लिए बेंगलुरु पहुंच चुके हैं। शार्दुल ठाकुर दलीप ट्रॉफी के सेमीफाइनल में वेस्ट जोन की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं, जबकि जायसवाल और वाशिंगटन, जो एशिया कप के लिए स्टैंडबाय सूची में हैं, घरेलू सीज़न के पहले मैच के आखिरी चार मैचों में भी खेलेंगे। एशिया कप जाने वाले कुछ अन्य खिलाड़ी जैसे अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा (नॉर्थ जोन) और कुलदीप यादव (सेंटर जोन) पहले ही दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल खेल रहे हैं। इस बीच, साउथ जोन को दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल (4-7 सितंबर) के लिए नए कप्तान की घोषणा करनी होगी क्योंकि तिलक वर्मा को एशिया कप टीम में शामिल किया गया है। केरल के मोहम्मद अजहरुद्दीन उप-कप्तान हैं और उन्हें नेतृत्व की भूमिका में पदोन्नत किया जा सकता है, या टीम आर. साई किशोर, देवदत्त पडिक्कल या एन. जगदीशन जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को चुन सकती है। ईस्ट जोन को झटका लगा है क्योंकि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर पाए। बंगाल के इस तेज गेंदबाज ने पहली पारी में अपनी जांघ/कमर की चोट के कारण नौ ओवर बाहर बैठकर गेंदबाजी शुरू की। मुकेश पूर्वी क्षेत्र की पहली पारी में भी बल्लेबाजी करने आए थे। हालांकि, वह दलीप ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के तीसरे दिन दूसरी पारी में गेंदबाजी के लिए उपलब्ध नहीं थे।

## आरसीबी ने भगदड़ पीड़ितों के परिवारों को दी 25-25 लाख की राहत राशि

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने शनिवार को घोषणा की कि वह 4 जून को हुई भगदड़ में जान गंवाने वाले 11 लोगों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये की सहायता राशि देगी। फ्रेंचाइज़ी ने सोशल मीडिया पर लिखा, 4 जून 2025 को हमारे दिल टूट गए। हमने अपने आरसीबी परिवार के 11 सदस्यों को खो दिया। वे हमारे समुदाय, हमारे शहर और हमारी टीम का हिस्सा थे। उनकी कमी हमेशा महसूस होगी। कोई भी मदद उस जगह को भर नहीं सकती, लेकिन शुरुआती कदम के तौर पर आरसीबी ने प्रत्येक परिवार को ?25 लाख दिए हैं। यह केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि करुणा, एकजुटता और देखभाल का वादा है। आरसीबी ने साथ ही 'आरसीबी केयर्स' पहल की शुरुआत की घोषणा की, जिसके तहत पीड़ितों की स्मृति को सम्मानित करते हुए लंबे समय तक सार्थक



कार्य किए जाएंगे। गौरतलब है कि पंजाब किंग्स को हराकर आरसीबी ने 18 साल बाद आईपीएल खिताब जीता था। इसके अगले दिन एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम और ओपन बस परेड में लाखों प्रशंसक उमड़ पड़े। हालांकि, करीब दो लाख लोगों की भारी भीड़ स्टेडियम की 32,000 की क्षमता पर हावी हो गई, जिससे गेट पर अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई। इस दुखद हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक लोग घायल हो गए। सभी मृतक 40 वर्ष से कम आयु के थे। इससे पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने मृतकों के परिवारों के लिए 10 लाख की सरकारी सहायता की घोषणा की थी। वहीं, आरसीबी ने भी शुरुआती तौर पर 11 परिवारों को 10 लाख की आर्थिक मदद देने का वादा किया था।

## हमारा ध्यान विश्व कप में जगह पक्की करने पर: सलीमा टेटे

बेंगलुरु। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने एशिया कप के लिए चीन के हांगझोउ रवाना होने से पहले शनिवार को यहां कहा कि टीम अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह पक्की करने के लिए प्रतिबद्ध है। टीम महिला एशिया कप में भाग लेने के लिए शनिवार को रवाना हुई। अगले वर्ष होने वाले विश्व कप में अपना स्थान पक्का करने के लिए भारत को 20 सदस्यीय टीम को यह टूर्नामेंट जीतना होगा। सलीमा ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''यह टूर्नामेंट हमारे लिए अगले वर्ष होने वाले एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में अपना स्थान सुरक्षित करने का अच्छा अवसर है और हम इस पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। अभी हमारी पहली प्राथमिकता अपने पूल में शीर्ष पर रहना और सुपर फ़ोर में पहुंचना है। भारत को पूल बी में रखा गया है और ग्रुप चरण में उसका सामना जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा।

## भारत ने नेपाल को 5-0 से रौंदकर सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीता

एजेंसी

नयी दिल्ली/थिम्पू। दक्षिण एशियाई फुटबॉल में भारत का दबदबा जारी रहा। अंडर-17 महिला टीम ने चांगलिमथांग स्टेडियम में नेपाल को 5-0 से हराकर एक मैच शेष रहते सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 का खिताब जीत लिया। एआईएफएफ द्वारा जारी बयान के अनुसार, ''भारत ने शुक्रवार, 29 अगस्त, 2025 को थिम्पू के चांगलिमथांग स्टेडियम में नेपाल को 5-0 से हराकर दक्षिण एशिया में एक बार फिर अपना दबदबा कायम किया और शानदार अंदाज में सैफ अंडर-17 महिला चैंपियनशिप 2025 का खिताब अपने नाम किया। यंग टाइग्रेसेस हाफ-टाइम तक 3-0 से आगे थी। बयान में कहा गया, ''इस जीत से भारत के पांच मैचों में 15 अंक हो गए हैं और वह तालिका में शीर्ष पर अजेय बढ़त बनाए हुए है। दूसरे स्थान पर काबिज बांग्लादेश की दिन की शुरुआत में हुई हार (मेजबान भूटान के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ) के बावजूद भारत ने खिताब पक्का कर लिया। पर्ल फर्नांडीस (15वें, 43वें) और दिव्यानी लिंडा (79वें, 90वें 2वें) दोनों ने दो-दो गोल किए। नीरा चानू लोंगजाम (5वें) ने भी एक अन्य गोल किया। शुरुआती सीटी बजते ही भारत ने एकतरफा प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के अनुसार, नीली जर्सी वाली टीमें लगातार आगे बढ़ती रहीं और गेंद भारत के हाफ में मुश्किल से ही पहुंच पाई। नेपाल को अपने हाफ में ही रोके रखा और गोलकीपर मुन्नी के एंड से खेल को दूर रखा। बयान में कहा गया है, ''शुरू में ही गोल के दरवाजे खुल गए, पांच मिनट बाद ही नीरा चानू ने सेट-पीस से गोल करके गेंद को नेट में पहुंचाकर माहौल बना दिया। फिर उन्होंने 15वें मिनट में पर्ल फर्नांडीस के लिए बॉक्स में एक बेहतरीन क्रॉस डालकर टीम को बढ़त दिलाई, जिन्होंने संयम से गोल किया।

## डीपीएल : आचार संहिता के उल्लंघन के लिए पांच क्रिकेटरों पर लगा भारी जुर्माना

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ी नितीश राणा सहित पांच क्रिकेटरों पर शनिवार को साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स और वेस्ट दिल्ली लायंस के बीच दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) मैच में आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 30 से 100 प्रतिशत तक जुर्माना लगाया गया है। शुक्रवार को वेस्ट दिल्ली लायंस के कप्तान नितीश राणा के धमाकेदार शतक की बदौलत टीम ने डीपीएल के दूसरे क्वालीफायर में जगह बना ली। उन्होंने अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए एलिमिनेटर में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को सात विकेट से हरा दिया। मैच के दौरान ही नितीश राणा और दिग्वेश राठी के बीच विवाद हुआ, जिसमें कई और खिलाड़ियों ने हस्तक्षेप किया। वेस्ट दिल्ली लायंस के कृष यादव को सबसे ज्यादा सजा मिली है। उन पर मैच के दौरान अश्लील भाषा का प्रयोग करने और



आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 100 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। डीपीएल के एक बयान में कहा गया है, ''कृष यादव पर मैच के दौरान विरोधी टीम के खिलाड़ी द्वारा अपशब्दों और खिलाड़ी की ओर बल्ला तानने के बाद अश्लील भाषा का प्रयोग करने के लिए आचार संहिता की धारा 2.3 (स्तर 2) के तहत मैच फीस का 100 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। वहीं, नितीश राणा को धारा 2.6 (लेवल-1) के तहत मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने मैच के दौरान अशोभनीय इशारा किया था। इसके अलावा अमन भारती को धारा 2.3 (लेवल-1) का दोषी पाया गया और उन पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। उन पर मैच के दौरान अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप है। सुमित माथुर पर धारा 2.5 (लेवल-1) के उल्लंघन का मामला दर्ज हुआ और उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने ऐसे शब्दों और इशारों का प्रयोग किया जो भड़काऊ माने गए। इन चारों के अलावा दिग्वेश राठी (साउथ दिल्ली सुपरस्टार) पर खेल की भावना के विपरीत आचरण के लिए अनुच्छेद 2.2 (स्तर 2) के तहत आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 80 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

## नोवाक जोकोविच ने कैमरून नॉरी को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी

न्यूयॉर्क। चार बार के यूएस ओपन चैंपियन नोवाक जोकोविच ने फिटनेस की चिंता को पार करते हुए यूएस ओपन के तीसरे दौर के एक उच्च-स्तरीय मुकाबले में ब्रिटेन के कैमरून नॉरी को हराकर प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। शुक्रवार रात खेले गये मुकाबले में सातवीं वरीयता प्राप्त सर्बियाई खिलाड़ी जोकोविच ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिटेन के कैमरून नॉरी को 6-4, 6-7(4), 6-2, 6-3 से हराया। इससे पहले हफ्ते की शुरुआत में दो मामूली जीतों ने उनकी शारीरिक स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए थे। शुरुआती सेट के आखिर में जोकोविच को अपनी पीठ के निचले हिस्से में चोट लगने के बाद मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा, लेकिन वह नई ऊर्जा के साथ कोर्ट पर लौटे और दृढ़निश्चयी नॉरी को हरा दिया। कोर्ट पर साक्षात्कार के दौरान अपनी फिटनेस के बारे में पूछे जाने पर जोकोविच ने मुस्कुराते हुए कहा, हां, सब ठीक है। भले ही आप शारीरिक रूप से कुछ महसूस कर रहे हों, न्यूयॉर्क की ऊर्जा उस पर भारी पड़ती है। मैं पहले जितना ही जवान और पहले जितना ही मजबूत हूं।'' इस जीत के साथ, जोकोविच का चौथे दौर में जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ से मुकाबला तय हो गया, जिन्होंने फ्रांसेस टियाफो को सीधे सेटों में हराया था। 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी अपने 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब की तलाश में हैं, उन्होंने आखिरी बार 2023 में फ्लशिंग मीडोज में कोई बड़ा खिताब जीता था। जोकोविच 428 हफ्ते तक विश्व नंबर वन रहे हैं और सात बार निट्टो एटीपी फाइनल चैंपियन रहे हैं।

## हॉकी एशिया कप: जापान से निपटने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा भारत को

एजेंसी

राजगीर (बिहार)। भारत पहले मैच के अपेक्षाकृत लचर प्रदर्शन को पीछे छोड़कर रविवार को यहां पुरुष एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में खतरनाक दिख रही जापान के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगा। विश्व में सातवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम ने शुक्रवार को पूल ए के अपने पहले मैच में विश्व में 23वें नंबर की टीम चीन पर 4-3 से करीबी जीत हासिल की लेकिन उसका यह प्रदर्शन प्रभावशाली नहीं था। भारत इस टूर्नामेंट में सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम है और एशिया कप जीतने का प्रबल दावेदार है। इस टूर्नामेंट की विजेता टीम अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के बाद सीधे क्वालीफाई करेगी। भारत ने चीन के खिलाफ शानदार शुरुआत की, लेकिन खेल आगे बढ़ने के साथ उसकी लय गड़बड़ा गई। भारतीय रक्षा पंक्ति को



तेज तर्रार जापानी टीम के खिलाफ सतर्क रहना होगा, जिसने अपने पहले मैच में कजाकिस्तान के खिलाफ सात गोल दागे थे। चीन के खिलाफ भारत के सभी चार गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए, जिसमें कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने हैट्रिक बनाई, लेकिन वह एक पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलने से चूक गए थे। जुगराज सिंह, हरमनप्रीत, संजय और अमित रोहिदास जैसे चार ड्रैगफ्लिकर के साथ भारत को पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने की दर में भी सुधार करना होगा। भारतीय मध्य पंक्ति ने हालांकि अच्छा प्रदर्शन किया और कई मौके बनाए, लेकिन उसे इन अवसरों को गोल में बदलना होगा। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन भी अपने फॉरवर्ड खिलाड़ियों की गोल करने में असमर्थता को लेकर चिंतित होंगे। मनदीप सिंह, संजय, दिलप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह जैसे खिलाड़ी विपक्षी सर्कल के अंदर चुस्त दिखे, लेकिन वे स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराने में असफल रहे। फुल्टन ने कहा, ''हमने (चीन के खिलाफ) मैच जीता लेकिन हम अपनी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। हमने कुछ मौके गंवाए और कुछ आसान गोल भी खाए। हम सर्वोच्च रैंकिंग वाली टीम हैं और यहां प्रबल दावेदार हैं, इसलिए हर टीम हमसे खेलने के लिए खुद को अच्छी तरह से तैयार करेगी और हमें उस चुनौती का सामना करना होगा। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, ''इस टूर्नामेंट में भाग ले रही अधिकतर टीम जवाबी हमला करने के लिए इंतजार करती हैं। चीन के खिलाफ मैच हमारे लिए अच्छा सबक है।

## वैष्णव ने की इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के सारे कंपोनेंट देश में बनाने की अपील

नयी दिल्ली। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को पहली तिमाही में देश के 7.8 प्रतिशत की जीडीपी विकास दर हासिल करने पर खुशी जाहिर की और उद्योग जगत से इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के सभी कंपोनेंट भारत में ही बनाने की अपील की। श्री वैष्णव ने यहां इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण कंपनी ऑप्टिमस के राइनोटेक टेंपर्ड ग्लास विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के मौके पर कहा, ह्रदेश का जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। सारी दुनिया में जब उथल-पुथल है, अनिश्चितता का माहौल है, इस अनिश्चितता के माहौल में हिंदुस्तान एक स्थिर, जीवंत, बढ़ती हुई और नवाचारी उत्पाद बनाने वाली अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। सारी दुनिया की उम्मीदें भारत पर टिकी हैं। मीडिया से बात करते हुये उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मोबाइल फोन और इलेक्ट्रॉनिक्स की पूरी पारिस्थितिकी देश में विकसित हुई है। इन 11 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण छह गुना बढ़कर करीब 11.5 लाख करोड़ रुपये का उद्योग बन चुका है। करीब 3.5 लाख करोड़ रुपये का निर्यात भारत से होने लगा है। यह अपने-आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है, 'मेक इन इंडिया' के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प का बहुत ही अच्छा उदाहरण है।

उन्होंने कहा, चरणबद्ध तरीके से मोबाइल फोन में, इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों में लगने वाले जितने भी कंपोनेंट हैं, उन सभी कंपोनेंट का देश में निर्माण करें, उन सभी कंपोनेंट के लिए अनुसंधान और डिजाइनिंग देश में हो, उन सारे कंपोनेंट का एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता भारत बने, उस प्रयास में हम लगे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टेंपर्ड ग्लास की तरह बहुत जल्द देश में 'मेड इन इंडिया' सेमीकंडक्टर चिप तैयार होगी। कुछ ही दिनों एक सेमीकंडक्टर प्लांट की पहले पायलट लाइन शुरू हुई थी। वैसे ही लैपटॉप, सर्वर भी अब देश में बनने लगे हैं।

## तेल एवं गैस के सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं: हरदीप पुरी

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि भारत ने खेलों के लिए अपनी नीतिगत प्राथमिकता और सार्वजनिक निवेश बढ़ाया है। उन्होंने कहा, ''इस संबंध में भारत के तेल एवं गैस क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों ने अग्रणी भूमिका निभाई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि हरदीप सिंह पुरी ने राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड (पीएसपीबी) द्वारा दिल्ली सॉकर एसोसिएशन और सुदेवा अकादमी के सहयोग से यहां आयोजित एक कार्यक्रम में ये बात कही। भारत के खेल क्षेत्र में आए बदलाव पर प्रकाश डालते हुए पुरी ने कहा, 2014 के बाद, भारत को एक 'खेल राष्ट्र' बनाने के लिए ठोस प्रयास किए गए हैं। अब होनहार युवाओं को न केवल वित्त पोषण के मामले में, बल्कि पोषण, खेल विज्ञान और कोचिंग सहित संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र




के विकास में भी, उच्च स्तरीय सफलता प्राप्त करने के लिए भरपूर समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि संसद के पिछले सत्र में जो केवल एक हफ्ते पहले ही संपन्न हुआ है, ऐतिहासिक राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025 पारित किया गया है, जिसका उद्देश्य खेल महासंघों और निकायों के प्रशासनिक ढांचे में सुधार करना है - जिससे जवाबदेही बढ़ेगी। पीएसपीबी के योगदान को स्वीकार करते हुए पुरी ने कहा, ''इस परिवर्तन को सुनिश्चित करने में मदद करने वाले कई हितधारकों में, पीएसपीबी का विशेष उल्लेख किया जाना चाहिए, जो देश में सबसे बड़े खेल संवर्धन निकायों में से एक है, जिसमें 16 सदस्य संगठन शामिल हैं तथा यह 19 खेल विधाओं में प्रतियोगिताओं का समर्थन और आयोजन करता है। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री ने कहा, ''परिणाम इन परिवर्तनकारी नीतियों की सफलता को दर्शाते हैं। पिछले दस वर्षों ने यह साबित कर दिया है: 2023 एशियाई खेलों और 2024 पैरा एशियाई खेलों में, हमने क्रमशः 107 और 29 पदक (7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य) के रिकॉर्ड हासिल किए। उल्लेखनीय है कि 29 अगस्त को भारत का राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है क्योंकि यह भारतीय हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जयंती है। इस अवसर पर पीएसपीबी की सदस्य सचिव सबीना चौधरी और सुदेवा दिल्ली एफसी के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**लखनऊ खण्ड शारदा नहर, लखनऊ**

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्याः–06/अधि0अभि0/2025–26

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑन लाइन https://etender.up.nic.in के माध्यम से टेक्निकल एवं फाइनेंसियल बिड सिंचाई विभाग में वर्गीकृत सिविल श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारो से दिनांक 09.09.2025 के अपराह्न 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जिसकी Technical Bid दिनांक 09.09.2025 को अपराह्न 2:30 बजे मुख्य अभियन्ता (शा0सहा0),सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा गठित समिति के समक्ष अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में ऑनलाइन खोली जायेगी। उक्त निविदा प्रपत्र दिनांक : 02.09.2025 को अपराह्न 02:00 बजे से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। कार्यालय बन्द होने या छुट्टी होने की दशा में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में पूर्व निर्धारित समय पर खोली जायेगी।

| क0 सं0 | कार्य का विवरण | मात्रा | कार्य की अनुमानित लागत जी0एस0टी0 रहित (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Providing and fixing Granite in Lift wall and laying in 2nd floor Gallery of Sinchai Vikas Bhawan canal colony cant road lucknow. (Lot-01) | Bill of Qty. के अनुसार | 33.81 | @2% Paid Online | 45 Days | 300.00 +54.00 +2000.00 | C and above |

www.upgov.nic&in
Upid-237318 Date-29.08.2025

(मुकेश कुमार वैश्य)
अधिशासी अभियन्ता

# भारत के राज्यों और जापानी प्रांतों के बीच सहयोग बढ़ाना समय की जरूरत: मोदी

एजेंसी



टोक्यो/नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां जापान के विभिन्न प्रांतों के गवर्नरों के साथ मुलाकात की और कहा कि दोनों देशों के संबंधों का विस्तार अब उनके राज्यों तथा प्रांतों के बीच भी किये जाने की जरूरत है जिससे वे विकास यात्रा में साझीदार बन सकें। जापान यात्रा के दूसरे दिन श्री मोदी ने यहां जापान के 16 प्रांतों के गवर्नरों के साथ विस्तार से बातचीत की।

बातचीत के बाद उन्होंने कहा कि भारत के राज्यों और जापान के प्रान्तों के बीच सहयोग भारत-जापान मैत्री का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, ल्ल आज सुबह टोक्यो में, जापान के 16 प्रान्तों के गवर्नरों के साथ बातचीत की। राज्य-प्रान्त सहयोग भारत-जापान मैत्री का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। यही कारण है कि कल 15वें वार्षिक भारत-जापान शिखर सम्मेलन के दौरान इस पर एक अलग पहल शुरू की गई। व्यापार, नवाचार, उद्यमिता आदि क्षेत्रों में सहयोग की अपार संभावनाएँ हैं। स्टार्टअप, तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे भविष्योन्मुखी क्षेत्र भी लाभकारी हो सकते हैं। गवर्नरों को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा भारत-जापान के समकालीन संबंध दोनों देशों के बीच सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों से शक्ति प्राप्त करते हुए निरंतर फल-फूल रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी की गति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि अब समय आ गया है कि टोक्यो और दिल्ली तक सीमित संबंधों से आगे बढ़कर राज्य-प्रान्तों के बीच संबंधों को नए सिरे से बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने इस संदर्भ में शुक्रवार को हुए 15वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में शुरू की गई राज्य-प्रान्त साझेदारी पहल पर प्रकाश डाला जो दोनों देशों के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी, पर्यटन, कौशल, सुरक्षा और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देगी। उन्होंने गवर्नरों और भारत में राज्य सरकारों से इस नई पहल का लाभ उठाने और विनिर्माण, प्रौद्योगिकी, नवाचार, गतिशीलता, अगली पीढ़ी के बुनियादी ढाँचे, स्टार्ट-अप और लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) के क्षेत्रों में साझेदारी बनाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जापान के प्रत्येक प्रान्त की अपनी विशिष्ट आर्थिक और तकनीकी शक्तियाँ हैं, और इसी प्रकार भारतीय राज्यों की भी अपनी विविध क्षमताएँ हैं । उन्होंने इसका लाभ उठाने के लिए गवर्नरों को भारत की विकास गाथा में भागीदार बनने के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री ने उनसे दोनों देशों द्वारा की गई युवा और कौशल आदान-प्रदान प्रतिबद्धताओं में योगदान देने और जापानी तकनीक को भारतीय प्रतिभा के साथ सर्वोत्तम रूप से संयोजित करने का आग्रह किया। गवर्नरों ने कहा कि भारत-जापान व्यापार, शैक्षिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच संबंधों को महत्वाकांक्षा के अगले स्तर तक ले जाने के लिए सहयोग महत्वपूर्ण है। गवर्नरों के साथ मुलाकात के बाद श्री मोदी जापान के प्रधानमंत्री के साथ सेमीकंडक्टर के हब कहे जाने वाले शहर सेन्डाई के लिए रवाना हो गये। रणनीतिक महत्व के क्षेत्रों में जापान के साथ मिलकर काम करने को तत्पर है भारतः मोदी

टोक्यो/नयी दिल्ली 30 अगस्त (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत सेमीकंडक्टर जैसे रणनीतिक महत्व के क्षेत्रों में जापान के साथ मिलकर काम करने को तत्पर है। जापान यात्रा के दूसरे और अंतिम दिन शनिवार को श्री मोदी ने अपने जापानी समकक्ष शिगेरु इशिबा के साथ बुलेट ट्रेन में सवार होकर मियागी प्रान्त के सेंडाई में सेमीकंडक्टर क्षेत्र की एक अग्रणी जापानी कंपनी टोक्यो इलेक्ट्रॉन मियागी लिमिटेड (टीईएल मियागी) का दौरा किया। प्रधानमंत्री को वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षेत्र में टीईएल की भूमिका, इसकी उन्नत विनिर्माण क्षमताओं और भारत के साथ इसके नियोजित सहयोग के बारे में जानकारी दी गई। कारखाने के दौरे से नेताओं को सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला, निर्माण और परीक्षण के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए दोनों देशों के बीच मौजूद अवसरों की व्यावहारिक समझ मिली।

सेंडाई की यात्रा ने भारत के बढ़ते सेमीकंडक्टर विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र और उन्नत सेमीकंडक्टर उपकरण एवं प्रौद्योगिकी में जापान की ताकत के बीच सहयोग की संभावनाओं को उजागर किया। दोनों पक्षों ने इस क्षेत्र में सहयोग को और प्रगाढ करने , जापान-भारत सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला साझेदारी पर सहयोग ज्ञापन के साथ-साथ भारत-जापान औद्योगिक प्रतिस्पर्धात्मकता साझेदारी और आर्थिक सुरक्षा संवाद के अंतर्गत चल रही साझेदारियों को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री इशिबा की इस संयुक्त यात्रा ने भारत और जापान के मजबूत, लचीली और विश्वसनीय सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने के साझा दृष्टिकोण को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस यात्रा में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री इशिबा के प्रति आभार व्यक्त किया और इस रणनीतिक क्षेत्र में जापान के साथ मिलकर काम करने की भारत की तत्परता की पुष्टि की। प्रधानमंत्री इशिबा ने सेंडाइ में प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में दोपहर के भोजन का आयोजन किया। इस अवसर पर मियागी प्रान्त के गवर्नर और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## रियासी, रामबन में बादल फटने, भूस्खलन की घटना में सात लोग दबे, चार की मौत

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में बादल फटने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई जबकि एक लापता है वहीं रियासी जिले में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में एक ही परिवार के सात लोग मलबे में दब गए हैं।

अधिकारियों ने यहां शनिवार को बताया कि रामबन के राजगढ़ इलाके में बादल फटने की घटना में चार लोगों की मौत हो गई है और एक लापता है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, ल्लअभी रामबन के डिप्टी कमिश्नर (डीसी) मोहम्मद अलियास खान से बात की। राजगढ़ इलाके में बादल फटने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि पांचवा व्यक्ति लापता है जिसकी खोज जारी है। फिलहाल किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। बचाव अभियान जारी है। हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। मैं लगातार संपर्क में हूं। इस बीच, रियासी जिले के माहोरे इलाके में भूस्खलन होने से एक घर ध्वस्त होने की रिपोर्ट मिली है। अधिकारियों के अनुसार, मलबे में दबे सात लोगों में एक दंपत्ति और उनके पांच बच्चे शामिल हैं। विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

# वैष्णव ने की इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के सारे कंपोनेंट देश में बनाने की अपील

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को पहली तिमाही में देश के 7.8 प्रतिशत की जीडीपी विकास दर हासिल करने पर खुशी जाहिर की और उद्योग जगत से इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों के सभी कंपोनेंट भारत में ही बनाने की अपील की।

श्री वैष्णव ने यहां इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण कंपनी ऑप्टिमस के राइनोटेक टेंपर्ड ग्लास विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन के मौके पर कहा, देश का जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। सारी दुनिया में जब उथल-पुथल है, अनिश्चितता का माहौल है, इस अनिश्चितता के माहौल में हिंदुस्तान एक स्थिर, जीवंत, बढ़ती हुई और नवाचारी उत्पाद बनाने वाली अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। सारी दुनिया की उम्मीदें भारत पर टिकी हैं। मीडिया से बात करते हुये उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर मोबाइल फोन और



इलेक्ट्रॉनिक्स की पूरी पारिस्थितिकी देश में विकसित हुई है। इन 11 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण छह गुना बढ़कर करीब 11.5 लाख करोड़ रुपये का उद्योग बन चुका है। करीब 3.5 लाख करोड़ रुपये का निर्यात भारत से होने लगा है। यह अपने-आप में बुहत बड़ी उपलब्धि है, 'मेक इन इंडिया' के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प का बुहत ही अच्छा उदाहरण है। उन्होंने कहा, चरणबद्ध तरीके से मोबाइल फोन में, इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों में लगने वाले जितने भी कंपोनेंट हैं, उन सभी कंपोनेंट का देश में निर्माण करें, उन सभी कंपोनेंट के लिए अनुसंधान और डिजाइनिंग देश में हो, उन सारे कंपोनेंट का एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता भारत बने, उस प्रयास में हम लगे हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टेंपर्ड ग्लास की तरह बहुत जल्द देश में 'मेड इन इंडिया' सेमीकंडक्टर चिप तैयार होगी। कुछ ही दिनों एक सेमीकंडक्टर प्लांट की पहले पायलट लाइन शुरू हुई थी। वैसे ही लैपटॉप, सर्वर भी अब देश में बनने लगे हैं। कुल मिलाकर इलेक्ट्रॉनिक्स की पारिस्थितिकी देश में काफी अच्छी बन रही है, और इसमें लगभग 25 लाख लोगों को वर्तमान में रोजगार मिला हुआ है, और यह तेजी से बढ़ने वाला उद्योग है।

# केंद्रीय मंत्रियों ने की तेज आर्थिक विकास की सराहना, सरकार की नीतियों को दिया श्रेय

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, शिवराज सिंह चौहान और हरदीप सिंह पुरी ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में तेज आर्थिक विकास की सराहना करते हुये इसका श्रेय मोदी सरकार की नीतियों को दिया है। पहली तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े शुक्रवार को जारी किये गये। अप्रैल-जून तिमाही के दौरान जीडीपी विकास दर बढ़कर 7.8 प्रतिशत पर पहुंच गयी। इससे पहले जनवरी-मार्च 2025 में यह 7.4 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 6.5 प्रतिशत रही थी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, ल्लगातार मुद्रास्फीति कम रहने से वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में विकास दर 7.8 प्रतिशत रही है, जो पांच तिमाहियों का उच्चतम स्तर है। उन्होंने लिखा कि पिछली तिमाही की 7.4 प्रतिशत के बाद यह विकास दर भारतीय अर्थव्यवस्था के उर्ध्वमुखी ग्राफ को दिखाती है।

एक अन्य पोस्ट में जीडीपी आंकड़ों की खबरों को साझा करते हुये श्री गोयल ने लिखा कि यही भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती है। सेवा क्षेत्र जीडीपी वृद्धि का मुख्य कारक रहा। लगातार दो तिमाहियों में जीडीपी वृद्धि दर उम्मीद से बेहतर रही है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 'एक्स' पर लिखा, ल्लभारत 7.8 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बना हुआ है। सही नीति और दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम आज देश ही नहीं, दुनिया देख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बीते 11 वर्षों में लिये गये मजबूत फैसलों ने देश की अर्थव्यवस्था को नयी उड़ान दी है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी जीडीपी आंकड़ों के बारे में 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा, ल्लडेड इकोनॉमी कहने वाले अब समझ लें, भारत एक लॉन्ग लिव इकोनॉमी है। जब नेतृत्व अडिग, नीतियां सटीक और निर्णय दूरदर्शी हों, तब परिणाम इतिहास रचते हैं। उन्होंने इन आंकड़ों को किसानों के पसीने, वैज्ञानिकों की मेहनत और 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य का प्रदर्शन बताया और कहा कि यह क्षण किसानों के लिए विशेष गर्व का है। श्री चौहान ने लिखा, ल्लबढ़ती अर्थव्यवस्था में कृषि की भूमिका अभूतपूर्व है। किसानों के परिश्रम और नवाचारों से कृषि वृद्धि दर बढ़कर 3.7 प्रतिशत तक पहुंच गयी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत, विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की ओर अग्रसर है। एनएसओ द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में देश के सकल घरेलू उत्पाद में 7.8 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गयी। यह वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में दर्ज की गयी 6.5 प्रतिशत की तुलना में काफी अधिक है।

## समितियाँ सरकार के साथ मिलकर कार्य करें तो शासन में पारदर्शिता बढ़ेगी : बिरला

भुवनेश्वर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज यहां कहा कि समितियाँ सरकार के साथ मिलकर कार्य करें तो शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी, जिससे समाज को सशक्त बनाने का लक्ष्य पूरा होगा। श्री बिरला ने यहां संसद एवं राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं की अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण समितियों के राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि समितियों का उद्देश्य सरकार की आलोचना करना नहीं, बल्कि योजनाओं को और अधिक जनकेंद्रित बनाने के लिए रचनात्मक सुझाव देना है।समितियाँ सरकार के साथ मिलकर कार्य करें तो शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ेगी, जिससे समाज को सशक्त बनाने का लक्ष्य पूरा होगा। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी /एसटी) समुदाय को संवैधानिक अधिकारों और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिलना चाहिए।

# पेज एक का शेष

### नोबेल के लिए...

वे खुद को और भारत को एक वैश्विक ताकत बनाएंगे। ट्रम्प की छवि हमेशा से ऐसी रही है कि वे रणनीति से अधिक व्यक्तिगत रिश्तों पर ध्यान देते हैं, और भारत में लोगों को लगा कि यह रवैया भारत के लिए फायदेमंद साबित होगा। ट्रम्प और मोदी की दोस्ती की तस्वीरें भी लोगों को यही भरोसा दिलाती थीं। ट्रम्प के पहले कार्यकाल में वे टेक्सास में भारतीय प्रवासियों की 'हाउडी मोदी!' रैली में शामिल हुए थे। इसके कुछ महीने बाद ही मोदी के गृह राज्य गुजरात में 'नमस्ते ट्रम्प!' कार्यक्रम हुआ, जहां मोदी ने हवाई अड्डे पर गले लगाकर उनका स्वागत किया और फिर संगीत, नर्तकों और एक लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ के बीच ट्रम्प का भव्य स्वागत हुआ। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में दुनिया के कई नेताओं ने उनकी तारीफों और उपहारों से उनका मन जीतने की कोशिश की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री व्हाइट हाउस में राजा चार्ल्स का पत्र लेकर पहुंचे, फिनलैंड के राष्ट्रपति ने ट्रम्प के साथ गोल्फ खेला, और यहां तक कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की, जिन्हें ट्रम्प पहले डांट चुके थे, कैमरों के सामने जाकर उनका धन्यवाद करने लगे। लेकिन ट्रम्प, मोदी से कुछ और चाहते हैं। वे चाहते हैं कि मोदी की राजनीतिक ताकत कमजोर पड़े और वे अप्रासंगिक हो जाएं। अगर ऐसा माना जाए कि मोदी ने एक कमजोर देश के साथ सीजफायर अमेरिकी दबाव के कारण किया है, तो इसका भारी राजनीतिक नुकसान होगा। मोदी की मजबूत नेता की छवि पाकिस्तान के प्रति उनके सख्त रुख पर टिकी हुई है। अगर यह माना जाए कि ट्रम्प की इसमें कोई भूमिका थी, तो यह मोदी के लिए आत्मसमर्पण जैसा होगा। ऐसे में नोबेल पुरस्कार के लिए नामांकन की संभावना तो बिल्कुल खत्म हो जाएगी। दूसरी ओर, पाकिस्तान को ट्रम्प का करीबी मानते हुए जल्दबाजी में उन्हें इस पुरस्कार के लिए नामित किया गया। अखबार आगे लिखता है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हाल में हुई हिंसा को रोकने में अमेरिका का कितना हाथ था, यह साफ-साफ कहना मुश्किल है। लेकिन ट्रम्प का दावा है कि उन्होंने दोनों देशों पर दबाव बनाने और व्यापारिक लालच के जरिए लड़ाई रुकवाई। लेकिन भारत इस दावे को मानने से इनकार करता है।

### अदालत ने कहा...

राज्य के गर्वनर गेविन न्यूसम ने इस फैसले का स्वागत करते हुए श्री ट्रम्प को अमेरिका का परम पराजित बताया है। कैलीफोर्निया राज्य ने इन शुल्कों के खिलाफ अदालत में मुकदमा दायर किया है। श्री ट्रम्प ने इस निर्णय के विरुद्ध अपील करने की घोषणा की है। श्री ट्रम्प ने शुल्कों को अपनी कूट नीति का हथियार बना रखा है। उन्होंने भारत और ब्राजील पर सबसे अधिक 50 प्रतिशत का कर लगाया है। अदालत ने कहा है कि राष्ट्रपति ने बहुत से शुल्कों के मामले में अपने अधिकारों का उल्लंघन किया है। श्री ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ' सोशल पर एक पोस्ट में चेतावनी देते हुए लिखा, सभी आयात शुल्क अब भी लागू हैं! उन्होंने अपीलीय न्यायालय को अत्यधिक पक्षपातपूर्ण बताया और कहा कि उसने गलत तरीके से इन शुल्कों को हटाने को कहा है। उन्होंने कहा, लेकिन वह जानते हैं कि अंत में अमेरिका की ही जीत होगी। अगर ये शुल्क कभी हटा दिये गये, तो यह देश के लिए पूरी तरह से विनाशकारी होगा। यह हमें आर्थिक रूप से कमज़ोर बना देगा । उन्होंने कहा, अमेरिका अब भारी व्यापार घाटे और दूसरे देशों, चाहे वे मित्र हों या शत्रु, द्वारा लगाये गये अनुचित शुल्कीय और गैर-शुल्कीय व्यापार बाधाओं को बर्दाश्त नहीं करेगा, जो हमारे निर्माताओं, किसानों और अन्य सभी को कमजोर करते हैं। उन्होंने कहा कि ये शुल्क हमारे श्रमिकों की मदद करने और उन कंपनियों का समर्थन करने का सबसे अच्छा साधन हैं, जो बेहतरीन 'मेड इन अमेरिका' उत्पाद बनाती हैं। उन्होंने कहा, कई वर्षों तक, हमारे बेपरवाह और नासमझ राजनेताओं ने शुल्क को हमारे खिलाफ इस्तेमाल करने दिया। अब, अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय की मदद से, हम उनका उपयोग अपने राष्ट्र के लाभ के लिए करेंगे और अमेरिका को फिर से समृद्ध, मजबूत और शक्तिशाली बनायेंगे! अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक बड़े कानूनी झटके के बाद भी अपने रुख पर अड़े रहे। एक संघीय अपील अदालत ने फैसला सुनाया कि अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्ति अधिनियम (आईईईपीए) उन्हें मुक्ति दिवस टैरिफ लगाने का अधिकार नहीं देता। अदालत ने टैरिफ को ''कानून के विपरीत होने के कारण अमान्य'' घोषित किया और ज़ोर देकर कहा कि उनके प्रशासन के तहत लगाए गए सभी टैरिफ लागू रहेंगे। हालाँकि अदालत ने टैरिफ को अस्थायी रूप से लागू रहने दिया, जिससे प्रशासन को इस फैसले के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने का समय मिल गया।

### सात साल बाद...

दोनों के सामने गलवान की घटना के पांच वर्ष बाद एक बार फिर से उसी मुकाम से आगे बढने की चुनौती है। दोनों देशों के बीच 1950 में शुरू हुए संबंधों को 1962 के सीमा संघर्ष के बाद पहली बार चुनौती का सामना करना पड़ा था। इसके बाद ऊंच-नीच के विभिन्न दौर से गुजरे संबंध मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद वुहान और चेन्नई में श्री मोदी तथा शी जिनपिंग के बीच हुए अनौपचारिक शिखर सम्मेलनों की मदद से पटरी पर आ गये थे। एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में अप्रैल-मई 2020 में गलवान में हुई हिंसक सैन्य झड़प ने दोनों देशों के संबंधों को एक बार फिर कड़ा झटका दिया। पिछले वर्ष रूस के कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई मुलाकात के बाद से धीरे-धीरे संबंधों को चरणबद्ध तरीके से बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर के हाल के चीन दौरे और चीन के विदेश मंत्री वांग यी की इसी महीने डा. जयशंकर के साथ भारत में द्विपक्षीय वार्ता तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ विशेष प्रतिनिधि स्तर की 24 वें दौर की बैठक में दोनों देशों के संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की दिशा में अनेक अहम फैसले किये गये। श्री वांग ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात की। इन बैठकों के बाद चीन ने भारत को उर्वरकों, दुर्लभ मृदा खनिजों और सुरंग खोदने वाली मशीनों के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने पर सहमति व्यक्त की है। इसके अलावा सीमा से संबंधित लंबित मुद्दों के समाधान के लिए व्यवस्था और विशेष तंत्र बनाने की सहमति बनी है। इस वर्ष कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू होने के साथ साथ दोनों देश अपने नागरिकों के लिए वीज़ा जारी करने की प्रक्रिया फिर से शुरू करने पर भी सहमत हुए हैं। साथ ही भारत और चीन के बीच सीधी उड़ानों के लिए भी बातचीत चल रही है।

राष्ट्रपति शी की सितंबर 2014 की भारत यात्रा ने दोनों देशों के बीच घनिष्ठ विकासात्मक साझेदारी की शुरुआत की और प्रधानमंत्री मोदी की मई 2015 की चीन यात्रा ने इस गति को बनाए रखा। इसे और मजबूत बनाने के लिए दोनों के बीच दो अनौपचारिक शिखर सम्मेलन वुहान (27-28 अप्रैल 2018) और चेन्नई (11-12 अक्टूबर 2019) भी हुए। एस सी ओ की स्थापना 15 जून 2001 को कज़ाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान के नेताओं ने की थी। उज़्बेकिस्तान को छोड़कर ये देश अप्रैल 1996 में गठित शंघाई-5 समूह के सदस्य थे। वर्ष 2001 में उज़्बेकिस्तान को संगठन में सदस्य के रूप में शामिल किया गया (इस प्रकार इसे शंघाई-6 में परिवर्तित कर दिया गया)। जुलाई 2005 के अस्ताना शिखर सम्मेलन में, भारत, ईरान और पाकिस्तान को पर्यवेक्षक का दर्ज़ा दिया गया था। जुलाई 2015 में रूस के उफ़ा में, एससीओ ने भारत (और पाकिस्तान) को पूर्ण सदस्य के रूप में स्वीकार करने का निर्णय लिया। जून 2017 में, अस्ताना शिखर सम्मेलन में, भारत (और पाकिस्तान) आधिकारिक तौर पर पूर्ण सदस्य के रूप में एससीओ में शामिल हो गए। चार जुलाई 2023 को भारत द्वारा वर्चुअल रूप से आयोजित एससीओ शिखर सम्मेलन में ईरान को सदस्य राज्य का दर्ज़ा प्रदान किया गया। चार जुलाई 2024 को अस्ताना में आयोजित एससीओ शिखर सम्मेलन में बेलारूस को एक नए सदस्य के रूप में शामिल किया गया। दस सदस्यों के अलावा एससीओ में 2 पर्यवेक्षक (अफ़गानिस्तान और मंगोलिया) और 14 संवाद साझेदार (अज़रबैजान, आर्मेनिया, कंबोडिया, नेपाल, तुर्की, श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, मालदीव, बहरीन, म्यांमार, मिस्र, सऊदी अरब और कतर) हैं। एससीओ चार्टर के अनुसार, रूसी और चीनी एससीओ की केवल दो आधिकारिक भाषाएँ हैं। एससीओ का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय राष्ट्राध्यक्षों की परिषद (सीएचएस) है, जिसकी अध्यक्षता करने वाले देश में वार्षिक रूप से बारी-बारी से (रूसी वर्णमाला क्रम में) बैठक होती है। भारत ने चार जुलाई 2023 को वर्चुअल मोड में सीएचएस के 23वें शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। सीएचएस का पिछला (24वां) शिखर सम्मेलन 3 से 4 जुलाई 2024 को अस्ताना में हुआ था। शासनाध्यक्षों की परिषद सीएचजी संगठन का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण तंत्र है जो व्यापार-आर्थिक सहयोग के प्रमुख मुद्दों के साथ-साथ एससीओ के वार्षिक बजट पर निर्णय लेने के लिए प्रतिवर्ष बैठक करता है। भारत ने नवंबर 2020 में सीएचजी की 19वीं बैठक की वर्चुअल मेजबानी की। सीएचजी की पिछली (23वीं) बैठक 15-16 अक्टूबर 2024 को पाकिस्तान में आयोजित की गई थी। एससीओ के विदेश मंत्रियों की परिषद सीएफएम वर्ष में एक बार आमतौर पर सीएचएस की बैठक से एक महीने पहले सीएचएस बैठक के मसौदा परिणाम दस्तावेजों और अन्य तैयारियों पर विचार करने के लिए होती है। सीएफएम की पिछली बैठक 21 से 22 मई 2024 को अस्ताना में आयोजित की गई थी। एससीओ राष्ट्रीय समन्वयक परिषद (सीएनसी) एससीओ की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों के समन्वय और निर्देशन के लिए एक महत्वपूर्ण तंत्र है।

### अमेरिका की ओर से ...

क्षेत्र की विकास दर 7.7 प्रतिशत रही जो पिछले साल समान तिमाही में 7.6 प्रतिशत पर थी। लोक प्रशासन, रक्षा एवं अन्य सेवाओं की विकास दर 9.0 प्रतिशत से बढ़कर 9.8 प्रतिशत पर पहुंच गयी। बिजली, गैस, जलापूर्ति एवं अन्य यूटिलिटी सेवाओं की विकास दर में बड़ी गिरावट देखी गयी और यह 0.5 प्रतिशत पर आ गयी। पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 10.2 प्रतिशत रही थी। खनन क्षेत्र की विकास दर शून्य से 3.1 प्रतिशत नीचे रही यानि इस क्षेत्र में गतिविधियों में गिरावट रही। एक साल पहले इसकी विकास दर 6.6 प्रतिशत रही थी।

### लखनऊ में ...

कैटल कालोनी भढाही टोला ठाकुरगंज, लखनऊ, दिलदार अली पुत्र रज्जा, निवासी 128 महिमा खेडा, थाना रहीमाबाद, लखनऊ, शहनवाज पुत्र जलील, निवासी ईसानगर निकट बाइपास पेट्रोल पम्प, थाना ईसा नगर, जनपद खीरी व मो. साहेबे पुत्र पीर बक्श, निवासी 285 दक्षिण टोला तिलिया कोर, थाना जनपद रायबरेली शामिल हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एसटीएफ ने 20 गैलन 5 लीटर के व 39 बोरी में आक्सीटोसीन इंजेक्शन (मूल्य लगभग 2 करोड़) व निर्माण से संबंधित सामग्री बरामद किया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ पर बताया कि इनका एक गिरोह है, जो लखनऊ एवं आस-पास के जनपदों में अवैध रूप से आक्सीटोसीन इन्जेक्शन की सप्लाई करते है। यह लोग बिहार राज्य से हाई डेनिसिटी के आक्सीटोसीन इन्जेक्शन पार्सल के माध्यम से मिनरल वाटर बताकर मंगाते है। जिसे आवश्यकतानुसार अपने हिसाब से अलग अलग साइज के एम्पुल में पैक करके उसकी सप्लाई लखनऊ एवं आस-पास के जनपदों में करते है। इस इन्जेक्शन का इस्तेमाल पशुओं के दुध निकालने, सब्जियों एवं फलों को कम समय में अधिक विकसित होने आदि के लिए किया जाता है। इस अवैध आक्सीटोसीन इन्जेक्शन की बिहार राज्य से सप्लाई करने वाले के विषय में जानकारी की जा रही है। गौरतलब है कि स्वस्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के गजट नोटिफिकेशन संख्याः 242 (ई) दिनांक 03-04-2001 द्वारा औषधि एवं प्रसाधन नियमावली - 1945 के नियम 105 के अन्तर्गत आक्सीटोसीन इन्जेक्शन के विक्रय को मात्र सिंगल यूनिट ब्लिस्टर पैक में ही प्राविधानिक किया गया है। अवैध रूप में आक्सीटोसीन का व्यापार करना जन मानस के जीवन को संकट उत्पन्न होने की व अनेको प्रकार की बीमारियों की प्रबल सम्भावना होती है। इस इन्जेक्शन में मिलावट के तथ्यों के सम्बन्ध में उसका सैम्पल लेकर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

### बेल्जियम की अदालत...

याचिका भी खारिज कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि चोकसी ने 22 अगस्त को एक और जमानत याचिका दायर की थी और घर पर ही नजरबंद रहने की पेशकश की थी, लेकिन अपीलीय अदालत ने इस सप्ताह के शुरू में इसे खारिज कर दिया। गीतांजलि समूह के मालिक 66 वर्षीय चोकसी के प्रत्यर्पण मामले में बहस सितंबर के मध्य में बेल्जियम की एक अदालत में होगी। सीबीआई बेल्जियम अभियोजन पक्ष को उसके खिलाफ मामलों में मुकदमे का सामना करने के लिए उसे भारत वापस भेजने के लिए एक मजबूत मामला बनाने में सहायता करेगी।

### रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता...

उदाहरण देते हुए कहा कि दूरदर्शिता, लंबी तैयारी और समन्वय के बिना कोई भी मिशन सफल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, ल्ल ऑपरेशन सिंदूर भले ही कुछ दिनों के युद्ध, भारत की जीत और पाकिस्तान की हार की कहानी लगे, लेकिन इसके पीछे वर्षों की रणनीतिक तैयारी और रक्षा तैयारियों की एक लंबी भूमिका रही है।ङ्क उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि भारत की सेनाओं ने वर्षों की कड़ी मेहनत और स्वदेशी उपकरणों पर निर्भरता के ज़रिए इस ऑपरेशन को प्रभावी और निर्णायक रूप से अंजाम दिया। रक्षा मंत्री ने सुदर्शन चक्र मिशन को भारत की भविष्य की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया और कहा कि डीआरडीओ ने हाल ही में स्वदेशी एकीकृत वायु रक्षा हथियार प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया जिसने एक साथ तीन लक्ष्यों को भेदा। उन्होंने कहा कि यह इस मिशन को साकार करने की दिशा में पहला कदम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इसके पूरी तरह अमल में समय लगेगा लेकिन रक्षा मंत्रालय इस दिशा में पहले ही निर्णायक रूप से आगे बढ़ चुका है। श्री सिंह ने कहा कि सरकार ने शक्तिशाली स्वदेशी एयरो-इंजन के विकास और निर्माण की चुनौती स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण परियोजना की तैयारियाँ अब लगभग पूरी हो चुकी हैं और जल्द ही जमीनी स्तर पर काम दिखाई देगा। इसके महत्व पर ज़ोर देते हुए उन्होंने कहा कि पहले सवाल यह था कि क्या भारत इतनी उन्नत प्रणालियाँ बना सकता है लेकिन आज सवाल यह है कि इन्हें कितनी जल्दी तैनात किया जा सकता है। अमेरिकी टैरिफ के कारण दुनिया भर में बनी तनाव की स्थिति का परोक्ष रूप से उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने दोहराया कि भारत किसी को दुश्मन नहीं मानता लेकिन अपने हितों से समझौता भी नहीं करेगा। उन्होंने कहा,ल्ल हम किसी भी देश को अपना दुश्मन नहीं मानते। लेकिन हमारे लोगों, किसानों, छोटे व्यवसायों और आम नागरिकों का कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। दुनिया जितना दबाव डालेगी, भारत उतना ही मज़बूत होकर उभरेगा। रक्षा मंत्री ने इस सदी के घटनाक्रमों का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया ने आतंकवाद और कोविड-19 महामारी से लेकर यूक्रेन, पश्चिम एशिया और अफ्रीका में संघर्षों जैसी कई विघटनकारी चुनौतियों का सामना किया है। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग और अंतरिक्ष विज्ञान जैसी प्रौद्योगिकी जीवन और सुरक्षा को नए सिरे से परिभाषित कर रही हैं। उन्होंने कहा, यह सदी शायद सबसे अस्थिर और चुनौतीपूर्ण है। ऐसे विश्व में भारत का एकमात्र स्थायी मार्ग आत्मनिर्भरता है।

### शस्त्र और शास्त्र के...

में परीक्षण और विकास के लिए महत्वपूर्ण है। दोनों ने ड्रोन प्रदर्शनी का दौरा किया, जहां विभिन्न प्रकार के ड्रोन के मॉडल और उनकी क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया। इस दौरन सीडीएस जनरल अनिल चौहान, रक्षा सचिव राजेश कुमार, रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार, सांसद महेश शर्मा समेत कई जनप्रतिनिधि व रक्षा विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# उत्तरकाशी में भारी बारिश से यमुनोत्री हाईवे बंद स्याना चट्टी में जलमग्न होटल, दहशत में लोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उत्तरकाशी। उत्तरकाशी में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। यमुनोत्री हाईवे पर मलबा, बोल्डर और भू-धंसाव के कारण कई स्थानों पर आवागमन ठप हो गया है। स्यानाचट्टी क्षेत्र में यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से पानी मोटर पुल के ऊपर पहुंच गया है, जिससे पुल खतरे की जद में आ गया है। वहीं स्याना चट्टी में होटलों में भी पानी एक ओर से घुसकर दूसरी ओर से निकल रहा है। कई होटलों की पहली मंजिलें जलमग्न हो गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत है। स्थानीय निवासी जयपाल सिंह रावत, नवदीप सिंह, बलदेव सिंह और शैलेन्द्र सिंह राणा ने बताया कि उन्होंने पूरी रात जागकर बिताई। सिंचाई विभाग कि ओर से तीन पोकलेन मशीन झील के मुहाने पर एकत्रित मलबा हटाने के लिए लगीं है। पोकलेन मशीनें चैनलाइजेशन कार्य कर रहे हैं लेकिन रुक-रुककर बारिश होने से दिक्कत हो रही है।

## बंद सड़कों को खोलने के लिए युद्ध स्तर पर करें कार्यः मंत्री गणेश जोशी

देहरादून। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने बारिश के कारण अवरुद्ध हुई सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर युद्धस्तर पर खोलने और पुलों के पुनर्निर्माण में तेजी लाने को अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। मंत्री जोशी ने शनिवार को अपने कैंप कार्यालय में उत्तराखंड ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी (यूआरआरडीए) के अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत बारिश से बाधित सड़कों की समीक्षा की। इस दौरान ग्राम्य विकास मंत्री ने दूरभाष के माध्यम से मुख्य सचिव से वार्ता कर क्षतिग्रस्त एवं बह चुके पुलों के शीघ्र पुनर्निर्माण के लिए ठोस कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में अधिकारियों की ओर से बताया गया कि बारिश के चलते फिलहाल प्रदेशभर में कुल 166 सड़कें अवरुद्ध हैं, जिनमें गढ़वाल मंडल की 142 एवं कुमाऊं मंडल की 24 सड़कें शामिल हैं। प्रदेश में अब तक कुल 07 पुल क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें से 02 पुल पूरी तरह बह गए हैं।

## एकमुशत संपत्ति कर निपटान योजना (सुनियो) का उठाएं लाभ : दिल्ली महापौर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने शनिवार को सभी नागरिकों से 31 अगस्त तक इस वित्त वर्ष के एकमुश्त संपत्ति कर भुगतान पर 10 प्रतिशत की छूट का लाभ उठाने की अपील की। महापौर राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली नगर निगम के अधिकार क्षेत्र के सभी पात्र संपत्ति करदाताओं से सम्पत्तिकर निपटान योजना (सुनियो) का लाभ उठाने के लिए आग्रह किया। उन्होंने कहा कि निगम सभी संपत्ति मालिकों एवं कब्जाधारियों से अपील करती है कि वे सुनियो के तहत इस सुनहरे अवसर का पूरा लाभ उठाएं और बिना किसी दंड या ब्याज के अपने बकाया संपत्ति कर का भुगतान करें। महापौर ने बताया कि नागरिक सुनियो योजना का लाभ उठाकर कर माफी योजना में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। अब तक 98,017 करदाता इस पहल से लाभान्वित हो चुके हैं। सुनियो योजना के शुभारंभ के पहले तीन महीनों के भीतर 283.89 करोड़ रुपये का संपत्ति कर चुका चुके हैं। इसमें से 75,006 आवासीय संपत्तियों से 117.48 करोड़ का कर वसूला गया जबकि 23,011 वाणिज्यिक संपत्तियों से 166.41 करोड़ का कर वसूला गया। उन्होंने ने कहा कि करदाताओं की सुविधा के लिए एमसीडी ने वित्तीय इस वर्ष के लिए 10 फिसदी छूट के साथ संपत्ति कर के एकमुश्त भुगतान की अंतिम तिथि को दो बार 30 जून से 31 जुलाई और फिर 31 अगस्त तक बढ़ा दिया है। महापौर ने कहा कि सुनियो के तहत करदाता वित्तीय वर्ष 2020-21 से पहले ब्याज और दंड सहित संपत्ति कर की पूर्ण छूट का लाभ उठा सकते हैं।

# संक्षिप्त समाचार

### बीएसएफ ने बाढ़ प्रभावित गाँवों में भोजन के पैकेट गिराए और चिकित्सा राहत शिविर का आयोजन किया

जालंधर। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने नागरिक प्रशासन के अनुरोध पर, त्वरित मानवीय प्रतिक्रिया के तहत, शुक्रवार को अमृतसर के बाढ़ प्रभावित गाँवों में हज़ारों भोजन और राशन के पैकेट हवाई मार्ग से गिराए। इसके अलावा बाढ़ पीड़ितों के लिए चिकित्सा राहत शिविर का आयोजन किया। बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर के जनसंपर्क अधिकारी ने शनिवार को बताया कि बीएसएफ ने अपने हेलीकॉप्टर का उपयोग करके बढ़ते जलस्तर और आवश्यक वस्तुओं की कमी से जूझ रहे फंसे हुए परिवारों तक समय पर राहत पहुँचाना सुनिश्चित किया। इन प्रयासों का उद्देश्य सामान्य स्थिति बहाल होने तक प्रभावित आबादी को तत्काल राहत प्रदान करना है। यह अभियान देश की सीमाओं की रक्षा करने की अपनी प्राथमिक भूमिका से आगे बढ़कर, संकट के समय में नागरिकों के साथ खड़े रहने की बीएसएफ की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। खेमकरण में, बीएसएफ ने भारी बारिश और नदी के बढ़ते जलस्तर के बाद, मेहंदीपुर गाँव के पास बाढ़ प्रभावित नागरिकों के लिए एक चिकित्सा राहत शिविर का आयोजन किया। कठिन परिस्थितियों के बावजूद, चिकित्सा दल ने 100 से अधिक नागरिकों को शीघ्रता से उपचार और निवारक देखभाल प्रदान की। डॉक्टरों, नर्सों और पैरामेडिक्स के समर्पण और पेशेवर रवैये ने न केवल लोगों की पीड़ा कम की, बल्कि संकटग्रस्त समुदाय के लिए बीएसएफ मेडिकल टीम की भूमिका को भी मज़बूत किया। उनकी निस्वार्थ सेवा की स्थानीय लोगों ने व्यापक रूप से सराहना की है।

### पंजाबी अभिनेता जसविंदर भल्ला को आज दी जायेगी अंतिम विदाई

**चंडीगढ़।** पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज अभिनेता और हास्य कलाकार जसविंदर भल्ला को आज अंतिम विदाई दी जायेगी। सेक्टर-34 स्थित गुरुद्वारा तेक बहादुर साहिब में आयोजित अंतिम अरदास और अखंड पाठ के भोग के दौरान फिल्मी जगत से लेकर राजनीतिक गलियारों तक की कई हस्तियों के पहुंचने की संभावना है। भल्ला ने पंजाबी सिनेमा में अपने अभिनय से अलग पहचान बनायी। उन्होंने हास्य भूमिकाओं के माध्यम से लाखों दर्शकों को उन्होंने हंसाया और परिवारों को हंसी-खुशी के पल दिये। उनकी कॉमिक टाइमिंग और संवाद अदायगी ने उन्हें हर उम्र के दर्शकों के बीच लोकप्रिय बनाया। बीस अगस्त को भल्ला मोहाली के एक निजी अस्पताल में भर्ती हुये थे। लंबी बीमारी से जूझते हुए 22 अगस्त को उनका निधन हो गया। तेईस अगस्त को उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार कर दिया गया था। आज, 30 अगस्त को आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में उन्हें याद करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए अरदास की जायेगी। पंजाबी सिनेमा में उनका योगदान हमेशा अमूल्य रहेगा। फिल्म इंडस्ट्री का मानना है कि जसविंदर भल्ला की कमी को कोई भी पूरा नहीं कर सकता। आज का दिन उनके चाहने वालों के लिए भावुक और श्रद्धा से परिपूर्ण रहेगा।

### पंजाब बाढ़ त्रासदीः सैलाब को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग

**पंजाब।** पंजाब में बाढ़ से हुई व्यापक तबाही को देखते हुए राज्य सभा सदस्य एवं पर्यावरणविद् संत बलबीर सिंह सीचेवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर इस स्थिति को राष्ट्रीय आपदा घोषित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बादल फटने से भारी तबाही हुई है, जबकि पंजाब में लगातार बारिश और नदियों में बढ़ते जलस्तर ने हालात और बिगाड़ दिये हैं। संत सीचेवाल ने पत्र में बताया कि लगभग 500 गांव, 300 सरकारी स्कूल और तीन लाख किसानों की फसलें बाढ़ की चपेट में आ चुकी हैं। रावी नदी में 26 अगस्त की रात को 14.11 लाख क्यूसेक पानी का बहाव दर्ज किया गया, जो 1988 के रिकॉर्ड से भी कहीं अधिक है। इसी तरह, ब्यास नदी में भी 2.5 से तीन लाख क्यूसेक पानी का बहाव हुआ। उन्होंने कहा कि ब्यास नदी के उफान से पंजाब की हज़ारों एकड़ फ़सलें नष्ट हो गयीं। माझा, मालवा और दोआबा ऽ राज्य के तीनों प्रमुख क्षेत्र बाढ़ से गंभीर रूप से प्रभावित हैं। गुरदासपुर, पठानकोट, अमृतसर, तरनतारन, कपूरथला, फ़िरोज़पुर और फ़ाज़िल्का जिलों में स्थिति बेहद चिंताजनक है। श्री सीचेवाल ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी पत्र लिखकर आग्रह किया कि वह केंद्र सरकार के समक्ष पंजाब का पक्ष मजबूती से रखें।

### बेगूसराय में वीरकुंवर सिंह चौक से माधुरी ढाला तक सड़क का होगा चौड़ीकरण : सम्राट चौधरी

पटना। बिहार सरकार ने बेगूसराय जिले के पथ प्रमंडल अंतर्गत वीरकुंवर सिंह चौक से माधुरी ढाला (राजमार्ग-55) तक 4.915 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण को स्वीकृति प्रदान की है। राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शनिवार को इसकी जानकारी दी। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि इस योजना पर कुल 18 करोड़ 61 लाख 20 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। वर्तमान में यह सड़क संकरी है, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लेकिन इसके चौड़ीकरण के बाद आवागमन की सुविधा बेहतर होगी और आम लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली डबल इंजन की सरकार सड़कों के विस्तार के लिए लगातार काम कर रही है। यही वजह है कि बिहार में सड़कों का विशाल नेटवर्क तैयार हुआ है। अब राजधानी पटना से राज्य के किसी भी हिस्से में चार से पांच घंटे में पहुंचना संभव हुआ है। इसी कड़ी में बेगूसराय में भी वीरकुंवर सिंह चौक से माधुरी ढाला तक कुल 18 करोड़ 61 लाख 20 हजार रुपये की लागत से सड़क चौड़ीकरण और मजबूतीकरण को स्वीकृति प्रदान की गई है।

### वोटर अधिकार यात्रा की लोकप्रियता से घबराई भाजपा, सदाकत आश्रम पर किया हमला : ज्योति सिंह

**भागलपुर।** वोटर अधिकार यात्रा की लोकप्रियता से घबराकर डरपोक और कायर भाजपा ने पटना में सदाकत आश्रम कांग्रेस कार्यालय पर हमला किया, जिसमें हमारे कार्यकर्ता घायल हुए हैं। राहुल गांधी जी की वोटर अधिकार यात्रा को जनता का अपार समर्थन मिलता हुआ देख भाजपा के लोग बौखला गए हैं। उक्त बातें शनिवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ज्योति कुमार सिंह ने भागलपुर में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा के इन हमलों से हम न तो डरेंगे, न रुकेंगे, न झुकेंगे। ये काफिला ऐसे ही बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि लाखों लोग राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की शुरू की गई इस यात्रा में शामिल हो रहे हैं। यह वोट और मतदाताओं के अधिकारों की लड़ाई है और भाजपा इस समर्थन से डरी हुई है, इसलिए हिंसा का सहारा ले रही है।

## सभी जिलों में मिनी सचिवालय स्थापित किए जा रहे हैं : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राजधानी के सभी 11 जिलों में मिनी सचिवालय स्थापित किए जा रहे हैं, जहां अधिकारियों को आवश्यक संसाधन, अधिकार और स्टाफ उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने यह बातें शनिवार को अलीपुर डीएम कार्यालय में डिस्ट्रिक्ट कमिटी चेयरमैन कार्यालय का शुभारंभ करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व इन्हीं संकल्पों को मूर्त रूप देते हुए उत्तर जिला के डीएम कार्यालय को पूरी तरह रेनोवेट करके जनता की सेवा का सशक्त केंद्र बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अब स्थानीय लोग अपनी समस्या सीधे डीएम कार्यालय में दर्ज कराकर त्वरित समाधान पा सकेंगे। यही है जवाबदेह शासन का नया स्वरूप। इस अवसर पर सांसद योगेंद्र चंदोलिया, कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राजराज, दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट उपस्थित रहे। यह जानकारी मुख्यमंत्री अपने एक्स अकाउंट पर साझा की। इसे पहले मुख्यमंत्री ने शनिवार को अलीपुर में युवा साथियों और स्वच्छताग्रहियों के साथ दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान को आगे बढ़ाया। कहा कि दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर बनाने में हमारे स्वच्छता कर्मियों की निस्वार्थ सेवा वास्तव में राष्ट्र-निर्माण का पुण्य कार्य है। उनका समर्पण हर दिल्लीवासी के लिए प्रेरणा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जहां भी कूड़ा दिखे, वहां सफाई को अपनी जिम्मेदारी मानकर तुरंत एक्शन लेने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और हरा भरा बनाना है।

## भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक ने की समीक्षा बैठक

भागलपुर। भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक भरत खेड़ा ने समीक्षा भवन में शनिवार को एसआईआर कार्य एवं आगामी निर्वाचन की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में जिला पदाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी, उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह सहित संबंधित पदाधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रेक्षक ने निर्देश दिया कि जिन बीएलओ (बूथ स्तर अधिकारी) को कार्य में किसी प्रकार की परेशानी हो रही है, उसका त्वरित निदान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर उपस्थित रहेंगे और मतदाताओं की समस्याओं का समाधान करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि योग्य मतदाताओं को फॉर्म-6 भरने की सुविधा दी जाएगी, ताकि जो नागरिक 17 वर्ष 6 माह या उससे अधिक आयु प्राप्त कर चुके हैं, वे आगामी चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें।

## प्रधानमंत्री की मां को गाली देने के विरोध में महिला मोर्चा ने निकाला आक्रोश मार्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूर्वी चंपारण। इंडी गठबंधन के मंच से प्रधानमंत्री की माँ को दिये गये गाली के विरोध में शनिवार को भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष नीता शर्मा के नेतृत्व में आक्रोश मार्च निकाली गई। भाजपा सांसद के गाँधी कॉम्प्लेक्स स्थित कार्यालय से निकली यह मार्च चरखा पार्क पहुंच कर सभा में बदल गई। सभा को संबोधित करते हुए मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने घटना की निंदा की और कहा कि यह घटना भारत की राजनीति में काले अक्षरों में अंकित हो गई। इसका बदला बिहार की जनता अवश्य लेगी। महिला मोर्चा प्रभारी मीना मिश्रा ने कहा यह प्रधानमंत्री की माँ का अपमान नहीं है, पूरे देश की माँ का अपमान है।वही संगीता चित्रांश ने कहा कि एक माँ के साथ पूरे समाज की महिलाओं का अपमान किया है और इसकी घोर निंदा करती हूँ। इस कुकृत्य के लिए राहुल गांधी और तेजस्वी यादव को पूरे देश की महिलाओं से माफी मांगनी चाहिए। ।

## अजनाला के कई घर जलमग्न, पंजाब में बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी

कैनविज टाइमस संवाददाता

चंडीगढ़। पंजाब में रावी का जलस्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार देर रात तक पानी हरड़ कलां गांव के करीब पहुंच गया था। जिसके बाद बचाव कार्यों को तेज किया गया है। अजनला निर्वाचन क्षेत्र के कई गाँव सबसे ज़्यादा प्रभावित इलाकों में से हैं, जहाँ लोगों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उनके घर पूरी तरह से जलमग्न हो गए हैं और फ़सलें बर्बाद हो गई हैं। लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं, पठानकोट, गुरदासपुर, फिरोजपुर, अमृतसर, तरनतारन, फाजिल्का, कपूरथला के सुल्तानपुर लोधी और होशियारपुर में हालात बेकाबू होने के बाद अब पटियाला में भी बाढ़ का असर देखने को मिल रहा है। बीते दिनों चंडीगढ़ की सुखना लेक से छोड़े गए पानी की मार पंजाब-हरियाणा बॉर्डर के गांवों तक पहुंची। घग्गर नदी के ओवरफ्लो होने से पटियाला के कुछ गांवों के खेतों में पानी भर गया है। इसका पानी खजूर मंडी गांव, तिवाना, साधनपुर, सरसेनी और आसपास की खेतीबाड़ी वाली जमीनों तक घुस गया। बाढ़ की मार झेल रहे पंजाब में एक सितंबर तक मौसम विज्ञान केंद्र की तरफ ये यलो अलर्ट जारी किया गया है। दो दिन हिमाचल प्रदेश से सटे जिलों में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। रविवार को पठानकोट, होशियारपुर, रूपनगर और मोहाली में बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं सोमवार को पठानकोट, होशियारपुर और नवांशहर में बारिश को लेकर यलो अलर्ट है। वहीं, बीते दिन पंजाब के कुछ जिलों में बारिश देखने को मिली थी, जबकि कई जिलों में बादल भी छाए रहे। जिसके चलते तापमान में 2.1 डिग्री की गिरावट देखने को मिली। जिसके बाद राज्य का तापमान सामान्य से 2.2 डिग्री कम बना हुआ है। पंजाब के आज सुबह के तापमान में 0.3 डिग्री की कमी देखने को मिली है। बीते 24 घंटों में पठानकोट में 41.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा मानसा में 13 मिमी, अमृतसर में 0.7 मिमी, फरीदकोट में 5 मिमी, बठिंडा में 5.5 मिमी, फिरोजपुर में 3.5 मिमी और होशियारपुर में 2 मिमी बारिश रिकॉर्ड हुई है। राज्य में आठ जिले गुरदासपुर कपूरथला पठानकोट होशियारपुर अमृतसर फिरोजपुर तरनतारन फाजिल्का सबसे अधिक प्रभावित हैं।

## आईपी विश्वविद्यालय में समावेशी चिकित्सा और स्वास्थ्य पर संगोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आईपी) के यूनिवर्सिटी इनक्लूजन एंड एक्सेसिबिलिटी सेल ने ''समावेशी चिकित्सा और स्वास्थ्यः बच्चों और वयस्कों के लिए, दिव्यांग और अक्षम दोनों के लिए'' विषय पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम के उद्घाटन दिवस पर 176 से अधिक छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। इनमें अष्टावक्र इंस्टीट्यूट ऑफ रिहैबिलिटेशन साइंस एंड रिसर्च, अवध सेंटर ऑफ एजुकेशन और एक्शन फॉर ऑटिज्म जैसे संस्थानों के प्रतिभागी शामिल रहे। कार्यक्रम निदेशक प्रो. शालिनी गर्ग ने कहा कि यह आयोजन केवल एक शैक्षणिक पहल नहीं बल्कि एक सामाजिक और मानवीय आह्वान है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. महेश वर्मा ने कहा कि ''स्वास्थ्य 'मैं' से नहीं बल्कि 'हम' से शुरू होता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अक्षम नहीं बल्कि अलग तरह से सक्षम होते हैं और समावेशिता केवल रैंप या स्पर्श पथ तक सीमित नहीं, बल्कि समाज की सोच और हृदय से आनी चाहिए। संगोष्ठी के दौरान तीन पहलों का शुभारंभ किया गया- समावेश और पहुंच ई-पत्रिका का 10वां संस्करण, समावेशी चिकित्सा व स्वास्थ्य पर प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम (वी-शेष के सहयोग से) और सहायक प्रौद्योगिकी पर संसाधन किट। प्रतिभागियों को भारतीय सांकेतिक भाषा का परिचय दिया गया और विकलांग व्यक्तियों पर एक जागरूकता प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। साथ ही, सीइंग एआई जैसे एआई टूल्स और एडीआईपी योजना जैसी सरकारी पहल की जानकारी दी गई, जिनसे दिव्यांगजनों को स्वतंत्रता और सुविधा मिल सकेगी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063